

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने 27.74 करोड़ खाता धारकों को बड़ी राहत प्रदान की है। ईपीएफओ ने ऑटो क्लेम सुविधा का दायरा बढ़ा दिया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 133 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# मोदी ने तीसरी बार किया नामांकन

● रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले आचार्य गणेश्वर शास्त्री भी प्रस्तावकों में शामिल

**संपत्ति का ब्योरा**

**पीएम मोदी के पास न कार, न खुद का घर: पांच साल में संपत्ति 87 लाख बढ़कर 3.02 करोड़ हुई**



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार पार्टी उम्मीदवार के रूप में मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। वाराणसी सीट पर सातवें एवं अंतिम चरण में 01 जून को मतदान होगा। मंगलवार को सातवें चरण के नामांकन का अंतिम दिन था। प्रधानमंत्री मोदी ने पुष्य नक्षत्र में कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। गंगा सप्तमी पर मां गंगा को नमन करने के बाद प्रधानमंत्री काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के दर पर पहुंचे, वहां उनसे अनुमति-आशीर्वाद लेकर नामांकन किया। मोदी ने सोमवार को काशी विश्वनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की थी। काल-भैरव मंदिर में पूजन और कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने सुबह सबसे पहले दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजन किया। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकट रमन घनपाठी ने गंगा पूजन कराया। गंगा पूजन कराने वालों में तीन पुजारी तमिलनाडु व एक-एक पुजारी आंध्र प्रदेश एवं महाराष्ट्र के रहे। गंगा पूजन के बाद प्रधानमंत्री स्वामी विवेकानंद क्रूज पर दशाश्वमेध घाट से गंगा विहार करते हुए आदिकेशव घाट तक गए, फिर नमो घाट उतरे। नमो घाट से प्रधानमंत्री सीधे काल भैरव के दर्शन-पूजन एवं आरती करने पहुंचे और यहां से कलेक्ट्रेट पहुंचे। मंदिर गेट पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी को अंगवस्त्र भेंट किया और आमजन ने पुष्पवर्षा की। पूरा मंदिर व आसपास का क्षेत्र हर-हर महादेव की गूंज से गुंजायमान हो उठा। प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें आचार्य गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा और दलित समाज के संजय सोनकर शामिल हैं।

## भगवा गढ़ में भगवा माहौल

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो में कई अद्भुत नजारे देखने को मिले। शहर की हृदय स्थली कहा जाने वाला गोदौलिया चौराहा तो देखते ही बन रहा था। पूरे सड़क पर केसरिया पट्टों से सजाया गया। साथ ही रंग-बिरंगी लाइटें व झालर मानो कह रही हों कि आपका हार्दिक स्वागत है। गोदौलिया चौराहे पर बने विशाल मंच पर 251 संस्कृत के बटुकों ने साउंड सिस्टम के द्वारा काफी देर तक वैदिक मंत्रोच्चार का पाठ किया। 101 शंखों के माध्यम से शंखनाद किया और पीएम को विजयी भवः का आशीर्वाद दिया। मंच के व्यवस्थापक भाजपा नेता व विप्र समाज काशी के अध्यक्ष डॉ.पवन शुक्ला ने बताया कि तमिलनाडु से आए दल के 11 सदस्यों ने बड़े-बड़े तुरही (एक अलग प्रकार का वाद्य यंत्र) बजाकर मोदी का स्वागत किया। यहां पर गंगा आरती की भी झलक दिखी। जिसमें सुबह ए बनारस के सात विद्यार्थियों ने आरती की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की आठ फोटो एक्स पर पोस्ट की। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि काशीवासियों का एक ही संकल्प - फिर एक बार, प्रचंड बहुमत के साथ मोदी सरकार...।

# सरकार आते ही कूड़े में फेंक देंगे अग्निवीर योजना: राहुल



**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसी:** लोकसभा चुनाव में जीत का झंडा लहराने के लिए सभी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में मंगलवार को झांसी में समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों का चुनाव हो चुका है, जो साथी जानकार होंगे वो जानते होंगे भाजपा का ग्राफ गिरता जा रहा है। इस बार झांसी के लोग भाजपा की विदाई की झांकी तैयार कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हमारा किसान परेशान हो गया। हमारे किसानों की लूट हो गई, जब किसान खाद की बोरी लेकर के आया, खाद की बोरी से भी चोरी हो गई और जब डीएपी किसान खरीदने गया तो नैनो यूरिया खरीदनी पड़ी। जब भी उत्तर प्रदेश में कोई परीक्षा हुई इनका पेपर रद्द हुआ, जितनी परीक्षा हुई सबके पेपर लीक हुए। हम इंडिया गठबंधन के लोग भरोसा देकर जा रहे हैं 4 जून के बाद सरकार बनने जा रही है, न केवल नौकरी के मौके मिलेंगे, अग्निवीर योजना को समाप्त करेंगे। अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा वालों ने जबरदस्ती लोगों को वैक्सीन लगवा दी, जिन्होंने वैक्सीन लगवाई है उनको दिल की बीमारी जल्दी हो जाएगी। सब दवाईयां महंगी हो गई, गरीबों को इलाज नहीं मिल रहा है। हम गरीबों के लिए राशन की गुणवत्ता बढ़ाएंगे, मात्रा बढ़ाएंगे, और आटा के साथ डाटा भी मुफ्त देंगे।

## देश में करोड़ों लखपति बनाएंगेः राहुल गांधी

**राहुल** ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया। जबकि, यूपीए की सरकार ने किसानों का 72000 करोड़ रुपये कर्ज माफ किया था। बोले कि जब यूपीए की सरकार बनेगी तो जितना कर्ज पीएम ने अरबपतियों का माफ किया है, उतना पैसा गरीबों के खाते में भेजेंगे। महालक्ष्मी योजना के तहत गरीब परिवारों की लिस्ट बनाएंगे। हर गरीब परिवार की एक महिला के बैंक खाते में हर महीने 8,500 हजार रुपए भेजेंगे।

**आदर्श विचार**



"जो व्यवहार आपको दूसरों से अपने लिए पसंद ना हो, ऐसा व्यवहार दूसरों के साथ भी ना करें।"
- भगवत गीता

**मन की बात**



"-जिस प्रकार केवल एक ही बीज पूरे जंगल को पुनर्जीवित करने के लिए पर्याप्त है।"
-विवेकानंद

## जनता के संघर्ष बढ़ा रही भाजपा सरकार: प्रियंका गांधी

**अमेठी:** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में चुनावी सभाओं में भाजपा पर हमला बोला। कहा कि पिछले पांच सालों में यहां एक नई राजनीति आई। स्थानीय सांसद पर हमला बोलते हुए कहा कि उनका एकमात्र मकसद था राहुल गांधी को हराना था न कि जनता की सेवा करना। इसके लिए झूठ बोला गया। कई तरह के आरोप कांग्रेस पर लगाए गए। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज यहां आई तो 20 साल पहले का चुनाव याद आ गया। 1999 का चुनाव याद आ गया। मेरी मां जब चुनाव लड़ीं तो उनके भी मन में वही भाव था जो मेरे पिताजी के मन में था कि अमेठी की सेवा करनी है। जब मैं बचपन में आती थी तो यहां की जमीन सफेद दिखती थी। मैं अपने पिता से पूछती थी कि जमीन सफेद क्यों दिख रही है तो वो कहते थे कि इसमें नमक है।

## 270 सीट लेकर बहुमत प्राप्त कर चुके हैं पीएम मोदी: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के बनगांव में एक जनसभा के दौरान एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि चार चरण के मतदान पूरे हो गए हैं। 380 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। बंगाल में 18 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। आज में बता कर जाता हूं कि 380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। आगे की लड़ाई 400 पार करने की है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी झूठ बोल रही हैं कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए जो भी अर्जी करेगा, उसे तकलीफ आएगी। मतुआ समाज के लोगों को मैं आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई तकलीफ नहीं आएगी। नागरिकता भी मिलेगी और देश में सम्मान के साथ जी भी पाओगे। दुनिया की कोई ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से रोक नहीं सकती, ये नरेन्द्र मोदी का वादा है। उन्होंने कहा कि यहां पर (बंगाल में) कटमनी, घुसपैठ, बम धमाके और सिंडिकेट राज... ममता दीदी नहीं बंद कर सकती हैं, इसे सिर्फ मोदी जी ही बंद कर सकते हैं।

**दावा**

**380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। आगे की लड़ाई 400 पार करने की है**

## वकालत का पेशा कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे से बाहर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि वकीलों को उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में नहीं लाया जा सकता है। मंगलवार को जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि प्रोफेशनल्स को अलग तरीके से देखा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता कोर्ट के एक फैसले को निरस्त करते हुए कहा कि वकीलों को उपभोक्ता संरक्षण कानून की धारा 2(ओ) के तहत उसकी सेवा में कमी का दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी प्रोफेशनल के लिए उच्चस्तरीय शिक्षा, स्किल और मानसिक श्रम की जरूरत होती है। किसी प्रोफेशनल की सफलता के कई कारक होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अधीन लाने वाले इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बनाम वीपी शांतना के फैसले पर दोबारा विचार करने की जरूरत बताई। कोर्ट ने कहा कि प्रोफेशनल्स का काम व्यापार और व्यवसाय से अलग होता है।



## भीमा कोरेगांव मामले में गौतम नवलखा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने भीमा कोरेगांव मामले के नजरबंद आरोपित गौतम नवलखा को जमानत दे दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले के ट्रॉयल में काफी समय लगेगा। कोर्ट ने कहा कि गौतम नवलखा को अपनी नजरबंदी के दौरान सुरक्षा पर आए 20 लाख रुपये का खर्च देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने 10 नवंबर 2022 को गौतम नवलखा को घर में नजरबंद करने का आदेश दिया था।

# ईडी शराब नीति केस में आप को बनाएगी आरोपी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली शराब नीति केस में अब आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जाएगा। ईडी के वकील ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से कहा कि मामले की अगली चार्जशीट में हम ये करेंगे। प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) ने मंगलवार 14 मई को दिल्ली हाईकोर्ट में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ये बात कही। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में सिसोदिया की जमानत का विरोध किया। सिसोदिया के वकील ने कहा कि ईडी और सीबीआई सिर्फ लोगों को गिरफ्तार कर रही है। ट्रायल के दौरान उनसे कोई सवाल नहीं होते। सिसोदिया की 8 मई को हुई पिछली सुनवाई में ईडी और सीबीआई के वकीलों ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से कहा था कि हमें जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय चाहिए। 3 मई की सुनवाई में कोर्ट ने ईडी-सीबीआई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। साथ ही सिसोदिया को बीमार पत्नी सीमा से हफ्ते में एक बार मिलने की परमिशन भी दी थी।

**सिसोदिया को पिछले साल फरवरी में गिरफ्तार किया गया था:** मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को सीबीआई ने करीब 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

**शिकंजा**

**हाईकोर्ट में सिसोदिया की जमानत के विरोध में कहा- अगली चार्जशीट पेश करेंगे**

## थोक महंगाई दर 13 महीने के उच्चतम स्तर पर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** महंगाई के मोर्चे पर आम जनता को झटका देने वाली खबर है। थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में सालाना आधार पर उछलकर 13 महीने के उच्चतम स्तर 1.26 फीसदी पर पहुंच गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि खाने-पीने की चीजों की कीमत बढ़ने से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में 1.26 फीसदी रही है। इससे पहले मार्च 2023 में थोक महंगाई दर 1.34 फीसदी थी। पिछले महीने मार्च में 0.53 फीसदी थी, जबकि फरवरी महीने में 0.20 फीसदी और जनवरी में 0.27 फीसदी रही थी।

## रामदेव-बालकृष्ण अवमानना केस पर फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भ्रामक विज्ञापन केस में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भेजे अवमानना नोटिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। साथ ही दोनों को व्यक्तिगत पेशी से छूट दी है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद को एफिडेविट फाइल करने के लिए 3 हफ्ते का वक्त दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफिडेविट में यह बताएं कि जिन प्रोडक्ट्स का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है, उनका विज्ञापन वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। बेंच ने कहा- बाबा रामदेव का बहुत प्रभाव है, इसका सही तरीके से इस्तेमाल करें। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- रामदेव ने योग के लिए बहुत कुछ किया है। इस पर जस्टिस हिमा कोहली बोलीं- उन्होंने योग के लिए जो किया है वह अच्छा है, लेकिन पतंजलि प्रोडक्ट्स एक अलग मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रेसिडेंट डॉ. आरवी अशोकन से कहा- अभिव्यक्ति की आजादी ठीक है, लेकिन कभी-कभी इंसान को संयमित भी होना पड़ता है। आप सोफे पर बैठकर अदालत के बारे में कुछ भी नहीं कह सकते। अगर दूसरा पक्ष इस तरह की टिप्पणी करता तो आप क्या करते? आप दौड़कर कोर्ट पहुंच जाते। अशोकन ने बिना शर्त माफी मांगी।

दरअसल, 23 अप्रैल की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आईएमए को अपने डॉक्टरों पर भी विचार करना चाहिए।



**सुनवाई**

**आईएमए चीफ ने कोर्ट से माफी मांगी, बेंच ने कहा- सोफे पर बैठकर कुछ भी नहीं बोल सकते**

## यात्री वाहन की बिक्री 1.3 फीसदी बढ़कर 3,35,629 इकाई हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। देश में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 1.3 फीसदी बढ़कर 3,35,629 इकाई पर पहुंच गई है। इससे पिछले साल अप्रैल, 2023 में यह 3,31,278 इकाई रही थी। ऑटोमोबाइल उद्योग निकाय सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने मंगलवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। सियाम के मुताबिक अप्रैल 2023 में कंपनियों से डीलरों तक यात्री वाहनों की डिलीवरी 3,31,278 इकाई थी। उद्योग संगठन सियाम की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 31 फीसदी बढ़कर 17,51,393 इकाई पर पहुंच गई जबकि अप्रैल 2023 में यह 13,38,588 इकाई रही थी। अप्रैल में तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 14.5 फीसदी बढ़कर 49,116 इकाई हो गई।

**घेरा** भतीजे और हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना की अश्लील वीडियो लीक होना एक साजिश

# रेवन्ना की अश्लील वीडियो लीक होना एक साजिश: कुमारस्वामी

**बंगलूरू**

**कर्नाटक** का अश्लील वीडियो कांड काफी विवादों में है। इस बीच जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उनके भतीजे और हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना की अश्लील वीडियो लीक होना एक साजिश है। इसके पीछे कोई बड़ी व्हेल शामिल हो सकती है। कुमारस्वामी का यह कटाक्ष कहीं न कहीं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ था।

**राजनीति से प्रेरित विधायक रेवन्ना की गिरफ्तारी:** प्रज्वल रेवन्ना मामले के बारे में पत्रकारों से बात करते हुए मंगलवार को कुमारस्वामी ने कहा कि वकीलों की दलीलें सुनने पर ऐसा लगा कि विधायक एचडी रेवन्ना की गिरफ्तारी नफरत की राजनीति से प्रेरित थी। पूर्व सीएम ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री देवेगड़ा की प्रतिष्ठा को खराब करने के लिए रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई।

**डीके शिवकुमार ने दी प्रतिक्रिया:** देवेगौड़ा को बदनाम करने की साजिश के लिए विधायक रेवन्ना को गिरफ्तार किया गया, इस सवाल पर उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है।

मुझे भी रेवन्ना लिए दुख हो रहा है। वे जो चाहते हैं उन्हें सोचने दें लेकिन मैं किसी के लिए कुछ भी बुरा नहीं चाहता। मुझे यह पसंद नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे भी बहुत कुछ सहना पड़ा है। बहुत राजनीतिक साजिश का सामना मैंने भी किया है। मैं मजबूती और आत्मविश्वास से भरा हूं। भगवान ने मेरी रक्षा की।

**सशर्त जमानत पर छूटे एचडी रेवन्ना:** महिला के अपहरण मामले में घिरे जेडी-एस नेता एचडी रेवन्ना जेल से बाहर निकल आए हैं। उन पर आरोप था कि उन्होंने एक महिला का अपहरण किया और उसके बाद प्रज्वल ने उस महिला के साथ दुष्कर्म किया।



**आरोप**

**विधायक एचडी रेवन्ना की गिरफ्तारी नफरत की राजनीति से प्रेरित थी: कुमारस्वामी**

## चीन सीमा पर खोले जाएंगे पीएम जन औषधि केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार उत्तर-पूर्वी राज्य सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित करेगी, जिनका संचालन पूर्व सैनिक करेंगे। इसी सिलसिले में भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव ने चीन सीमा पर सिक्किम से लगे क्षेत्रों का दौरा करके पूर्व सैनिकों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का जायजा लिया है। केंद्र सरकार के इस फैसले को पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सुविधा को और अधिक मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव डॉ. नितेन चंद्रा ने सोमवार भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के आउटरीच कार्यक्रम 'समाधान अभियान' के एक हिस्से के तहत सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने पूर्व सैनिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि राज्य सैनिक बोर्ड और जिला सैनिक बोर्डों को पूरे क्षेत्र में सामान्य सेवा केंद्र और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। डॉ. नितेन चंद्रा ने बताया कि सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में खुलने वाले प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का संचालन पूर्व सैनिक करेंगे। उन्होंने गंगटोक में सिक्किम के मुख्य सचिव वीबी पाठक से मुलाकात करके पूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य रोडमैप पर चर्चा की।





**योजना**

**सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में जन औषधि केन्द्रों से पूर्व सैनिकों को मिलेगा फायदा**

# शहरी मंत्री रहते भू माफिया बने पूर्व विधायक: सीएम

## जनता की सेवा नहीं, भूमि में थी पूर्व विधायक की दिलचस्पी: सीएम, वर्तमान सरकार बिना मांगे पूरी कर रही जन अपेक्षाएं: सीएम

**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू गत दिवस को धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी देविन्द्र जग्गी के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार आम लोगों की सरकार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार बिना मांगे ही हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें धरातल पर लागू कर रही है। अनाथ बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना, विधवाओं के 27 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा का खर्च, घर बनाने के लिए उन्हें 3 लाख रुपए की आर्थिक मदद, मनरेगा की दिहाड़ी में 60 रुपए की बढ़ौतरी, 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों को फ्री इलाज तथा दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य वर्तमान सरकार ने दिया है। इसके अतिरिक्त वाल्मीकि समुदाय के सफाई कर्मचारियों को घर बनाने के लिए भी राज्य सरकार तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह पैसा भ्रष्टाचार के दरवाजे बन्द करके कमाया है जबकि पिछली भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रहते जयराम ठाकुर ने खजाना खाली किया और केन्द्र से भी पैसा लाने में नाकाम रहे। उन्होंने कहा कि आपदा में भी भाजपा नेता प्रभावित परिवारों के साथ खड़े नहीं हुए और केवलमात्र राजनीति करते रहे। उन्होंने कहा कि तीन भाजपा सांसदों की प्रधानमंत्री या गृहमंत्री को चिट्ठी लिखकर हिमाचल प्रदेश के



लिए विशेष राहत पैकेज मांगने की हिम्मत तक नहीं हुई। लेकिन वर्तमान सरकार ने अपने संसाधनों से प्रभावित परिवारों के जख्मों पर महलम लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जदरांगल में केन्द्रीय विश्वविद्यालय का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा और राज्य सरकार अपने हिस्सा का पूरा धन जमा करवायेगी। उन्होंने कहा कि शहरी विकास मंत्री रहते स्थानीय विधायक ने गलत ढंग से जमीनें खरीदीं और उनके घपले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक के मन में जनता के लिए कोई पीड़ा नहीं थी और केवल धन का लालच हावी रहा। उन्होंने कहा कि धर्मशाला के लोग विधायक को छोडकर सीधे मेरे पास आते थे क्योंकि उनका दरवाजा नहीं खुलता था। पूर्व विधायक मेरे पास हिमुडा से भूमि अधिग्रहण करवाने के लिए आये और कहा कि सस्ते में खरीदेंगे और मंहगे में बेचेगें। उन्होंने कहा कि वे सबसे बड़े भू माफिया बन गए हैं। उन्होंने कहा कि दस दिन के भीतर भू माफिया का खुलासा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक सेवा के लिए नहीं बल्कि ऐशोआराम के लिए राजनीति में आए हैं। ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के दौरान खरीद.फरोख्त में पूर्व विधायक को दो अटैची मिलीं क्योंकि वह दागियों के सरगना थे।

कुछ पैसा वे धर्मशाला ले आए हैं और कुछ को चुनाव के दौरान बांटा जाएगा। उन्होंने कहा कि पैसा ले लेना और वोट कांग्रेस को ही देना। उन्होंने कहा कि जनता की सम्पदा को लूटकर ही पूर्व विधायक ने 20 करोड़ रुपए का बंगला बनाया है और अब पैसा छुपाने में लगे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता राजनीतिक मंडी में बिकने वालों को सबक सिखायेगी । उन्होंने कहा कि यह चुनाव सीएम या सरकार बचाने का नहीं बल्कि लोकतंत्र को बचाने का है। कांग्रेस सरकार अभी साढ़े तीन साल का कार्यकाल पूरा करेगी और चार जून को ब्लॉकबस्टर फिल्म रिलीज होगीए जिसका दूसरा पार्ट 2027 में आएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सीट से उम्मीदवार आनंद शर्मा और धर्मशाला विधानसभा सीट से प्रत्याशी देविन्द्र जग्गी क्षेत्र की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि कांगडा लोकसभा क्षेत्र के लोगों को देशभर में उनके हक उठाने की आवाज मिलेगी, जिसकी हर चिट्ठी पर सरकार गौर करती है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री के तौर पर उन्होंने हिमाचल प्रदेश को बहुत कुछ दिया है और केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार में उन्हें मंत्री पद मिलेगा।

# मुद्दों की कसौटी पर सुरेश कश्यप हर फील्ड में उतरे हैं खरे: सुखराम चौधरी

**एसपी जैरथ**

**नाहन: शिमला** पार्लियामेंट्री सीट पर प्रत्याशी के पर्चा भरने के साथ ही भाजपा दिग्गजों ने प्रचंड प्रचार भी शुरू कर दिया है। भाजपा ने प्रचार में जहां मोदी के नाम की नाव में प्रत्याशी को उतारा हुआ है तो वहीं 100 फीसदी एमपी फंड का यूटिलाइजेशन और मुद्दों की राजनीति पर सुरेश कश्यप को जनता के दरबार में खरा उतारा जा रहा है। अच्छी बात तो यह है कि इस बार सुरेश कश्यप की जीत को सुनिश्चित बनाने के लिए दो बड़े फील्ड मार्शल रणनीति में शामिल किए गए हैं। जिसमें पूर्व मंत्री व पांवटा साहब के विधायक सुखराम चौधरी जिन्हें शिमला पार्लियामेंट्री क्षेत्र चुनाव प्रभारी बनाया गया है। साथ ही विधायक बलबीर वर्मा को संयोजक नियुक्त किया गया है। पांचो



विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष से लेकर पन्ना प्रमुख तक दिन में तीन बार फीडबैक लिया जा रहा है। बड़ी बात तो यह है कि इन दोनों फील्ड मार्शल के द्वारा चुनावी रणनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ सुरेश कश्यप के द्वारा किए गए कार्यों और मुद्दों के समाधानों पर मतदाता का विश्वास सुनिश्चित किया जा रहा है। चुनाव प्रभारी सुखराम चौधरी का कहना है कि सुरेश कश्यप के प्रयासों से ही गिरी पार क्षेत्र का ट्राइबल दर्जे का कांग्रेस द्वारा हास्य पर रखा गया मुद्दा भी जिंदा किया गया है। सुखराम चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता को हाटियों का दर्जा दिलाकर लाखों लोगों का दिल भी जीता है। सुखराम चौधरी ने जीत के दावे की कसौटी पर 7000 करोड़ के रेणुका बांध, 45 करोड़ के भगानी नावघाट ब्रिज और सडक, 1426 करोड रुपए के बद्रीपुर से हाटकोटी हाईवे, करोड़ों रुपए के आईआईएम सहित एमपी फंड का 100 फीसदी 17 विधानसभा क्षेत्र में लगाया जाना खरा उतरा है। सुखराम चौधरी का कहना है कि एमपी फंड का संसद के द्वारा एक समान दृष्टिकोण से बगैर किसी भेदभाव के खर्चा गया है।

## जिला संयोजक हरीश चन्द्र गौतम ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** भाजपा चुनाव प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हरीश चन्द्र गौतम ने चुनाव प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जगदीश चन्द्र शर्मा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल से चर्चा करने के उपरांत जिला सह संयोजक और सह संयोजकों की नियुक्तियां कर दी है। जिला संयोजक हरीश चन्द्र गौतम ने बताया कि चेतन कपूर एवम विजय परमार कुल्लू भाजपा जिला चुनाव प्रकोष्ठ के सह संयोजक होंगे। कुल्लू भाजपा मंडल से प्रयाग कात्यायन संयोजक, भानू भण्डारी व तरुण सोनी को सह संयोजक बनाया है। मनाली भाजपा मंडल से बरुण



ठाकुर संयोजक एवं रविंद्र ठाकुर को सह संयोजक बनाया गया है, बंजार भाजपा मंडल से तिलक राज संयोजक एवं संजीव नेगी को सह संयोजक बनाया गया है इसी प्रकार आनी भाजपा मंडल से सुनील बर्मा को संयोजक तथा लोकेश शर्मा को सह संयोजक बनाया गया है।

## सराज की जनता ने सर आंखों पर बिठाया अपने अजीज नेता को

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं मौसम के बदलाव के साथ-साथ राजनीतिक गलियारों में भी पारा बढ़ता जा रहा है। आज मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने अपना नामांकन पत्र भरा तो वहीं पर नेता प्रतिपक्ष के गृह क्षेत्र में कांग्रेस के लोकप्रिय नेता निवर्तमान लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री एवं मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह का सिराज विधानसभा क्षेत्र के छतरी में वहां की जनता ने ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। विक्रमादित्य सिंह के आगमन पर सिराज की जनता में कांग्रेस के प्रति जुनून सर चढकर बोल रहा था लोगों का अपार समूह देख विक्रमादित्य सिंह भी बहुत खुश नजर आ रहे थे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे तो मैं हिमाचल विधान सभा में ग्रामीण शिमला से विधायक हूं और प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री के पद पर प्रदेश की सेवा कर रहा हूं। मगर हाई कमान ने मुझे मंडी की सेवा के लिए केंद्र की राजनीति में जाने के आदेश दिए हैं। मैंने हमेशा ही हाई कमान का आदेश सहर्ष स्वीकार किया है। मंडी संसदीय क्षेत्र से मेरे पिताजी स्वर्गीय वीरभद्र सिंह और निवर्तमान सांसद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का बहुत नजदीकी रिश्ता रहा है। मैं भी उन्हीं के बताए नक्शे कदमों पर चल रहा



**भव्य स्वागत**

**▶▶ विक्रमादित्य सिंह का सिराज विधानसभा क्षेत्र के छतरी में वहां की जनता ने ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया**

हूं और मंडी की जनता का मुझे बहुत ही प्यार मान सम्मान मिल रहा है। आप लोगों का जोश देखकर मैं निश्चित तौर पर कह सकता हम बहुत अच्छे मार्जिन से मंडी की सीट पर विजय प्राप्त करेंगे और केंद्र में हिमाचल और मंडी का पक्ष बहुत जोरदार ढंग से रखेंगे। मंडी संसदीय क्षेत्र को देश में अव्वल संसदीय क्षेत्र बनाना मेरा लक्ष्य है। उन्होंने सराज की जनता का तहे दिल से आभार प्रकट करते हुए कहा जितना जोश आप लोगों में दिख रहा है इसमें कोई दो राय नहीं आज आप हमारी विजय का श्री गणेश यहीं से कर रहे हैं आप लोगों का जोश देखकर विरोधियों की हौसले भी पस्त हो गए हैं।

## मेरा वोट मेरा भविष्य थीम पर मैराथन 19 मई को

**हामिद**

**चंबा:** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत जिला चम्बा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित बनाने के उद्देश्य से 19 मई को जिला मुख्यालय में मैराथन का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चम्बा मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित होने वाली यह मैराथन मेरा वोट मेरा भविष्य थीम पर आधारित होगी। यह मैराथन चम्बा मिलेनियम गेट से आरंभ होगी। प्रतिभागी करीयां स्थित वन विभाग की चैक पोस्ट तक जाकर वापिस मिलेनियम गेट पहुंचेंगे, जहां मैराथन संपन्न होगी। इस मैराथन में

**आयोजन**

**▶▶ लोगों की भागीदारी सुनिश्चित बनाने के उद्देश्य से 19 मई को जिला मुख्यालय में मैराथन का आयोजन किया जाएगा**

16 वर्ष आयु से अधिक के प्रतिभागी पुरुष व महिला श्रेणी में भाग ले सकते हैं। दोनों श्रेणियों के शीर्ष तीन विजेताओं को क्रमशः 3000,2000 और 1000 रूपए तथा पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को भी पदक देकर सम्मानित किया जाएगा।

## रविता चौहान ने देवीनगर पाठशाला में जागरुकता शिविर आयोजित किया

**एसटी जैरथ**

**नाहन:** गत दिव को रविता चौहान, काउंसलर महिला वन स्टाप सेंटर, सिरमौर द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला देवीनगर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर के दौरान महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी संपूर्ण दी गई व हिंसा से जूझ रही महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर में अल्पकालिक आश्रय, मनोसामाजिक परामर्श, वैधिक परामर्श, पुलिस सहायता, चिकित्सा सुविधा, वैधिक सहायता इत्यादि आवश्यकतानुसार उपलब्ध करवाई जाती है ताकि वे लाभान्वित हो सके। काउंसलर द्वारा महिला हेल्पलाइन नंबर 181 व चाइल्ड




हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जानकारी दी गई व कहा गया कि हिंसा से प्रभावित महिलाएं व बालिकाएं आपात्कालिन व गैर-आपात्कालिन परिस्थियों में सहायता के लिए दिए गए नंबरों पर कॉल कर सकती है व उनकी सुरक्षा एवं सम्मान को ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा दी गई जानकारी को पूर्ण तरीके से गोपनीय रखा जाता है। रविता चौहान द्वारा बच्चों को स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीके, समानता के अधिकारएना कहने की आदत, अपनी बात कहने की आदत, व बाल यौन शोषण के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया।

## कुल्लू में आठ ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**कुल्लू**

**थाना** कुल्लू के अंतर्गत पुलिस ने हेरोइन तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पुलिस द्वारा पूरी की जा रही है। नशा तस्करी का मामला सोमवार देर शाम उस दौरान सामने आया जब पुलिस दल कुल्लू मुख्यालय स्थित गौड़ निवास के समीप गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को दबोच लिया जिसके कब्जे से पुलिस ने 8 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस अधीक्षक डॉ कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस ने आरोपी खूब राम (39) पुत्र चेत राम निवासी गांव कतमोरी डाकघर उर्टू तहसील निरमंड जिला कुल्लू के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# मोबाइल पोलिंग पार्टियोंके मूवमेंट, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर सेक्टर अधिकारियोंके साथ की बैठक

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर 28 नाचन अ.जा. विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र और दिव्यांग जन मतदाताओं के मतदान व पोलिंग पार्टियों के मूवमेंट, आदर्श आचार संहिता अनुपालन पर सेक्टर अधिकारियों के साथ एसडीएम व सहायक निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी 14 सैक्टर ऑफिसर को उनके सेक्टर के अंतर्गत आने वाले पोलिंग बूथ पर 85 वर्ष व इस उम्र से अधिक और दिव्यांग जन मतदाताओं के मतदान का विवरण सेक्टर ऑफिसर को दिया गया और



सेक्टर ऑफिसर को निर्देश दिए की उनके द्वारा मोबाइल पोलिंग पार्टी के मूविंग की प्लानिंग का ब्यौरा या उनके मोबाइल पोलिंग पार्टी के द्वारा 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र और दिव्यांग जनों के प्रतिदिन करवाए जाने वाले मतदान का ब्यौरा सहायक निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें। एसडीएम के द्वारा उन्हें बताया गया कि 21 मई से मोबाइल पोलिंग पार्टी मतदान करवाने के लिए जाएगी व उन्हें पांच दिन मतदान करवाने के लिए दिए जाएंगे और दो दिन रिजर्व में रखे जाएंगे।

एसडीएम के द्वारा सभी सेक्टर ऑफिसर को उनके सेक्टर में आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए और उन्हें कहा गया कि सेक्टर ऑफिसर चुनाव रैलियों के दौरान इस्तेमाल की जा रही प्रचार सामग्री की मात्रा पर भी नजर रखें यदि इसमें आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत सहायक रिटर्न अधिकारी कार्यालय में देना सुनिश्चित करें।

# विधायक आशीष ने किया कौहीं गांव से बूथ विजय महा जनसम्पर्क यात्रा का शुभारम्भ

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** विधानसभा क्षेत्र सदर से विधायक आशीष शर्मा ने मंगलवार को बमसन सेक्टर के कौहीं गांव से बूथ विजय महा जनसम्पर्क यात्रा का शुभारम्भ किया। इस दौरान सेक्टर प्रभारी पुरषोत्तम ठाकुर, विस्तारक पूर्ण नगरकोटी, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अजय शर्मा सहित विभिन्न बूथों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान घर-घर जाकर स्टिकर लगाकर सभी को पंफ्लेट्स बांटे गए व केंद्र सरकार की उपलब्धियों से अवगत करवाकर अनुराग ठाकुर के पक्ष में मतदान



कर देश में सशक्त सरकार बनाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने अपने कार्यकाल में संसदीय क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास करवाया है। चाहे एम्स की बात हो या फोरलेन की, उन्होंने बड़ी-बड़ी परियोजनाएं लाकर जनता को सुविधाएं दी हैं। आज देश पांचवीं सबसे भी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। इस बार देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी तो देश पहली तीन सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्थाओं में शामिल होगा।

इस दौरान लोगों में भी खासा उत्साह भाजपा के प्रति देखा गया और हर घर से कम से कम एक व्यक्ति इस महा जनसम्पर्क अभियान में शामिल हुआ। गांव के सभी लोगों ने एक स्वर में भाजपा के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। इस मौके पर ग्राम केंद्र अध्यक्ष सतीश चौहान, बूथ अध्यक्ष शकुंतला ठाकुर, कैप्टन विजय कुमार, ओपी धीमान, रविन्द्र सकलानी, कृष्ण लाल, सुदर्शना कुमारी, मदन लाल, गिरधारी लाल, संदेश, सुमन कुमार, मंजीत, दलजीत, रोहित सहित अन्य मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का मान नहीं करते सिरमौर के अधिकारी व नेता: नाथूराम

**एसपी जैरथ**

**नाहन: यदि** जिला प्रशासन द्वारा खनन माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में नहीं लाई तो मजबूरन खतवाड़ गांव के ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करना पड़ेगा। यह बात जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित पत्रकार वार्ता में खतवाड़ गांव के ग्रामीणों ने कहीं। ग्रामीणों में सतपाल सिंह, अतर सिंह, मदन सिंह, सचिन, चतर सिंह, शेर सिंह, विशाल सिंह, अर्जुन, पंकज, कल्याण और उदय सिंह आदि ने बताया कि खनन विभाग द्वारा प्रधान सचिव उद्योग आरडी नजीम की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी के इंस्पेक्शन रिपोर्ट को भी दरकिनार

**बहिष्कार**

**▶▶ गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो ग्रामीण एक जून को होने वाले चुनाव का बहिष्कार करेंगे**

कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि हाई पावर कमेटी द्वारा बनौर स्थित जेएसटी की डिस्पैच होने वाली कंस्ट्रक्शन एक्टिविटीज को तुरंत प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके भी डिस्पैच बंद नहीं करवाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने कई मर्तबा जिला प्रशासन तथा खनन



विभाग को भी शिकायतें दी है, लेकिन खनन माफिया की ऊंची पहुंच के चलते कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। ग्रामीणों ने कहा कि खनन माफिया द्वारा खदान से डंप गिराया जा रहा है, वह ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बनोर स्थित जेएसटी और बीएसएसआर मीनिंग ओनर द्वारा खनन से निकलने वाले बेस्ट को सरकारी भूमि पर डाला जा रहा है, जिसके चलते न केवल ग्रामीणों की उपजाऊ जमीन बर्बाद हो गई है, बल्कि पानी के प्राकृतिक स्रोत भी खत्म हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में लगातार मीनिंग गतिविधियां चल रही है और माइनिंग ओनर द्वारा मीनिंग का मलवा सरकारी भूमि पर गिराया जा रहा है जिसके चलते भूस्खलन का खतरा पैदा हो गया है। मीडिया से रूबरू हुए ग्रामीणों ने बताया कि इस बाबत कई शिकायतें खनन विभाग को दी गई है। बावजूद इसके भी खनन माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाती है। उन्होंने इसका सीधा आरोप जिला खनन अधिकारी पर लगाया। उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के दखल के बाद जो निर्देश खनन अधिकारी को दिए गए थे उसकी पालना खनन अधिकारी द्वारा नहीं की गई और लगातार अवैध डंपिंग का सिलसिला वह दस्तूर जारी है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते इन गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो ग्रामीण एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

# वन विभाग ने अवैध माइनिंग पर वसूला 7,500 रुपए जुर्माना

**एसपी जैरथ**

**पांवटा साहिब:** नदियों में चल रहे अवैध माइनिंग के धंधे पर वन विभाग ने बड़ी कार्यवाही की है। वन विभाग कोलर रेंज के रेंज ऑफिसर महेंद्र सिंह और उनकी टीम ने शुनकर खड्ड में हो रहे अवैध खनन की मिली सूचना के आधार पर अचानक दबिश दी। मौके पर टिप्पर संख्या एचपी 17डी 5263 खड्ड से अवैध माइनिंग कर रहा था। वन विभाग की टीम को देखकर टिप्पर चालक ने भागने की कोशिश की। वन विभाग के अधिकारी और उनकी टीम ने अपनी जान को जोखिम में डालकर टिप्पर को चालक सहित अपने घेरे में ले




लिया। रेंज ऑफिसर महेंद्र सिंह ने अवैध मिनरल से भरे टिप्पर को कब्जे में लेते हुए उसे पर 75,00 का जुर्माना किया। मौके पर जुर्माना वसूलकर टिप्पर को रिलीज कर दिया। वन विभाग के अधिकारी ने अवैध खनन करने वाले चालक को चेतावनी भी। उन्होंने कहा कि यदि फिर से इस वन अधिकार क्षेत्र में अवैध माइनिंग करते हुए पाए गए तो गाड़ी को इंपाउंड कर कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# 2024 का चुनाव देश के संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनावः इंडिया महागठबंधन



**चमन शर्मा**

**शिमलाः** देश में 4 जून को इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगा। अब तक हुए चार चरणों के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा पार कर चुका है। यह बात शिमला में आयोजित इंडिया गठबंधन की एक संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान कैबिनेट मंत्री व शिमला संसदीय सीट चुनाव प्रभारी रोहित ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह देश की दिशा और दशा को बचाने की महत्वता रखने का चुनाव है इसलिए देश की जनता को एकजुट होकर इंडिया गठबंधन की सरकार को सत्ता में लाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर वोट का विभाजन न हो इसलिए इंडिया गठबंधन का निर्माण किया गया है जो 2024 में भाजपा के खिलाफ लोकसभा का चुनाव लड़ रहा है। रोहित ठाकुर ने कहा कि अब तक हुए लोकसभा के चार चरणों में इंडिया गठबंधन का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 और 2019 में की गई घोषणाएं धरातल पर नहीं दिखी है जिससे आहत होकर देश की जनता भाजपा को सत्ता से बेदखल करना चाहती है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की देव तुल्य जनता जनार्दन कांग्रेस के प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद देगी जिसमें इंडिया गठबंधन के सभी मुख्य घटक दल मुख्य भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा ने प्रदेश सरकार को ऑपरेशन लोटस के तहत गिरने का प्रयास किया था उसका परिणाम अब 4 जून को दिखाई देगा। रोहित ठाकुर ने कहा कि यह चुनाव नैतिकता व अनैतिकताए सच्चाई व बुराई और धनबल व जनबल का होगा जिसमें जनबल जीतेगा प्रदेश के चुनाव में यह प्रमुख मुद्दा बन चुका है और जनता भाजपा की गंदी मानसिकता का मुंहतोड़ जवाब देगी।

**निशाना साधा**

**▶▶ देश की जनता को एकजुट होकर इंडिया गठबंधन की सरकार को सत्ता में लाना होगाः रोहित ठाकुर**

**आजादी के बाद यह साधारण चुनाव नहीं असाधारण चुनाव**

**रूराकेश सिंघाः** इंडिया गठबंधन के सहयोगी माकपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक राकेश सिंह ने कहा कि आजादी के बाद यह साधारण चुनाव नहीं बल्कि असाधारण चुनाव है। जहां दो दो राज्यों के मौजूदा मुख्यमंत्री को पीएम मोदी ने संविधान के विरुद्ध कार्य करते बुरे के माध्यम से जेल के अंदर भेजा है। ऐसा इतिहास में पहली बार हुआ है।

# दसवीं की परीक्षा में अन्वी कलरा ने पाया प्रथम स्थान




**हामिद**

**चंबा** : डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा की अनवि कलरा ने कक्षा दसवीं में 97.2 प्रतिशत अंक लेकर हासिल किया प्रथम स्थान। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिया गया। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा के छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षा दसवीं में कुल 157 विद्यार्थी थे। 26 विद्यार्थियों ने 90: से ऊपर अंक हासिल किए।जिसमें 10वीं की अनवि कालरा ने 97.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्शिया ने 96.6: अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर सप्रिहा शर्मा ने 96: अंक हासिल किए। चौथे स्थान पर निष्ठा ठाकुर ने 95.6: अंक, पांचवें स्थान पर एकांश शर्मा ने 95.4: अंक, छठे स्थान पर अविका ने 94.8 :अंक, सातवें स्थान पर स्तव्या विज नए 94.6: एआठवें स्थान पर शायना ठाकुर, अर्जुन जंद्रोटिया, महिमन बोरा ने 94.4: अंक, नवें स्थान पर अनंत श्री चौना ने 94 : अंक तथा दसवें स्थान पर राइमा वर्मा ने 93.6: अंक, 11वें स्थान पर यादवी ठाकुर ने 93.4: अंक, 12वें स्थान पर सोनम ने 93.2 : अंक, 13वें स्थान पर अविशा ठाकुर, दविजा बड़ोत्रा, नील माधव वैद ने 93 : अंक, 14वें स्थान पर पुनीत शर्मा ने 92.4: अंक, 15वें स्थान पर ध्रुविका ठाकुर ने 92:, 16वें स्थान पर समायरा ने 91.8 प्रतिशत, 17वें स्थान पर निष्ठा पठानिया ने 90.8 प्रतिशत, अथर्व गुप्ता ने 18वें स्थान पर 90.8:, 19वें स्थान पर खुशबू ठाकुर और सुपर्णा बेहराने 90.2: तथा 20वें स्थान पर भौमिक ठाकुर ने 90: अंक हासिल किये विद्यालय के इन होनहारों की इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के उपाध्यक्ष केके महाजन, विद्यालय के प्रबंधक व सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एचपी जॉन एफ . नमित शर्मा, विद्यालय के प्रबंधक अतुल महाजन तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया ने सभी बच्चों, अभिभावकों व विद्यालय के समस्त अध्यापक वर्ग को हार्दिक बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय विद्यालय एनएचपीसी सैंज के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा मे सफ लता के झंडे गाड़े




**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** गत दिवस को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं व बारहवीं के परिणाम घोषित किये गए जिसमे केंद्रीय विद्यालय सैंज के दसवीं व बारहवीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्राचार्या विनीता परशीरा ने जानकारी देते हुए बताया की सत्र 2023-24 में दसवीं में कुल 40 बच्चों ने व बारहवीं विज्ञान एवं वाणिज्य में कुल 17 विद्यार्थियों ने परीक्षाएं दीं जिसमे सभी विद्यार्थी अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। जुलाई माह में बाढ़ के कारण विद्यार्थियों के पढ़ाई में बाधा आयी थी, वाबजूद इसके विद्यार्थियों एवं अध्यापको के मेहनत से विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। दसवीं में सक्षम चौहान ने 94.8: अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अपर्णा ने 86.2: अंको के साथ दूसरा व निकिता महंत 85.2: प्रतिशत अंको के साथ तीसरे स्थान पर रही द्य बारहवीं विज्ञान में संध्या ने 87: अंको के साथ प्रथम व समीक्षा ने 82.8: के साथ दूसरा स्थान व याना गुलेरिया ने 82.6: अंको के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य में मृणल 85.5: प्रतिशत अंको के साथ प्रथम रहीं व संचिता ने 85: अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया तथा लसीका 79.8: के साथ तीसरे स्थान पर रही। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं अभिभावकों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के द्दढ संकल्प और कड़ी मेहनत का परिणाम है। जिसके कारण आज समस्त विद्यालय गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफ लता के पीछे शिक्षकों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों के प्रेरणादायक मार्गदर्शन और अथक परिश्रम से हमारे छात्रों ने एक बार फि र सफ लता की शिखर पर चढ़ाई की है। शिक्षकों का योगदान हमेशा मूल्यवान रहेगा। समस्त विद्यालय की तरफ से शिक्षकों के सहयोग और समर्थन के लिए हार्दिक बधाई। अभिभावकों के बिना शिक्षण कार्य अधूरा होता है। समस्त अभिवावकों को बेहतरीन परिणाम के लिए शुभकामनाएं। प्राचार्या विनीता परशीरा ने विद्यालय प्रबंधन समिति एन.एच.पी.सी. लिमिटेड का भी सदैव सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### मैडीकल कॉलेज टांडा में पहली बार टांग के रास्ते डाला हृदय का वाल्व



**विजय समयाल**

**कांगड़ाः** प्रदेश में पहली बार एक व्यक्ति को टांग के रास्ते से हृदय का वाल्व डाला गया। इस बात की जानकारी देते हुए डॉ. राजेंद्र प्रसाद मैडीकल कालेज के हैड ऑफ कार्डियोलॉजी डॉ. मुकुल भारद्वाज ने बताया कि 78 साल के व्यक्ति, जिसे चलने के बाद सांस लेने में दिक्कत आ रही थी और छाती में दर्द हो रही थी, गंभीर अवस्था में टांडा जांच के लिए आया। टांडा में डाक्टरों की टीम ने पाया कि खून ले जाने वाली धमनी खराब व बंद हो चुकी है। इस उम्र में ओपन हार्ट सर्जरी करना बड़ा खतरनाक था। डा. मुकुल भटनागर प्रोफैसर एंड हैड ऑफ कार्डियोलॉजी व डा. अभूदेव शर्मा के नेतृत्व में जांच कर निर्णय किया गया कि टांग की एक खून की नाली के रास्ते से ऑप्रेशन करके हार्ट का खराब वाल्व बदला जाए जिसे डाक्टरों की टीम ने बड़ी मेहनत से बदलने में सफ लता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस प्रकार का होने वाला यह प्रथम सफल ऑप्रेशन है।

# नविता पुंडीर ने नर्सिंग ऑफिसर बनकर पूरा किया सपना



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** जिले के कोल डैम क्षेत्र में स्थित कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट नेहर हरनोड़ा की छात्रा नविता पुंडीर ने अपना नर्सिंग ऑफिसर बनने का सपना पूरा किया है। नविता पुंडीर कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट की 2022 बैच की छात्रा रही है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट संस्थान को दिया हैं। कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट संस्थान की निदेशिका अंजना ठाकुर व प्रधानाचार्य नम्रता नेगी ने बधाई देते हुए इसे इंस्टीट्यूट के लिए एक मिसाल बताया तथा कहा कि प्रशिक्षुओं ने लगातार एकाग्रता से अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दिया और अपने लक्ष्य को हासिल किया है। नविता पुंडीर जिले के कोठीपुरा के पांडगल गांव के जयपाल पिता व माता जगतम्बा की बेटी है। गरीब होते हुए भी नविता के माता पिता ने उसे पढ़ाकर आज सपना पूरा किया है। नविता पुंडीर का मिलिट्री हॉस्पिटल गुवाहाटी असम में बतौर नर्सिंग ऑफिसर नाम अंकित करना भी कोल वैली नर्सिंग संस्थान के लिए गर्व की बात है। संस्थान ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना व निरंतर आगे बढ? का आशीर्वाद दिया है। बता दें बीते वर्ष भी कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट की

# सूत्रधार कला संगम की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः सूत्रधार** कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी बैठक सूत्रधार भवन के कार्यालय में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी जून माह में होने वाले 47वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के सफल आयोजन हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बतलाया कि अपने विगत 47 वर्षों के इतिहास में सूत्रधार कला संगम कुल्लू ने कला संस्कृति के क्षेत्र में कई बार हिमाचल प्रदेश व भारत वर्ष के विभिन्न प्रान्तों सहित विदेशों में अपनी प्रस्तुतियों से अनेक आयामों को स्थापित किया है। संस्था का मूल उदेश्य उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, समाज सेवा तथा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है। इसी प्रयास के अंतर्गत संस्था द्वारा वर्ष भर में गीत-संगीत, लोककला, नाटक तथा आधुनिक नृत्य व समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता है। इसी कड़ी में सूत्रधार कला संगम कुल्लू हर बार की भांति आगामी जून माह में स्थानीय निजी व सरकारी पाठशालाओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन 18 जून से 21 जून 2024 तक कुल्लू के ऐतिहासिक लाल चन्द प्रार्थी कलाकेन्द्र व देवसदन कुल्लू में करवाने जा रही है, जिसमें लोकनृत्य, समूह नृत्य, लघुनाटक, प्रिंसेस सूत्रधार, समूहगान, लोक गीत, फि ल्म गीत तथा फैंसी ड्रेस की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इस सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव में स्थानीय पाठशालाओं की प्रतियोगिताओं के अलावा संस्था के कलाकारों द्वारा भी अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएगी। बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन सहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष यनिन्द्र कपूर, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिन्दर सिंह, भण्डार प्रभारी तिलक राज चौधरी, सचिव प्रदीप कपूर, मोनिका सागर, यशोदा शर्मा व हितेश कुमार गोगी, लोकनृत्य प्रभारी सीमा शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य सुदेश कुमार व भारत भूषण आचार्य, विशेष आमंत्रित सदस्य पं. विद्या सागर, आमंत्रित सदस्य सनी व संजय, प्रबन्धक उत्तम चन्द व सहयोगी पवन कुमार उपस्थित रहे।

# प्रबोध सक्सेना ने वाईब्रेंट डेमोक्रेसी कार्यक्रम की अध्यक्षता की



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार प्रबोध सक्सेना ने गत दिवस को जिला निर्वाचन विभाग द्वारा (स्वीप) सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत आयोजित वाईब्रेंट डेमोक्रेसी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मतदाताओं का आह्वान किया कि वे लोकतंत्र के राष्ट्रीय पर्व 1 जून को मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि कुल्लू का मतदान प्रतिशत हर चुनाव में अच्छा रहा है तथा इस बार 2024 के आम चुनाव में हम सभी न केवल प्रदेश में बल्कि देश भर में मतदान प्रतिशत में अग्रणी रहना है। उन्होंने कहा कि हम सभी पात्र नागरिकों को जहां मत देने का अधिकार प्राप्त है वही हम सब ही का यह दायित्व भी बनाया है कि हम अपने इस मताधिकार का निर्वहन सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने जिला प्रशासन कि स्वीप के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए किये जा रहे कार्यक्रमों व गतिविधियों कि सराहना करते हुए कहा की इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आयेंगे व जिले में पूर्व चुनाव की अपेक्षा लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत और बढ़ेगा। उन्होंने इस अवसर धर्मेंद्र शर्मा द्वारा तैयार किया गया मतदाता जागरूकता गीत वोट देंदे जाना ० वीडियो संदेश का भी विमोचन किया।

उन्होंने लोकतंत्र की मशाल यात्रा का शुभारंभ कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था कहा की लोकतंत्र की मशाल यात्रा जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने में सहायक सिद्ध होंगे।

# देश का संविधान और लोकतंत्र बचाने का है यह चुनावः रोहित ठाकुर

**शिमला**

**राज्य** के कैबिनेट मंत्री व शिमला संसदीय सीट चुनाव प्रभारी रोहित ठाकुर ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का है। यह देश की दिशा और दशा को बचाने की महत्वता रखने का चुनाव है। अब तक हुए चार चरणों के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा पार कर चुका है। 4 जून को इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगा। कैबिनेट मंत्री व शिमला संसदीय सीट चुनाव प्रभारी रोहित ठाकुर मंगलवार को शिमला में आयोजित इंडी गठबंधन की संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर वोट का विभाजन न हो इसलिए इंडी गठबंधन का गठन किया गया है।

# प्राइमरी विंग साई ब्राह्मणा स्कूल के बच्चों को वितरित की पाठ्य सामग्री



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः अल्ट्राटेक** सीमेंट कंपनी लिमिटेड, बागा सीमेंट वर्क्स-बागा के इकाई प्रमुख नीतेश निराला ने रावमापा साई ब्राह्मणा का दौरा किया। उनके साथ कंपनी के प्रशासन एवं सुरक्षा विभागाध्यक्ष पीयूष रंजन शुक्ला, अनुभाग प्रमुख बिन्नी ठाकुर, कनिष्ठ अधिकारी मनोज कुमार एवं सुजाता कुमारी भी उपस्थित रहे। इकाई प्रमुख नीतेश निराला ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला साई ब्राह्मणा की पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को जादुई स्लेट, प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को अभ्यास पुस्तिकाएं व लेखन सामग्री तथा चार्ट इत्यादि भेंट किए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला-साई ब्राह्मणा के अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के साथ चर्चा में उन्होंने माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए आजीविका परामर्श एवं मार्गदर्शन पर बल दिया। उन्होंने अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फ उंडेशन की ओर से पाठशाला को भेंट किए गए कंप्यूटर्स तथागत वर्ष फाउंडेशन द्वारा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत लगाए गए पौधों का निरीक्षण भी किया। निराला ने विद्यालय में संचालित की जा रही शैक्षिक और गैर-शैक्षिक गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फ उंडेशन पूर्व की तरह भविष्य में भी इस पाठशाला में अधोसंरचना विकास में अपना भरपूर योगदान देती रहेगी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला-साईब्राह्मणा के प्रधानाचार्य राकेश पाठक ने नीतेश निराला एवं उनके साथ उपस्थित अन्य पदाधिकारियों का विद्यालय के विकास में योगदान, गत वर्ष अधोसंरचना विकास के अंतर्गत डेस्क, अलमारियां पुस्तकालय पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें, स्पोर्ट्स किट आदि भेंट करने के लिए आभार व्यक्त किया।

**दौरा किया**

**▶▶ प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को अभ्यास पुस्तिकाएं व लेखन सामग्री तथा चार्ट इत्यादि भेंट किए।**

# अनुराग को मिली जिला कांग्रेस वॉर रूम की जिम्मेदारी



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** जिला कांग्रेस की सोमवार को कांग्रेस कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अहम मसलों को लेकर चर्चा की गई। वहीं, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के अलावा अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रचार करेंगे। प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में घर-घर जाकर लोगों को जानकारी दी जाएगी। बैठक में सरपाल ठाकुर, प्रवीण शर्मा, डीआर भाटिया, देशराज ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में पाए जाने के चलते प्रेस सचिव को पद से हटाया गया है। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस की ओर से राजकुमार को नए प्रेस सचिव के तौर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा जिला कांग्रेस की ओर से एक और तैनाती की गई है। जिला कांग्रेस कांग्रेस महासचिव अनुराग पंडित को जिला कांग्रेस वॉर रूम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि यदि अन्य कोई भी पदाधिकारी इस तरह की कोताही करता है, तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से आह्वान किया है कि कांग्रेस पार्टी के पक्ष प्रचार करें। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान ने कहा कि इस बार कांग्रेस द्वारा यह रणनीति तैयार की गई है कि बड़ी-बड़ी रैलियां करने के बजाए जमीन स्तर पर लोगों के बीच जाकर यह बताया जाए कि यह धनण्बल बनाम जनण्बल है। क्योंकि छह बागी विधायकों ने पैसे का खेल खेलकर प्रदेश के विकास में रोड़ा अटाकर कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर इस सारे खेल के लीडर थे, जिसमें वह पूरी तरह से असफ ल साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह साजिश थी कि कांग्रेस पार्टी को विधानसभा में अस्थिर करो, ताकि वह लोकसभा चुनाव में ध्यान न दे पाए। लेकिन अब यह उल्टा हो गया है।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने साइक्लिंग एक्सपीडिशन को रवाना किया




**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शिमलाः लोकसभा** चुनाव-2024 एवं विधानसभा उप-चुनाव के मद्देनज? मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शिमला से काजा तक 14 से 20 मई, 2024 तक आयोजित साईक्लिंग एक्सपीडिशन का शुभारंभ आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने ऐतिहासिक रिज से रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह सात दिवसीय साईक्लिंग एक्सपीडिशन शिमला से होकर लाहौल-स्पीति में स्थित विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केन्द्र टाशीगंग (15256 फ ीट) तक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि साईक्लिंग रैली में 6 लोग हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें से स्टेट इलेक्शन आइकन जसप्रीत पॉल एवं उनके साथी क्षितिज शिमला से टाशीगंग जाएंगे तथा अन्य 4 साईक्लिस्ट नारकंडा तक इस एक्सपीडिशन का हिस्सा होंगे। यह साईक्लिंग रैली ठियोग, नारकंडा, रामपुर, रिकांगपिओ, नाको, काजा, कौमिक, हिक्किम से होते हुए टाशीगंग तक जाएगी। अभियान दल 16 मई को कल्पा में भारत के प्रथम मतदाता स्वर्गीय श्याम सरन नेगी को भी श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के द्दष्टिगत प्रदेश में 1 जून, 2024 को मतदान दिवस पर सभी वर्गों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस साईक्लिंग एक्सपीडिशन की शुरूआत आज शिमला से की गई है। इस चुनाव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। मिशन 414 के साथ शिमला से काजा की दूरी भी 414 किलोमीटर मनीष गर्ग ने कहा कि शिमला से काजा की दूरी 414 किलोमीटर है और निर्वाचन विभाग का मिशन भी 414 है। मिशन 414 अर्थात वह 414 मतदान केन्द्र है, जहां पर बीते चुनाव में वोटिंग मतदान प्रतिशतता कम रही थी। इसी द्दष्टि से इन मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान सूची में 3 प्रतिशत युवा मतदाता है, जो इन चुनावों में पहली बार मतदान करने के लिए पात्र है। इन युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने में यह रैली एक महत्वपूर्ण संदेश देगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन विभाग द्वारा समय-समय पर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के आयोजन करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 25 एवं 26 मई, 2024 को 9 जिलों में साईक्लिंग रैली के आयोजन की योजना तैयार की गई है। इन रैलियों में ज्यादा से ज्यादा युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी ताकि मतदान प्रतिशतता को बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी दलीप नेगी, रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिमला अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी, अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक वर्मा, ओएसडी स्वीप नीरज शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट प्रशिक्षुओं ने सेडपा में स्थानीय लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित




**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** जिले के कोल डैम क्षेत्र में स्थित कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट नेहर हरनोड़ा की नर्सिंग प्रशिक्षुओं ने सुव्यव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता स्वीप के तहत ग्राम पंचायत हरनोड़ा घर में मतदाताओं विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया। इससे पूर्व नर्सिंग प्रशिक्षुओं ने सीआईएसफ कैम्प्स एआरसी कॉलोनी सेडपा तथा स्कूल परिसर से होते हुए रैली में माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का आवाहन किया। हरनोड़ा पंचायत घर पर बच्चों ने स्वीप विषय संगोष्ठी, प्रदर्शनी, पोस्टर, प्रश्नोत्तरी, लघु नाटक एव गीतों के माध्यम से स्थानीय लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट के संचालक व कृषि सेवाएं विभाग से सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर डॉ प्रकाश चंद ठाकुर ने उपस्थित महिला मंडल, स्थानीय लोगों व छात्राओं से 2 जून को अधिकाधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने नर्सिंग प्रशिक्षुओं को अपने आस-पड़ोस में अधिकाधिक मतदान करवाने के लिए मतदान से पूर्व एक दिन का अवकाश देने की भी घोषणा की।

# 15 महीनों में ही फ्लॉप हो गई 'सुख की सरकार' फिल्म

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः पूर्व** मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने उन्हें सीएम सुक्खू द्वारा फ्लॉप डायरेक्टर कहे जाने का करारा जबाव दिया है। आज भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत की नामांकन रैली में जयराम ठाकुर ने सीएम सुक्खू पर गरजते हुए कहा कि फ्लॉप डायरेक्टर वो नहीं बल्कि सीएम सुक्खू हैं जिनकी सरकार मात्र 15 महीनों में ही फ्लॉप हो गई। सुख की सरकार और व्यवस्था परिवर्तन की जो फिल्म सुखविंदर सिंह सुक्खू बना रहे थे वो बूरी तरह से फ्लॉप हो गई है। जयराम ठाकुर ने सीएम को सलाह दी कि आजकल जो उनके करीबी बने हैं वहीं नेतृत्व परिवर्तन का इंतजार कर रहे हैं और इस बात के संकेत कांग्रेस हाईकमान ने भी दे दिए हैं कि लोकसभा चुनावों के बाद नेतृत्व परिवर्तन तय है। उन्होंने सीएम सुक्खू को ऐसे करीबियों से बचकर रहने की सलाह दी।जयराम ठाकुर ने इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर भी तीखा जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज विक्रमादित्य सिंह विजन की बड़ी-बड़ी बातें कह रहे हैं। बेहतर होता कि यह विजन उन्होंने अपने परिवार को दिया होता जिन्होंने मंडी पर इतने लंबे समय तक राज किया तो आज मंडी की दशा कुछ और होती। जयराम ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदेश सरकार की कैबिनेट में बैठकर मंडी के विकास को रोकने वाले निर्णयों पर हस्ताक्षर करते रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि मंडी आकर कांग्रेस के नेता जिस तरह से मंडी के मान-सम्मान और स्वाभिमान को ठेस पहुंचा रहे हैं और उसके बाद यहां के लोगों से वोट की उम्मीद रख रहे हैंए ऐसा कभी हो ही नहीं सकता। मंडी को गाली देकर यहां के लोगों से वोट की उम्मीद रखना कांग्रेसी छोड़ दें। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज मंडी में भाजपा की ऐतिहासिक रैली ने कांग्रेस की चुनावी गाड़ी के टायर को पूरी तरह से पंचर कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवताओं की धरती है। मंडी माण्डव ऋ षि की धरती है। कांग्रेस के नेता देवभूमि और देवभूमि को बेटी का अपमान करके मण्डी संसदीय क्षेत्र के लोगों से सहयोग की अपेक्षा कर रहे हैं। आज के इस अपार जनसैलाब ने बता दिया कि अपमान के बदले सहयोग नहीं मिल सकता है। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं ने जब मण्डी का अपमान किया तो हिमाचल कांग्रेस के नेताओं ने भी चुप रह कर उनका समर्थन किया। डेढ़ साल सत्ता में रहने के बाद आज वह अपने काम के नाम पर वोट नहीं माँग रहे हैं। आखि? वोट कैसे मांगेंगे, जब विकास के बजाय प्रदेश को पीछे ले जाने का काम किया है। संस्थानों को बंद किया है। मण्डी विश्वविद्यालय को बंद करने का प्रयास किया है। एयरपोर्ट का काम आगे नहीं बढने दिया। अब किस मुंह से इनके नेता वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये चुनाव देश के लिए हो रहा है। जब देश तय कर चुका हो कि हमें मोदी ही चाहिए तो फि र बचा ही क्या है। देश नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा होगा ऐसी हमें पूरी उम्मीद है।



**साधा निशाना**

▶▶ये चुनाव देश के लिए हो रहा है। जब देश तय कर चुका हो कि हमें मोदी ही चाहिए तो फि र बचा ही क्या है

# भाषण, चित्रकला व नारा लेखन के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया

**लिहांटू**

**रामपुर बुशहरः** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की मतदान प्रतिशत में बढ़ौतरी करने के उदेश्य से 66 रामपुर विधान सभा के स्वीप टीम ने आज ग्राम पंचायत सरपारा व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरपारा में भाषण, चित्रकला व नारा लेखन के माध्यम से मतदान के प्रति लोगो को जागरूक किया। स्वीप टीम रामपुर विधान सभा के सदस्य अशोक शर्मा, पवन सनाटू व रविन्द्र नेगी ने ग्राम पंचायत व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरपारा में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया व 01 जून को अवश्य मतदान करने को कहा ताकि इस चुनावी महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया जा सके। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरपारा में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आयोजित चित्रकला में प्रथम रोनक, द्वितीय अनुशिका व तृतीय नितेश रहा, नारा लेखन में प्रनीता ठाकुर प्रथम, सुप्रिया द्वितीय व सुशांत तृतीय स्थान जबकि भाषण में पहले स्थान पर दीक्षा, दूसरे स्थान पर खुशी व तीसरा स्थान पर सक्षम रहा, प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर निर्वाचन विभाग द्वारा सम्मानित किया। इस अवसर पर पाठशाला के कार्यवाहक प्रधानाचार्य टाशी पलमों व अध्यापन स्टॉफ प्रवीण, अनिल, किशोर, संजय गोपाल, बन्टू राम, व राकेश भी उपस्थित रहे।



## आखिरी दिन एक निर्दलीय उम्मीदवार ने दर्ज किया नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**लोकसभा** चुनाव 2024 के लिए शिमला संसदीय क्षेत्र से नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन आज एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप के समक्ष दर्ज किया। कुंदन लाल कश्यप (65)पुत्र नन्तिया राम, गांव बगोटी, डाकघर बड़ोग, तहसील ठियोग, जिला शिमला ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने तक शिमला संसदीय क्षेत्र से कुल 8 उम्मीदवारों ने नामांकन दर्ज किए हैं, जिनकी छंटनी प्रक्रिया 15 मई, 2024 को होगी।

# पाक के एटम बम का खौफ दिखाने वाले विपक्षी नेताओं को पीएम ने भी देश में ललकारा है : बिंदल

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने मंडी में कंगना रनौत की जनसभा को संबोधित करते हुए कहा की पाकिस्तान ने चूडि ?ां नहीं पहनी हैं तो हम पहना देंगे। आजकल कांग्रेस के नेता पूरे देश में पाकिस्तान पाकिस्तान कर रहे हैं ऐसा लगता है कि देश में टुकड़े-टुकड़े गैंग एक बार फिर एक्टिव हो गया है। पाकिस्तान के एटम बम का खौफ दिखाने वाले विपक्षी नेताओं को पीएम ने भी देश में ललकारा है और आज जीत भी ललकार रहे है, पीएम मोदी ने हमेशा आतंकियों को दिया है मुंह तोड़ जावाब और आने वाले समय में भी देते रहेंगे। उन्होंने कहा की हमने पाकिस्तान समर्थित बयान के लिए जमकर हमला बोलना है। इंडी नेता कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूडि ?ां नहीं पहनी हैं। अरे भाई, नहीं पहनी हैं तो हम पहना देंगे। पाकिस्तान को आटा चाहिए, बिजली चाहिए। हमें क्या पता उनके पास चूडि ?ां भी नहीं हैं। बिंदल ने कहा कि देश कांग्रेस नेतृत्व वाली अस्थिर व कमजोर सरकार नहीं चाहता। देश का प्रधानमंत्री डरपोक नहीं चाहिए, देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा एक सशक्त नेतृत्व चाहिए जो निर्णय भी ले सकता है और उसे निर्णय को धरातल तक ले जा भी सकता है। गठबंधन के ये लोग इतने डरे हैं कि इन्हें सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखाई देता है, जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फ ारूक अब्दुल्ला ने पिछले सोमवार को कहा था कि पाकिस्तान के पास भी एटम बम है और उसने चूडि ?ां नहीं पहन रखी हैं। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का भी शुक्रवार को एक वीडियो प्रसारित हुआ था, जिसमें वह कहते दिख रहे हैं कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए चर्चा बहुत जरूरी है, वर्ना पाकिस्तान संचेगा कि भारत अहंकार के साथ हमें दुनिया में छोटा दिखा रहा है। ऐसे में पाकिस्तान में कोई भी पागल इन बम का इस्तेमाल कर सकता है क्या। कांग्रेस पार्टी को देश में अपनी हर साफ दिखाई दे रही है और उनको पता चल गया है कि देश के प्रधानमंत्री एक बार फिर नरेंद्र मोदी बनने वाले हैं ऐसे में इस प्रकार की तथ्यहीन ज्ञान बाजी हिंदी गठबंधन और कांग्रेस के नेता कर रहे हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### एयरमैन मेडिकल असिस्टेंट और मेडिकल असिस्टेंट (फार्मासिस्ट) के लिए पंजीकरण 22 मई से

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** भारतीय वायु सेना हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ के पुरुष उम्मीदवारों के लिए एयरमैन मेडिकल असिस्टेंट और मेडिकल असिस्टेंट फ ार्मासिस्ट भर्ती रैली आयोजित करने जा रही है। विंग कमांडर एयरमैन सलेक्शन सेंटर अंबाला कैंट एसवीजी रेड्डी ने बताया कि एयरमैन के रूप में ग्रुप वाई मेडिकल असिस्टेंट के लिए केवल अविवाहित पुरुष और मेडिकल असिस्टेंट फ ार्मासिस्ट के लिए अविवाहित और विवाहित पुरुष दोनों पात्र होंगे। भर्ती रैली 3 जुलाई से लेकर 12 जुलाई 2024 तक बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना स्टेशन,चंडीगढ़ में आयोजित की जाएगी। रैली में भाग लेने के लिए उम्मीदवार को पहले पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। पंजीकरण 22 मई को 11:00 बजे से लेकर 5 जून को रात 11:00 बजे तक होगा। रैली का विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है। बिना पंजीकरण के किसी भी उम्मीदवार को भर्ती रैली में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए 10$2 पास पुरुष उम्मीदवार जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 और 2 जनवरी 2008 दोनों तिथियां सम्मिलित के बीच हुआ हो पात्र होंगे जबकि फ ामेर्सी में डिप्लोमा या बीएससी पास अविवाहित पुरुष उम्मीदवार जिनका जन्म 2 जनवरी 2001 और 2 जनवरी 2006 दोनों तिथियां सम्मिलित के बीच हुआ हो पात्र होंगे।

### मानव श्रृंखला से देंगे वोट करेगा ऊना का संदेश

**राजन पुरी**

**ऊना:** जिला में लोकसभा चुनावों और दो विधानसभा उप चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसमें एक और नवीन एवं रचनात्मक पहल करते हुए मानव श्रृंखला बनाकर ऊना जिला वासियों को वोट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। स्वीप के तहत बुधवार 15 मई को किए जा रहे इस आयोजन में आईआरबीएन बनगढ़ बटालियन के मैदान में जिला ऊना के मैप पर आधारित मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। यह आयोजन दोपहर बाद 3 से 4 बजे के बीच होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी जतिन लाल ने कहा कि जिला प्रशासन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए तमाम गतिविधियां आयोजित कर रहा है। हमारा प्रयास है कि पहली जून को सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर संबंधित मतदान केंद्र पर अपना वोट अवश्य डालें और लोकतंत्र की मजबूती में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य के निर्माण में प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारी निभाने तथा अन्यों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

### विधायकों की बात न सुनने वाले सीएम से जनता को कैसी आस: भुट्टो

**राजन पुरी**

**ऊना:** राज्य के मुख्यमंत्री ने 14 माह में जनता से तो दूर की बात अपने विधायको से मिलने का समय तक नहीं दिया। यह बात कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो ने मंगलवार को कुटलैहड़ की पंचायत हटली, जसाना व बंगाणा आदि एक दर्जन पंचायत की नुक्कड़ सभाओं में कही। भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि जो मुख्यमंत्री विधायकों की बात नहीं सुनता, उससे प्रदेश की जनता को क्या ही आस होगी। भुट्टो ने कहा कि जब हमने कोई गलत काम नहीं किया, तो फिर हमें किस बात का डर है। भुट्टो ने कहा कि बिकाऊ टिकाऊ की भाषा मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देती है। मुख्यमंत्री पद की एक गरिमा होती है, लेकिन मुख्यमंत्री को कुर्सी के जाने का डर सता रहा है। भुट्टो ने कहा कि झूठ पर झूठ बोलना कांग्रेस की फिदरत है। हमने 14 माह के कार्यकाल में मुख्यमंत्री ने विकास की कोई बात नहीं की। जब भी मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा, तो आठ-आठ घंटे इंतजार करना पड़ा। विकास की बात एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देते थे। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर राज्य सरकार अब विदाई की ओर अग्रसर हो चुकी है। कुछ ही दिनों की मेहमान है।

# रायबरेली के साथ गांधी परिवार का रिश्ता होगा और मजबूतः अग्निहोत्री



**चमन शर्मा**

**शिमलाः हिमाचल** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गांधी परिवार की परंपरागत सीट रायबरेली में पहुंचकर कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एकांग्रेस के स्टार प्रचारक, रायबरेली सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में प्रचार किया। रायबरेली पहुंचने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हिमाचल के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का जोरदार स्वागत किया। मुकेश अग्निहोत्री ने राहुल गांधी के समर्थन में अपने जनसंपर्क अभियान किया। मुकेश ने कहा कि विकास को आगे बढ़ाना, रोजगार देना, खुशहाली लाना यह कांग्रेस का लक्ष्य है। वही तानाशाही को खत्म करना हमारा प्रण है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि रायबरेली के साथ गांधी परिवार का दिल का रिश्ता रहा है राहुल गांधी इस रिश्ते को और मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी को रायबरेली में प्यार व स्नेह दिया। वही अपनापन राहुल गांधी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने लंबे समय तक रायबरेली का प्रतिनिधित्व किया लेकिन कभी पद की लालसा नहीं रखी, विकास करवाया, प्रधानमंत्री पद तक को त्याग दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संघर्ष कर रहे हैं तानाशाही के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहे हैं और बिना किसी पद के अपने संघर्ष को देश के हित में आगे कर रहे हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने 4000 किलोमीटर पैदल यात्रा कर भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया, जनता की दुख तकलीफ को समझाम उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के दरबार में चंद कदम पैदल चलने का साहस नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि चंद् पूंजीपतियों को अमीर करने वाले प्रधानमंत्री ने गरीबों की कोई सुध नहीं ली गरीब को और गरीब कर दिया, देश के हालात खराब किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत का रुपया कमजोर हुआ है।

**जोरदार स्वागत**

▶▶रायबरेली पहुंचने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हिमाचल के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का जोरदार स्वागत किया

## डीएवी स्कूल में दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत

**राजन पुरी**

**ऊनाः** डीएवी पब्लिक स्कूल ऊना का केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। विद्यालय के 160 छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के अनिकेत मनकोटिया ने गत वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवांग शर्मा ने 95.2 अंक लेकर द्वितीय व अनुष्का ने 95 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 13 छात्र रहे। 80 प्रतिशत से अधिक अंक 31 छात्रों ने प्राप्त किए। कुल मिलाकर 122 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी नामित शर्मा ने परीक्षा परिणाम पर छात्रों को शुभकामनाएं दी।

# इमरजेंसी में लोकतंत्र का गला घोटने वाली पार्टी न करें लोकतंत्र बचाने की बातः महेंद्र

**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल में मतदान से पहले मंगलवार को इंडिया गठबंधन ने एक साथ चुनावी हुंकार भरीण इसको लेकर अब भाजपा ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। मीडिया से बातचीत में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धमार्णी ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के दूसरे दलों पर निशाना साधा। इमरजेंसी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा की इमरजेंसी में लोकतंत्र का गला घोटने वाली पार्टी लोकतंत्र बचाने की बात न करे। धमार्णी ने इस दौरान साझा प्रेस वार्ता में मौजूद शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पर भी निशाना साधा। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धमार्णी ने कहा कि विरोधी पार्टियों का हिंदी गठबंधन के तले एक साथ आना आश्चर्य कर देने वाला है। धमार्णी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि लोकतंत्र बचाने की दुहाई देने वाला इंडिया गठबंधन यह भूल गया कि देश में केवल एक बार आजादी के बाद लोकतंत्र का गला घोंटा गया जब देश में आपातकाल लगाया गया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को भी निशाने पर लिया धमार्नी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के तले कांग्रेस के मंत्री आम आदमी पार्टी के लोगों को साथ बिता रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्री बताएं कि क्या दिल्ली में आम आदमी पार्टी के शराब घोटाले का कांग्रेस समर्थन करती है इस दौरान उन्होंने ब्व्ड नेता पूर्व विधायक राकेश सिंह पर भी हमला किया उन्होंने कहा कि कांग्रेस का विरोध करते-करते जिनकी दाढ़ी सफेद हो गई जो कांग्रेस को पानी पीकर खोजने थे वह आज कांग्रेस का समर्थन कर रहे हैं ऐसी क्या मजबूरी है। महेंद्र धमार्नी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की प्रेस वार्ता से चाणक्य की वह बात सही साबित होती नजर आती है जिसमें उन्होंने कहा था कि जब सारे विरोधी एक साथ आ जाए तो मान लेना चाहिए देश का राजा ईमानदार है। धमार्णी ने कहा यह चुनाव निर्णायक चुनाव है यह चुनाव भ्रष्टाचार बनाम सुशासन की सरकार का चुनाव है यूपीए के 10 वर्ष के घोटाले बनाम मोदी सरकार के विकास के 10 साल का चुनाव है। यह चुनाव राम के उपासकों और राम विरोधियों का चुनाव है।

# सुक्खू सरकार के कामकाज से संतुष्ट जनता देगी कांग्रेस का साथः हिमराल

## सीएम सुक्खू ने पहली बार आपदा मैनुअल में संशोधन कर प्रभावितों को दिलाई बड़ी राहत

**चमन शर्मा**

**शिमलाः लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत के साथ जीत हासिल करेगी। क्योंकिं सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने मात्र 15 माह के अल्पकाल में कई जनकल्याणकारी नीतियों और योननाओं से प्रदेश की जनता को लाभ पहुंचाया है। यह जानकारी पार्टी के (को-चेयरमैन) हरिकृष्ण हिमराल ने जारी एक प्रेस बयान में दी। हिमराल ने बताया कि प्रदेश में 15 माह के भीतर सदी की सबसे बड़ी व भयंकर प्राकृतिक आपदा आई जिससे प्रदेश को 10 हजार करोड़ का नुकसान हुआ। इस आपदा से प्रदेश के 22 हजार परिवार प्रभावित हुए और 551 लोगों को अपनी जिंदगी से हाथ धोना पड़ा। लेकिन प्रदेश सरकार ने पूरी ईमानदारी और तत्परता से कार्य करते हुए प्रभावितों की सहायता की। सीएम सुक्खू और पूरी कैबिनेट के साथ साथ कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में दिन रात पहुंचकर प्रभावित परिवारों की सहायता की। इतना ही नहीं सीएम सुक्खू की दूरगामी व दूरदर्शी सोच ने आपदा कानून में संसोधन कर बड़ी राहत पहुंचाई। सरकार ने आपदा मैनुअल में संशोधन कर क्षतिग्रस्त घरों का पुनर्निर्माण करने के लिए मिलने वाली राहत राशि को 1 लाख 30 हजार से बढ़ाकर 7 लाख रूपए किया।

इसी तरह कच्चे घरों को आंशिक नुकसान होने पर मिलने वाली राशि को 4 हजार से बढ़ाकर एक लाख किया, पक्के घरों को आंशिक नुकसान होने पर

मिलने वाली राशि को 6500 से बढ़ाकर एक लाख रुपए किया और दुकान/ढाबे को नुकसान होने पर मिलने वाली राहत राशि को 2500 से बढ़ाकर एक लाख रुपए किया।



# मंडी की ऐतिहासिक जीत की चर्चा दिल्ली में होगी : कंगना रनौत

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः मंडी** की ऐतिहासिक जीत की चर्चा पूरे भारत में होगी। आज जहां छोटी काशी से मैंने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर पर्चा भरा तो बड़ी काशी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। छोटी काशी के इस सेरी मंच से बड़ी काशी तक आवाज पहुंचनी चाहिए और मोदी के लिए शुभकामनाएं सुनाई देनी चाहिए। मंडी के सेरी मंच से भारतीय जनता पार्टी की ओर से अपना नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी मंडी के पास दाखिल करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कंगना रनौत ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक नई दिशा दी और दशा बदली है। पिछले 70 सालों से जो देश गरीबी का दंश झेल रहा था आज वह देश विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर कर सामने आया। पड़ोसी देश पाकिस्तान जो आए दिन देश में अपने पोषित आतंकवादियों के माध्यम से बम विस्फोट करता था, निर्दोष लोगों की हत्या करता था आज वह पाकिस्तान मोदी के सामने भीगी बिल्ली बना हुआ है। आतंकवादियों को चुन चुन कर ठिकाने लगाया जा रहा है तथा पिछले 10 वर्षों से कोई भी आतंकवादी घटना यदि घटी तो पड़ोसी देश को उसका खामियाजा भुगतना पड़ा। भारत ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की और पोषित आतंकवादियों को जहन्नुम में पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग व राजनीतिक दल महिला शक्ति को निर्बल समझते हैं वह उनकी भूल है। आज का कालखंड महिला सशक्तिकरण के नाम से जाना जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया है तथा देश की आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनकर महिला सशक्तिकरण का सबसे मजबूत उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि देश में बेटी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है वह चाहे मिशन चंद्रयान हो, लड़ाकू विमान राफेल उड ?ा हो नासा या इसरो में कार्य करना हो, हर जगह बेटी ने अपना लोहा बनवाया है। बेटी बोझ नहीं है वह एक सोच है तथा भाजपा ने महिलाओं को जो सम्मान दिया है उससे देश में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। वर्तमान समय में महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सनातन संस्कृति, भाईचारे और अपने दमदार नेतृत्व के चलते पूरे विश्व में नाम कमाया है। आज यदि पूरे विश्व में सबसे लोकप्रिय नेता है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। भगवान राम के चरित्र के बराबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राम भक्त होना है। देश में राम राज्य स्थापित करने के लिए अयोध्या में जहां राम लाल का मंदिर बन चुका है।



# एसएसटी टीम ने धमांदरी में दो पेटी पकड़ी अवैध शराब

## स्कूटी चालक सहित दो मौके से हुए फरार, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊनाः लोकसभा** व कुटलैहड़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर एसएसटी टीम बड़ी सतर्कता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में टीम ने कुटलैहड़ क्षेत्र के धमांदरी में नाके के दौरान दो पेटी शराब पकड़ी है। एसएसटी टीम को देखकर स्कूटी चालक व साथी मौके से फरार हो गया है। पुलिस टीम प्रभारी की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक लोक सभा व कुटलैहड़ विधान सभा के उपचुनाव के लिए एसएसटी टीम के प्रभारी डा. ओंकार सिंह धमांदरी में नाके पर थे।

इसी दौरान सामने से एक स्कूटी आती दिखाई दी, जिस पर दो व्यक्ति सवार थे। स्कूटी पर दो गत्ता पेटी भी थी। जैसे ही स्कूटी सवार ने एसएसटी की गाड़ी को देखा, तो स्कूटी चालक घबरा गया और पीछे मोड़ करके भागने लगा। कुछ दूरी पर तक पीछे करने पर दोनों अज्ञात युवक पेटियों को झाडियों में फैंक कर भाग गए। गाड़ी रोक करके झाडि ?ों में पेटियों को चेक किया, तो दोनों पेटियों में से 24 बोतल शराब पाई गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने अवैध शराब को कब्जे में लेकर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज फ्लैश

### जुआ खेलते 3 युवक गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन:** सीआईए वन पुलिस टीम ने शास्त्री कॉलोनी में जुआ खेल रहे 3 युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 50600 रुपए की नगदी बरामद हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि उनकी टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गोहाना रोड पर फ्लाई ओवर पुल के नीचे मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की शास्त्री कॉलोनी में रेलवे लाइन के नजदीक 3 युवक ताश के पत्तों पर पैसे दाव पर लगाकर जुआ खेल रहे है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे 3 युवकों को काबू कर उनके कब्जे से एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 50600 रुपए की नगदी बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान अनिल निवासी जगजीवन राम कॉलोनी, सत्यवान निवासी बुड़श्याम व सुमित निवासी खादी कॉलोनी के रूप में हुई। सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने बरामद ताश के पत्ते व दाव पर लगी 50600 रुपए की नगदी कब्जा पुलिस ने लेकर आरोपियों के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में गेम्बलिग एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई।

### चचेरे भाई पर चाकू से हमला कर किया घायल

**गन्नौर। मोई गांव में** जमीन बटवारे को लेकर एक व्यक्ति ने अपने चचेरे भाई पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल को इलाज के लिए खानपुर मेडिकल में भर्ती करवाया गया। घायल ने मामले की शिकायत खुबडू चौकी पुलिस को दी है। शिकायत में मोई गांव हाल ही सरस्वती विहार सोनीपत निवासी उदय ने बताया कि वह जमीन के बटवारे को लेकर गांव में आया हुआ था। इस दौरान उसका चचेरा भाई रिंकू व ताई मंजू वहां आई और उसके साथ गाली-गलौच करने लगी। उसने गाली देने से रोका तो दोनों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान रिंकू ने चाकू से उसकी छाती व हाथ पर हमला कर दिया। जिस कारण वह घायल हो गया। हमला करने के बाद रिंकू उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने रिंकू व मंजू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजनीति पर धर्म की भूमिका मार्गदर्शक की होनी चाहिए: मुनि गेह सागर जी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जैन धर्म** की आचार्य शांति सागर जी महाराज की पट्टारक परंपरा के सातवें पट्टाचार्य जैन मुनि गेह सागर जी महाराज ने कहा है कि राजनीति को धर्म के मार्गदर्शन में चलना चाहिए। राजनीति



में धर्म की भूमिका मार्गदर्शक की तरह होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की जेनरेशन संस्कृति और धर्म से विमुख होती जा रही है। यही कारण है कि परिवार टूट रहे हैं। आज बच्चों को समय और प्यार को जताने की जरूरत है। आज केवल नाम के ही जैन रह गए हैं। जैन एक उपासना पद्धति के साथ लाइफ स्टाइल है। नि दिगंबर जैन मंदिर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सनातन धर्म और जैन धर्म के बीच के कुछ अंतरों को बताते हुए कहा कि जैन धर्म भगवान के राजसी रूप के बाद की पूजा करता है, जबकि सनातन धर्म भगवान के राजसी स्वरूप की पूजा करता है। भगवान राम और कृष्ण की चर्चा सनातन धर्म में राजसी स्वरूप की होता है, जबकि जैन धर्म में उनके संसार से वैराग और बाद में उनके मोक्ष मार्ग में गमन की चर्चा होती है। जैन धर्म में मोक्ष को प्राणी मात्र का उद्देश्य माना गया है। जैन धर्म में बताया गया है कि किस प्रकार पांचों कल्याण के बाद व्यक्ति मोक्ष को प्राप्त कर जीवन मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त कर सकता है।

# अगर चुनाव की तैयारी को लेकर इंप्रूवमेंट की जरूरत है तो कर सकते है : निर्वाचन अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**





**भारतीय चुनाव** आयोग के उपचुनाव आयुक्त हिरदेश कुमार ने गत दिवस प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारीयो, पुलिक अधीक्षको, सामान्य व एक्सपेंडीचर आब्जर्वर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करते हुए लोक सभा 2024 के आम चुनाव को निष्पक्ष शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से करने को लेकर पूरी तरह से गंभीर होकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने चुनावी तैयारी को लेकर सभी से बारी बारी संवाद किया और स्थिति की जानकारी ली व 70 प्रतिशत मतदान करवाने का लक्ष्य जिला निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष रखा। उप चुनाव आयुक्त ने ईवीएम के प्रबंधन सुरक्षा व उनकी स्टोरेज के अलावा पोस्टल बैलेट की ट्रेनिंग के बारे मे भी जानकारी ली और अब तक हुए रेंडमाइजेशन की स्थिति भी जानी। उन्होंने पोस्टर बैलेट की पोलिंग कैसे होगी,क्रिटिकल बूथ की लोकेशन व कितने काउंटिंग सेंटर बनाए गए हैं के बारे मैं जानकारी ली व कहा की अगर इंप्रूवमेंट की जरूरत है तो कर सकते है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारीयो को समय-समय पर मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए व जिले में मतगणना वाले दिन के लोकेशन व स्ट्रॉन्ग रूम और कितनी विधान सभा क्षेत्र है के बारे में भी जानकारी हासिल की। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि जिले मे 9 लाख 27 हजार के करीब मतदाता है। हर मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। सीवीजीएल की सभी 18 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। विधान सभा क्षेत्र अनुसार नाकों पर चौकसी बरती जा रही है। आगामी 16 व 17 मई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी चारो काउंटिंग हाल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। हर बूथ पर फर्स्ट एड की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने ट्रांसपोरटेशन प्लान के अलावा जीपीएस कंट्रोल रूम के बारे में भी जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कम्युनिकेशन प्लान तैयार है।

क्यू ऐप पर ध्यान दिया जा रहा है। दिव्यांग व वृद्ध मतदाता को बूथ पर ले जाने को लेकर पूरी व्यवस्था की गई है। सभी 876 बूथ पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

## कैथल के हिम्मत सिंह बनें एचएसएससी के चेयरमैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के** कैथल जिले के रहने वाले और वर्तमान में अतिरिक्त महाधिवक्ता, हरियाणा के तौर पर कार्यरत हिम्मत सिंह को सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया है। हालांकि, लोकसभा चुनावों के चलते लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए सरकार ने भारत निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलते ही आधिकारिक रूप से उनकी नियुक्ति की जाएगी। सरकार के इस कदम से ये कहा जा सकता है कि हिम्मत सिंह के हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष बनने के रूप में रोड जाति को सरकार में एक बड़ा प्रतिनिधित्व मिला है, जिसके कहीं न कहीं हरियाणा की राजनीति में एक अलग मायने होंगे। करनाल व कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो यहां रोड जाति का अच्छा खासा प्रभाव है और अब सरकार में रोड जाति का प्रतिनिधित्व होने से कहीं न कहीं माहौल सरकार के पक्ष में जाता नजर आने वाला है। ये कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि आने वाले दिनों में करनाल व कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में चुनावी समीकरण बदलते हुए नजर आएंगे।

## बोर्ड की परीक्षाओं में द ग्रीन हेरिटेज स्कूल का सराहनीय प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**





**बोर्ड परीक्षा** परिणाम देखकर द ग्रीन हेरिटेज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के चेहरे खिल उठे। पूर्व की भांति इस वर्ष भी विधार्थियों ने स्कूल का शत प्रतिशत परिणाम देकर खंड समालखा में नाम कमाया है।स्कूल की प्राचार्या मन्जू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि द ग्रीन हेरिटेज स्कूल के छात्र छात्राओं ने कक्षा 12 वीं व कक्षा 10 वीं में शानदार प्रदर्शन किया है।कक्षा 12 वीं की छात्र आलेख ने 93.27 प्रतिशत,कशिश ने 92 प्रतिशत, उज्जवल ने 91.6 प्रतिशत, मुक्ति 88.4 प्रतिशत,प्रीति 86.8, रितिका 86.2, राहुल 86.2, आर्यन 85 प्रतिशत,शीतल 83.8 व छात्रा नैन्सी ने 83.6 अंक प्राप्त किए जबकि कक्षा 10वीं की परीक्षा में 20 विधयार्थियो ने मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया जबकि 30 विधार्थियों ने प्रथम डिवीजन में पास करके विधालय का नाम रोशन किया है। इस मौके पर स्कूल संचालक नरेंद्र राठी व अजीत राठी ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को फूलों की माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया और परमपिता परमात्मा से विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मतदान की तैयारियां जोरों पर, कर्मचारियों को दी जा रही ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**



**अम्बाला: लोकसभा चुनाव** के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर लगातार तैयारियों का दौर जारी है। इसी कड़ी में डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन के नेतृत्व में सेक्टर सुपरवाईजर, पोलिंग पार्टिज व पीठासीन अधिकारियों को ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग अम्बाला में चार जगह आयोजित की गई है, जहां एडीसी अपराजिता ने स्वयं पहुंचकर ट्रेनिंग का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एडीसी अपराजिता ने बताया कि 25 मई को अम्बाला लोकसभा चुनाव के लिए मतदान किया जाएगा। इस चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से वचनबद्ध है। उन्होंने बताया कि जिला अम्बाला में चार विधानसभा क्षेत्र हैं। जिसके तहत सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की मौजूदगी में इन स्थानों पर सभी सेक्टर सुपरवाईजर, पोलिंग पार्टीज, पीठासीन अधिकारियों व पोलिंग ऑफिसर की ट्रेनिंग करवाई गई है।

**इन स्थानों पर करवाई जा रही है ट्रेनिंग**

1 अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल अम्बाला शहर

2 अम्बाला कैंट विधानसभा क्षेत्र के तहत फारूखा खालसा स्कूल अम्बाला कैंट।

3 बराडा विधानसभा क्षेत्र के तहत डीएवी रिवर साइड स्कूल अम्बाला कैंट।

4 नारायणगढ विधानसभा क्षेत्र के तहत से बीपीएस पलेन्टेरियम अम्बाला कैंट।

**कर्मठता से ड्यूटी का निर्वहन करें कर्मचारी: एडीसी अपराजिता**

**लोकतांत्रिक प्रणाली**

हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में से एक हैं। इस लोकतांत्रिक प्रणाली में चुनाव सबसे महत्वपूर्ण विषय है

एडीसी अपराजिता ने सभी कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान कर्मठता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में से एक हैं। इस लोकतांत्रिक प्रणाली में चुनाव सबसे महत्वपूर्ण विषय है। ऐसे में इन चुनावों को सहीं तरीके से आयोजित करवाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। चुनाव ड्यूटी के दौरान कोई भी कर्मचारी कौताही न बरते।

## यदि बरतते है डयूटी के प्रति कोताही, आयोग लेगा एक्शन: रविन्द्रन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**लोकसभा** 2024 के आम चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को आर्य पी.जी. कॉलेज के सभागार में माइक्रो ऑब्जर्वर की पायलट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सामान्य ऑब्जर्वर ई. रविन्द्रन ने माइक्रो ऑब्जर्वर को चुनावी डयूटी में उनकी क्या भूमिका रहेगी इस पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा के आम चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र रूप से कराने को लेकर माइक्रो ऑब्जर्वर अहम भूमिका निभाते है। चुनाव में उनकी मुख्य भूमिका होती है। यदि कोई माइक्रो ऑब्जर्वर डयूटी के प्रति कोताही बरतता है तो वह इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।उन्होंने कहा कि वे पोलिंग स्टेशनों पर मतदान शुरू होने से डेढ़ घंटा पहले पहुंच कर स्थिति का जायजा लें व अगर जरूरत पड़े तो सामान्य ऑब्जर्वर को फोन व मैसेज भेज कर सूचित करे ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना से बचा जा सके व चुनाव को शांतिपूर्ण व स्वतंत्र रूप से कराया जा सके। उन्होंने माइक्रो ऑब्जर्वर को अपना मोबाइल नम्बर भी शेयर किया। उन्होंने पायलट प्रशिक्षण में सभी ऑब्जर्वर को उनकी हदों से अवगत कराया व उनकी चुनाव सम्बन्धी क्यूरी का भी समाधान मौके पर किया। सामान्य ऑब्जर्वर ने प्रशिक्षण के बाद माइक्रो ऑब्जर्वर से चुनाव सम्बन्धी फीडबैक भी लिया। एसडीएम मनदीप सिंह ने पायलट प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वर मॉक पोल के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि उन्हें हर घंटे रिपोर्ट करनी होगी। उन्होंने पोलिंग एजेन्ट, प्रीजाइडिंग ऑफिसर की चुनाव में भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एक मतदाता 12 प्रकार के दस्तावेज दिखाकर अपनी वोट डाल सकता है। इस मौके पर उन्होंने 17 ए छंटनी रजिस्ट्रर को मैनटेन करने के बारे मे भी जानकारी दी। उन्होंने चैलेंज वोट के बारे मे जानकारी दी।

निगम संयुक्त कमिशनर मनी त्यागी ने बताया कि लोकसभा के चुनाव में सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को निष्पक्ष व पारदर्शिता पूर्वक चुनाव में डयूटी देने का आह्वान किया व कही भी कोई भी चीज संदिग्ध दिखाई दे तो उसकी तुरंत रिपोर्ट करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी को चुनाव के दिन समय पर पहुंच कर अपनी डयूटी को निष्पक्ष निभाने के निर्देश दिए। पायलट प्रशिक्षण में विभिन्न माइक्रो ऑब्जर्वरों ने सामान्य ऑब्जर्वर के समक्ष चुनाव से सम्बन्धित शंकाए भी रखी जिनका सामान्य ऑब्जर्वर ने हौसले से समाधान किया ।

## गीता विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र। केंद्रीय माध्यमिक** शिक्षा बोर्ड द्वारा बारहवीं व दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें गीता विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय से दसवीं के कुल 117 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें से 5 बच्चों ने मेरिट व 31 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उतीर्ण की। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100% रहा व कक्षा 12वीं में विद्यालय के कुल141 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें से 16 छात्रों ने मेरिट व 46 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की । कॉमर्स संकाय के छात्र साकेत ने 88% मार्क्स लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया विज्ञान संकाय से देवेंद्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व कॉमर्स संकाय के छात्र मोहित ने विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। ।इस अवसर विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान अनिल कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने सभी अध्यापकों को भी साधुवाद देते हुए कहा कि यह सब की मिली जुली मेहनत का परिणाम है कि आज विद्यालय इतना अच्छा प्रदर्शन कर पाया ।इस अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष अशोक रोशा ने कहा यहां से प्राप्त शिक्षा और संस्कार को हमेशा याद रखें और विद्या भारती के लक्ष्य की पूर्ति करते हुए जीवन में और ऊंचाइयों को छूते हुए मां-बाप और विद्यालय का नाम रोशन करें।

## हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटें इंडिया गठबंधन जीतेगा: स्वीटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : इंडिया गठबंधन** के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहाबाद के गांव बोरिपुर में वोट की अपील की गई। स्वीटी रंगा नलवी लगातार चुनाव प्रचार कर रही है और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। पुरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर है।स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा।

## चंदन बाल विकास स्कूल का शानदार रहा परिणाम

**टीम एक्शन इंडिया**





**समालखा:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा के विद्यार्थियों ने फिर से विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा- परिणाम शानदार रहने से विद्यालय में खुशी का माहौल रहा । साथ ही अध्यापक भी इस अवसर से चूके नहीं। विद्यालय का टॉपर आदित्य रहा जिसने 97% अंक प्राप्त किए। भावना ने 96%, श्रेय ने 95.4%,निशा ने 94.2 % , वंशिका व निखिल ने 94% , अंक प्राप्त किए। अधिकतम अंक हिन्दी मे 97, अंग्रेजी में 97, गणित में 99, विज्ञान में 95, सामाजिक में 97, कंप्यूटर में 98, शारीरिक शिक्षा में 95 ,जीव विज्ञान में 94 ,अंग्रेजी में 98, इतिहास में 98 अंक प्राप्त किए। 90% से ज्यादा 13 , 80%से ज्यादा 31, 75%से ज्यादा 46 और 60% से ज्यादा 93 विद्यार्थी रहें। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम की सफलता के लिए बधाई दी और पुष्प- मालाओं से उनका स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि सभी विद्यार्थी जीवन में लग्नशील बन कर उन्नति के पथ पर अग्रसर हों व ऐसे ही अपने माता-पिता का नाम रोशन करते रहे और हर क्षेत्र में आगे भी वे अपनी पहचान बनाएं रखें। उन्होंने अध्यापकगण का भी धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इस उपलब्धि में अग्रगण्य ये ही हैं साथ ही अभिभावक गण का भी धन्यवाद किया जिनके पूर्ण सहयोग से विद्यार्थियों ने यह सफलता हासिल की है।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम की खुशी मनाई गई

**पानीपत/कमाल हुसैन**



**आर्य बाल भारती** पब्लिक स्कूल संचालित आर्य प्रतिनिधि हरियाणा ' मै आज 12वीं कक्षा व दसवीं कक्षा के वार्षिक परिणाम को लेकर विद्यालय में खुशी का माहौल है इस अवसर पर 12वीं कक्षा का परिणाम बड़ा शानदार रहा ' प्रिंसिपल श्री सत्यवान मलिक ने बताया कि 12वीं कक्षा के 185 बच्चों ने परीक्षा दी थी इसमें 47 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की है। जिसका परिणाम इस प्रकार से है ' साइंस मै मोहित ने 94. 8 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है दूसरा स्थान हर्ष 94.6 ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है अंश ने 92 पॉइंट लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है ' कॉमर्स में अंकित ने 91.4 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तनस्वी ने 91 पॉइंट लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया अंश ने 90.2 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया ' आर्ट में महक 93.8 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं आयुषी 93% अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया काजल 90% अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया ' दसवीं कक्षा का परिणाम भी अति उत्तम एवं सराहनीय रहा हमारे विद्यालय के 154 बच्चों ने यह परीक्षा दी थी रिजल्ट 100% रहा ' इसमें 38 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक लेकर मेरिट में अपना स्थान बनाय ' विद्यालय की छात्रा सनौली 94.2 और शिवम 94.2 आयुष 94.2 तीनों छात्रों ने समान अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार ज्योति 93.8% लेकर दूसरे स्थान पर दृष्टि 93.2 लेकर तीसरे स्थान पर व ज्योति 92.8% लेकर चौथे स्थान पर रही ' इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के यशस्वी ऋषि दयानंद के भक्त महामंत्री श्री उम्मेद शर्मा भी उपस्थित रहे ' उन्होंने सभी विद्यार्थियों का फूल मालाओं से स्वागत किया और उनके अभिभावकों का भी समृद्धि चिन्ह देकर अभिनंदन व स्वागत किया गया उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय महर्षि देव दयानंद के बताए वेद मार्ग पर चलते हैं यहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों की विद्या भी दी जाती है ' और इन संस्थानों में अनुशासित एवं जीवन संबंधित अच्छी विद्या भी दी जाती है ' हम ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानंद पंडित लेखराम आदि के पद चिन्ह पर चलते हैं मैं अपनी ओर से विद्यालय की प्रबंध समिति प्रिंसिपल साहब वह सभी शिक्षकों को बधाई व शुभकामनाएं देता हूं ' विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि हमारा विद्यालय समय-समय पर हर कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेता है हमारी संस्था ऋषि दयानंद के पद चिन्ह पर चलकर अच्छा परिणाम प्राप्त किया है रणदीप ने बताया कि मैं सभी विद्यार्थियों को उनके अभिभावक को और विद्यालय के सभी शिक्षकों को अपनी प्रबंध समिति की ओर से आभार प्रकट करता हूं।

## सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा बैरागी धर्मशाला मे लगाया गया जूस का लंगर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : सेवा ट्रस्ट यूके** (भारत) द्वारा बैरागी धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे मंहत प्रेमदास जी की राज्य स्तरीय जयंती के उपलक्ष्य पर रियल जूस का विशाल भण्डारा दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैरागी समाज के प्रधान व प्रमुख समाजसेवी डाक्टर रामगोपाल मित्तल द्वारा की गई । उन्होने बताया की राज्य स्तरीय धर्मशाला के निर्माण में महंत प्रेमदास जी का बहुत बड़ा योगदान है । समाज के प्रति उनके योगदान को मापा नहीं जा सकता है ।उन्होने समाज मे लडकियो की शिक्षा ओर समाज की एकजुटता के लिए बहुत कार्य किया । उन्होंने बैरागी समाज को एक सूत्र में बाधने का काम किया। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा की मंहत प्रेमदास जी को उनकी जयंती पर हम सब कोटि-कोटि नमन करते है।

# संपादकीय

## सुशील मोदी: बिहार के राजनीतिक शिखर तक बनाया मुकाम

**बिहार** भाजपा में सुशील कुमार मोदी ऐसा नाम है, जो किसी परिचय का मोहताज नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य सुशील कुमार मोदी की पहचान एक जुझारू नेता के रूप में रही है। सामान्य परिवार से निकल बिहार के राजनीतिक शिखर का मुकाम बनाने के बीच संघर्ष की लम्बी राह भी रही है। छात्र संघ की राजनीति से उभरे सुशील मोदी जेपी आंदोलन से काफी प्रभावित थे। जेल भी गए। इनकी पहचान निर्भिक नेता की रही। छात्र राजनीति के दौरान लालू प्रसाद यादव सुशील मोदी साथ रहते थे लेकिन फिर उनकी राहें जुदा हो गईं। बाद में लालू के शासन के समय कई बड़े घोटालों का खुलासा सुशील मोदी ने किया। सुशील मोदी द्वारा दाखिल पीआईएल बिहार ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए चर्चित चारा घोटाले रूप में उजागर हुआ। सुशील मोदी की प्रारंभिक शिक्षा पटना के सेंट माइकल स्कूल से हुई। बीएससी बीएन कॉलेज से की। 1974 में जेपी आंदोलन के आह्वान पर एमएससी की पढ़ाई छोड़ दी और करीब 19 माह जेल में रहे। 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान सुशील काफी सक्रिय रहे और स्कूली छात्रों को शारीरिक फिटनेस और परेड का प्रशिक्षण देने के लिए सिविल डिफेंस में कमांडेंट बने। इसी दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सदस्यता ली। फिर 1977 में वो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और 1983 में परिषद के राष्ट्रीय स्तर पर महासचिव बने। करीब 34 साल राजनीति में सक्रिय रहे सुशील कुमार मोदी राज्यसभा, लोकसभा, विधान परिषद और विधानसभा यानी चारों हाउस के सदस्य रह चुके हैं। सुशील कुमार मोदी से पहले सिर्फ लालू प्रसाद यादव और नागमणि ही चारों सदनों के सदस्य रहे हैं। वर्ष 1990 में पहली बार पटना सेंट्रल से सुशील मोदी ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। 2004 में वो भागलपुर सीट से लोकसभा के सदस्य के तौर पर चुने गए। हालांकि 2005 में एनडीए की सरकार बनने के बाद सुशील मोदी को फिर से बिहार विधान मंडल दल का नेता चुना गया। तब उन्होंने लोकसभा से त्यागपत्र दिया था। वर्ष 2012 में वो फिर विधान परिषद सदस्य के तौर पर निर्वाचित हुए। इसके बाद 2018 में उन्हें राज्यसभा भेजा गया। तथ्यात्मक, संतुलित और संयमित भाषण देना इनकी पहचान रही है। कागजी आंकड़ों में महारत रखने वाले सुशील मोदी बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता के तौर पर रुतबा रखते थे। सरकार में कई अहम जिम्मेदारी संभालने के साथ वो तीन बार राज्य के उपमुख्यमंत्री भी रहे। 1996 से 2004 तक बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बने, 2011 में जीएसटी मंत्रियों की समिति के अध्यक्ष बने, 2013 में भाजपा के सरकार से अलग होने पर नेता प्रतिपक्ष बने और वर्ष 2017 में नीतीश सरकार में फिर बिहार के उपमुख्यमंत्री बने। कहा जाता है कि बिहार में जात आधारित राजनीति काम करती है। लिहाजा बिहार में ये अक्सर दिखाई देता था कि किसी जाति के बड़े नेता द्वारा अपने जाति के लोगों को खास तवज्जो दी जाती थी लेकिन सुशील कुमार मोदी उन नेताओं में से थे, जिन्होंने जात-पात को कभी अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। वैश्य समाज से आने वाले सुशील कुमार मोदी ने कभी भी ऐसी स्थिति नहीं आने दी कि लोग कहें कि वो वैश्यों को पार्टी में प्राथमिकता दे रहे हैं। व्यक्तिगत परिचयः सुशील कुमार मोदी का जन्म 05 जनवरी 1952 को बिहार की राजधानी पटना में हुआ था।

# पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाक

ललित गर्ग

"स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है। दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है"

**पाकिस्तान** के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार की तानाशाही, उदासीनता, उपेक्षा एवं दोगली नीतियों के कारण हालात बेकाबू, अराजक एवं हिंसक हो गये हैं। जीवन निर्वाह की जरूरतों को पूरा न कर पाने से जनता में भारी आक्रोश एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। पीओके के लोग पाकिस्तान सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा था। पीओके की आवाज दबाने के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया है एवं आन्दोलनकारियों को दबाने की दमनकारी कोशिशें की जा रही है। पीओके के बगावती तेवर देख पाकिस्तान के हाथ-पांव फूल गये हैं।

दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार सरकार की उपेक्षा, उत्पीडन एवं उदासीनता झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हडपने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देते समय कड़ी शर्तों लगाई थीं, जिसके कारण स्थिति और खराब हो गई है। बिजली दरों में बढ़ोतरी से दिक्कतें बढ़ गई हैं और पाकिस्तान में लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इन्हीं जर्जर एवं



जटिल हालातों के बीच पीओके के हालात पाकिस्तान के लिये नया सिर दर्द बन गया है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर बल बढ़ा दिए हैं, समस्या को अनियंत्रित एवं अनिश्चित हालात में पहुंचा दिया है।

पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पीओके में आजादी के नारे लगने एवं उसे लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग के बाद शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना दोनों सकते में है। पाकिस्तान के अत्याचार के खिलाफ पीओकी की जनता जिस तरह खड़ी हो गई, उसने पाकिस्तानी नीति निमार्ताओं को तनाव में ला दिया है। हजारों की संख्या में कश्मीरी लोग पीओके में जगह-जगह सड़कों पर उतर आए तो पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा है। पीओके में विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी दमन चक्र शुरू हो गया है। इसमें पाकिस्तान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी लगाया गया है। पीओके के सभी 10 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भाजपा की मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में पीओके को पाकिस्तान से मुक्त कराकर भारत में शामिल करना पहले से निश्चित है। पीओके का ताजा संघर्ष एवं आन्दोलन भाजपा की राह को निश्चित ही आसान करेंगी।

भारत के विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर की रियासत पर आक्रमण करने के बाद पीओके बनाया गया था। पाकिस्तानी सेना और आदिवासी हमलावरों के हमले के तहत, महाराजा हरिसिंह ने भारत से सैन्य मदद मांगी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पूरी रियासत पर कब्जा करने से रोक दिया। अब, लगभग सात-आठ दशक से अधिक समय के बाद, जबकि पाकिस्तान भारी वित्तीय, राजनीतिक और मानवीय संकट में फंस गया है, जबकि भारत अपने आर्थिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक मापदंडों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है, वहां के लोग शांति, शिक्षा, व्यापार एवं विकास की दृष्टि से नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं जबकि पीओके कम मानव विकास के साथ आर्थिक प्रगति से वंचित जनजीवन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है। दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है। सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी देखकर वहां के लोग समझ गये कि उनका शोषण एवं उत्पीडन ही हो रहा है। यही कारण है कि पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के साथ मिलाने को ही अपने हित एवं शांतिपूर्ण जीवन के अनुरूप मानने लगे हैं। इसके लिये किये गये तब के प्रदर्शन के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के लोग ह्यआर-पार जोड़ दो, करगिल को खोल दोह्व जैसे नारे लगाते नजर आए थे। वहीं, देश भर में गेहूं के आटे की कमी, बलूचिस्तान में उग्रवाद, अफगानिस्तान के साथ सीमा संघर्ष, पाकिस्तानी तालिबान द्वारा हमलों और एक गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ, पीओके में लोगों ने काफी कड़वे अनुभव किये हैं। निर्वासित पीओके नेता, शौकत अली कश्मीरी भी पीओके में लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को उजागर करने के लिए दिसंबर से विभिन्न देशों में बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में जिनेवा में समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि पाकिस्तान ने 1948 से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया है लेकिन बदले में पीओके में लोगों को बेरोजगारी और निर्वासन मिला। अधिकांश लोगों को चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। पीओके के लोग चीन - पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का भी विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि गलियारे की आड़ में उनकी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाएगा और भारत के जवाबी हमले उन्हें झेलने पड़ेंगे। चूकि भारत अब पहले वाला भारत नहीं रहा, उसकी सैन्य ताकत का मुकाबला करना पाकिस्तान के लिये संभव नहीं रहा है, इसलिये बिना मतलब भारत के आक्रमण को झेलने से स्वयं को बचाने के लिये पीओके के लोग भारत में विलय को ही उचित मानते हैं।

# कविता

## आवारा, बंजारा बन जाऊंगा मैं

पलकों में समाँ जाऊंगा मैं।
तेरे सपनों में समां जाऊंगा मैं।

पवन बयार बन जाएगी तू,
महक बन फैल जाऊंगा मैं।।

महलों की अजीम शान है तू।
आवारा,बंजारा बन जाऊंगा मैं ।।

कहां खोजूं किस दर पर जाऊं ।
तलाश में बावरा बन जाऊंगा मैं।।

न तेरा पता है ना तेरी कोई खबर,
हवा में खुशबू बन जाऊंगा मैं ''

फुर्सत से करुंगा हिसाब ए जिंदगी,
तलाश में यायावर बन जाऊंगा मैं।।

सूरज की रोशनी सी रोशन तू,
रात का सितारा बन जाऊंगा मैं।

तेरी अंखियों में अपनी शरारत छोड़ ,
फिजाओं में तसव्वुर बन जाऊंगा मैं ''

संजीव ठाकुर

## मानव जीवन, वन करे चित्कार

संजीव

**वर्तमान में** पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं।

विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है। इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं।

इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं।

# विचार

## कामदार से राहुल बनकर भी देखिये कभी

राकेश

**करोड़ों के** सरकारी विमान में उड़ान भरते हुए,हजारों किलो गुलाब और गेंदे के फूलों की महक को आत्मसात करते हुए चुनाव प्रचार करना ,नामांकन भरना आसान है लेकिन आम आदमी की तरह किसी सेलून में जाकर हजामत बनवाना कठिन काम है। कम से कम नामदार लोग तो ऐसा नहीं कर सकते ,लेकिन अंधभक्तों की नजर में पप्पू' राहुल गांधी ने ऐसा कर दिखाया और देश को बिना एक शब्द कहे ये बता दिया कि असली कामदार और असली नामदार कौन है ? संकीर्णता और आत्मग्लानि से उबरना बहुत कठिन काम है । देश का नेतृत्व करने वाले तमाम नेता अपनी हीनता और दीनता को छिपाने के लिए क्या कुछ नहीं करते। अब तो नौबत ये आ गयी है कि मध्यप्रदेश में केंद्र सरकार के एक मंत्री [जो स्वयंभू महाराज भी हैं ] कार की छत पर चढ़कर भांगड़ा करते हैं तो उनके कप्तान देश में नया चूड़ी उद्योग खोलने के संकेत दे रहे हैं। कोई सरकार किसी देश को चूड़ियाँ पहनाने की बात कर अपनी मजबूती का नहीं बल्कि अपने दम्भ और वैचारिक दीवालियेपन का मुजाहिरा कर सकती है। चूड़ी भारतीय संस्कृति में महिलाओं का एक महत्वपूर्ण आभूषण है। कांच की चूड़ियां आम हाँ लेकिन खास लोग और खासकर नकली कामदार सोने-चंडी की चूड़ियां भी अपने परिवार की महिलाओं को पहनाते हैं। फिरोजाबाद की चूड़ियां देश और एशिया में मशहूर है। चूड़ियों का कोई मजहब नहीं होता । चूड़ियां हिन्दू भी पहनते हैं और मुसलमान भी । अगड़े भी पहनते हैं और पिछड़े भी । दलित भी पहनते हैं और महाहदलित भी। चूड़ी बनाने वाले ज्यादातर लोग मुसलमान होते हैं और पहनने वाली महिलाएं हिन्दू। आजतक किस हिन्दू महिला ने चीड़ियाँ पहनने से इसलिए इंकार नहीं किया कि उन्हें बनाने और पनाने वाले हाथ मुसलमान या किसी और मजहब वाले के है। कोई मनिहार या मनिहारिन किसी कलाई से उसका मजहब नहीं पूछती । ये काम तो केवल और सियासत वाले करते हैं। तमिल में चूड़ी को 'वलायल' और तेलुगु में 'गाजू' भी कहा जाता है। अंग्रेजी में इसे बेंगल कहते है जो हिन्दी के ही शब्द बंगरी से बना है

चूडिया एक और जहां सुहाग यानि सौभाग्य का प्रतीक हैं वहीं चूड़ियाँ भेंट करना सामने वाले की कमजोरी ,अकर्मण्यता,दीनता को उजागर करने का तरीका भी है । विपक्ष में रहने वाले लोग अक्सर सत्ता प्रतिष्ठान और नौकरशाही को चूडिया पहनाने की कोशिश करता है। मजे की बात ये है कि पूरे दस साल केंद्र की सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा और भाजपा के नेताओं का चूड़ी भेंट करने का तौर-तरीका बदला नहीं है । वे अब विपक्ष को तो चूड़ियाँ पहना नहीं सकते लेकिन पड़ौसी देश को चूड़ी पहनाने की बात जरूर करने लगे हैं। उन्हें लगता है कि देश का विपक्ष इन दिनों पड़ौसियों की शह पर सत्ता प्रतिष्ठान की राह में रोड अटका रहा है।

बात राहुल गांधी से शुरू हुई थी और वहीं समाप्त भी होना चाहिए,इसलिए मै आपको दोबारा राहुल गांधी की उस तस्वीर की और ले चलता होऊं जो हाल ही में चुनाव प्रचार से समय निकालकर एक हजामत बनाने वाले की दूकान से ली गयी है। बकौल भाजपा राहुल शाहजादा है। चांदी की चम्मच मुंह में रखकर पैदा हुए है। नामदार हैं और सबसे बड़ी बात पप्पू हैं। हम ये सब बातें मान लेते हैं क्योंकि बड़ों की बातें मानने में ही आजकल भलाई है ,लेकिन हमारा सवाल भी है कि आप कामदार होते हुए राहुल की तरह जनता से सीधे क्यों नहीं जुड़ पा रहे ? क्यों आप सड़कों पर पैदल नहीं चल सकते ? क्यों आप किसी आम आदमी या कामदार की तरह अपनी हजामत किसी साधारण सेलून में बनवाने की हिम्मत नहीं कर रहे ?

दरअसल चंडी की चम्मच मुंह से निकाल फेंकना जितना कठिन काम है उतना कठिन काम कामदार से नामदार होना भी है । जो आदमी फर्श से अर्श पर आता है वो कभी भूले से भी नीचे नहीं आना चाहता। उसे विलासता का जीवन जीने की आदत पड़ जाती है और उसके छीने जाने की कल्पना मात्र से ही उसका रोम-रोम कांपने लगता है। वैभव और विलासता के बीच बने रहने के लिए वो एक,दो नहीं अनेक अवसर माँगता है। उसके सामने कोई नैतिकता,कोई नजीर,कोई संविधान काम नहीं करता। उसके सर पर हमेशा एक ही भूत सवार रहता है कि कोई शाहजादा कहीं सिंहासन पर कब्जा करने तो नहीं आ रहा ?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## कामकाजी माताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना

विजय गर्ग

**कामकाजी** महिलाओं के लिए अनिश्चितता से बचाव और वित्तीय नियोजन में बीमा की महत्वपूर्ण भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता मातृ दिवस वास्तव में उन अद्भुत महिलाओं का जश्न मनाने का एक विशेष दिन है जिन्होंने हमारे जीवन में अपूरणीय भूमिका निभाई है। कैरियर की आकांक्षाओं और पारिवारिक जिम्मेदारियों के दैनिक संतुलन कार्य के बीच, उनके वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता अक्सर पीछे रह जाती है। बीमा खरीदारों में क्रमिक वृद्धि के बावजूद, इस आवश्यक सुरक्षा का लाभ उठाने वाली महिलाओं का अनुपात अनुपातहीन रूप से कम है। यह न केवल कार्यबल जनसांख्यिकी में अंतर को रेखांकित करता है, बल्कि महिलाओं के बीच एक व्यापक धारणा को भी उजागर करता है कि जीवन बीमा एक तत्काल आवश्यकता नहीं है। माताएँ चाहे कामकाजी पेशे में हों या गृहिणी, कई घरों की गुमनाम नायिकाएँ होती हैं। कामकाजी माँ पेशेवर प्रतिबद्धताओं और पारिवारिक कर्तव्यों दोनों को शालीनता और लचीलेपन के साथ निभाती है, जबकि गृहिणी घर के भीतर अलग-अलग जिम्मेदारियाँ निभाती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके परिवारों की देखभाल की जा रही है। वे शक्ति के स्तंभ के रूप में काम करते हैं, अपने परिवारों को अटूट समर्थन और प्यार प्रदान करते हैं। हालाँकि, गतिविधियों के दैनिक बवंडर के बीच, अपने प्रियजनों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण पहलू को कभी-कभी दरकिनार किया जा सकता है। वित्तीय नियोजन के क्षेत्र में, टर्म इंश्योरेंस एक मूक लेकिन दुर्जेय ढाल के रूप में उभरता है, जो जीवन की अनिश्चितताओं के खिलाफ व्यापक सुरक्षा प्रदान करता है। बीमा के अन्य रूपों के विपरीत, टर्म इंश्योरेंस शुद्ध सुरक्षा कवरेज प्रदान करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि पॉलिसी अवधि के दौरान पॉलिसीधारक की मृत्यु की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति में, उनके लाभार्थियों को पूर्व निर्धारित बीमा राशि प्राप्त होती है। भविष्य की सुरक्षाः कामकाजी माताओं के लिए, उनके प्रियजनों के भविष्य की भलाई की सुरक्षा के लिए टर्म इंश्योरेंस अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मैं निष्पक्ष हूँ

डॉ. सुरेश कुमार

**एक** बार की बात है, एक छोटे से गाँव में जहां शांति और सामाजिक उतार-चढ़ाव का खाता जोर-शोर से चल रहा था, वहां रहने वाले लोगों के जीवन में एक नया चमत्कारिक तत्व आया। यह चमत्कारिक तत्व था - सांप। हां, आपने सही सुना। गाँव में एक सांप ने अपना आवास बनाया और उसके आने से गाँव का माहौल ही बदल गया। इस सांप की खबर सुनकर, गाँव के लोगों में अनेक सवाल उठे। "इतनी भीड़-भाड़ वाली जगह में साँप क्यों आया?" "क्या यह सांप वाकई यहाँ रहना चाहता है या कुछ और करने आया है?" "यहाँ कैसे आया?" और बहुत कुछ। लेकिन जवाब कहीं नहीं मिला। एक दिन, एक नया शहरी आया जिसका नाम था श्रीकांत। वह गाँव में अपने खाली समय के लिए आया था, और उसने सांप के बारे में सुना था। उसने सोचा, "यह कैसा अजीब महौल है जहां लोग सांप के साथ रहने में आनंद ले रहे हैं।" उसने तुरंत जानने की इच्छा व्यक्त की और सांप के पास पहुँचा। सांप को देखकर श्रीकांत ने हंसते हुए पूछा, "तुम यहाँ कैसे?" सांप ने आराम से उत्तर दिया, "क्या, सांप को कभी कभार यहाँ आने का हक नहीं है?" श्रीकांत को थोड़ी हैरानी हुई, "तुम्हें यहाँ रहना कैसे पसंद आया?" सांप ने मुस्कुराते हुए बताया, "हाँ, यहाँ का मौसम तो बिलकुल बढ़िया है।" श्रीकांत ने आश्चर्य से पूछा, "क्या तुम सांप ही हो या फिर कोई और?" सांप ने खुशी से कहा, "मैं सांप लिमिटेड कंपनी का मालिक हूँ, और मैं राजनेताओं की सहााता के लिए यहाँ आया हूँ।" श्रीकांत को हंसी आई, "क्या, राजनेताओं की सहायता?" सांप ने मुस्कुराते हुए कहा, "हाँ, हम उनकी रैलियों में विष उगलते हैं।"

श्रीकांत ने हंसते हुए कहा, "तो किस पार्टी के लिए?" सांप ने अदाकारी से जवाब दिया, "हम निष्पक्ष हैं। हमारा विष सभी के लिए है, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो।" श्रीकांत की हँसी रुकने का नाम नहीं ले रही थी। उसने कहा, "यहाँ का माहौल ही कुछ अलग है।" सांप ने बड़ी समर्पण भावना से कहा, "हाँ, यहाँ का माहौल अलग है, लेकिन हमें अपने काम पर विश्वास है।"

## न्यूज फ्लैश

### महिला को फोन पर मिली जान से मारने की धमकी

**राजन पुरी**

**ऊना:** मैहतपुर के वार्ड दो की एक महिला को फोन पर गाली गलोच करने व जान से मारने की धमकी मिली है। मामले को लेकर महिला ने पुलिस के पास शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में अरूणा कुमारी निवासी वार्ड नंबर दो मैहतपुर ने बताया कि गत दिवस अपने घर पर थी, तो इसे एक नंबर से कॉल आई, जिसने मेरे व बेटे के साथ गाली गलोच किया व जान से मारने की धमकी दी। एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गैहूं खरीदः सरकारी केंद्रों पर गैहूं बेचने से बच रहा ष्कर्जदार किसानष

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा**

जिन किसानों की भूमि बैंक के पास बंधक है वह किसान सरकार को एमएसपी पर गेहूं बेचने से बच रहे हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि एमएसपी से अधिक बाजार में रेट मिलेगा तो किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर फसल नहीं बेचेगा। इसका असर यह हुआ है जनपद में जिम्मेदार एजेंसियां तय लक्ष्य के सापेक्ष ढाई महीने में 11ण्38 प्रतिशत गेहूं ही खरीद सकी हैं। 15 जून तक सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीद जारी रहेगी। इसे देखते हुए यह माना जा रहा है कि लक्ष्य के सापेक्ष आधी खरीद भी होना मुश्किल है। मथुरा जनपद को इस बार 93 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला है। 15 मई तक 10589 मीट्रिक टन की खरीद हुई थी। 15 जून तक लक्ष्य पूर्ति करनी है।

इसके लिए 89 सरकारी गेहूं खरीद केन्द्र जनपद में खोले गये हैं। साथ ही यह सुविधा भी दी गई कि बटाईदार भी एमएसपी पर अपना गेहूं बेच सकते हैं। किसानों को डर है कि अगर वह सरकारी क्रय केन्द्र पर अपना गेहूं बेचते हैं तो उनका पैसा बैंक खाते में जाएगा और बैंक वाले कर्ज में पैसे को काट लेंगेए जबकि उसे खेत में अगली फसल बोने के लिए पैसे की जरूरत है।

एक किसान का तो यहां तक कहना था कि उसका बेटा परिवार चलाने के लिए बाहर नौकरी करने गया। बेटे का पिता के साथ संयुक्त खाता था। जब बेटे ने परिवार के लिए खाते में पैसे डाले तो बैंक वालों ने केसीसी के ब्याज में पैसे काट लिये। जबकि उसे परिवार के लिए पैसे की जरूरत थी। इसी तरह की आशंकाएं किसान जता रहे हैं और सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने की बजाय बिचौलियों को अपनी फसल बेच रहे हैं। भाकियू चढ़ूनी के मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने बताया कि किसानों के लिए कई तरह की मुश्किल हैं। सरकारी सिस्टम में किसानों की बात सुनने को कोई तैयार नहीं है।

--------------गांव गांव में जा कर मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से खरीद हो रही है। किसानों से संपर्क किया जा रहा है। अगर किसान संपर्क करता है तो उसके घर से गेहूं उठा लिया जाएगा और वहीं रजिस्ट्रेशन कर देंगे।

**.संतोष कुमारए जिला खाद्य विपणन अधिकारी**

### एक जून से वसूली अभियान चलाएगा विद्युत विभाग

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्युत विभाग बकायेदारों से वसूली के लिए अभियान चलाएगा। इसके लिए बकायेदारों से वसूली के लिए टीमों का गठन किया गया है। वसूली प्रक्रिया की लगातार अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे और प्रतिदिन की वसूली की शाम को समीक्षा होगी। मतदान से पहले ओटीएस योजना लेकर आया था। प्रदेश में पहली बार उन उपभोक्ताओं को भी ओटीएस में शामिल किया गया था और बडी छूट दी गई थी जो बिजली चोरी में पकडे गये थे।

65 प्रतिशत छूट के बावजूद ऐसे उपभोक्ताओं ने ओटीएस योजना में उत्साह नहीं दिखाया और बेहद कम संख्या में मामलों का निस्तारण हो सका। चुनाव और ओटीएस के बाद विभाग अब वसूली पर जोर देगा। अभियान में कनेक्शन काटने के साथ ही रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी। टीम में एसडीओए जेई के अलावा पांच छह कर्मचारी शामिल होंगे। टीमों की मॉनिटरिंग अधीक्षण अभियंता स्वयं करेंगे। सुरक्षा के लिहाज से टीमों के साथ पुलिस बल भी तैनात रहेगा। बकाया राजस्व नहीं देने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही उनके कनेक्शन भी काटे जाएंगे। बकाया राजस्व नहीं देने वालों के खिलाफ वसूली के लिए आरसी तक काटी जाएंगी। राजस्व वसूली करने में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी भी विभाग के निशाने पर होंगे। टीमों के काम की रोजाना समीक्षा होगी। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# पुलिसिया उत्पीड़न का आरोप लगा व्यापारियों ने किया बाजार बंद

## .श्री कृष्ण जन्मस्थान क्षेत्र के व्यापारियों ने बैठक के बाद लिया निर्णय

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मथुरा में श्री कृष्ण जन्म स्थान क्षेत्र के व्यापारियों ने मंगलवार को बैठक की और बैठक में बाजार बंद करने का निर्णय लिया गया। व्यापारियों का आरोप है कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान क्षेत्र में कारोबार करना उनके लिए आसान नहीं रह गया है। दरअसल श्रीकृष्ण जन्मस्थान क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से व्यवस्था चाक चौबंद रहती है। यहां आने वाले लोगों पर सुरक्षाकर्मियों की पैनी नजर




रहती है। कई बार श्रद्धालुओं को भी सुरक्षा की दृष्टि से कड़ी चेकिंग से गुजरना होता है। जबकि स्थानीय व्यापारी इस सब में छूट चाहते हैं। यहां कारोबार करने वाले लोगों का आरोप है कि पुलिसकर्मी उन्हें बेजां परेशान करते हैं। कृष्ण जन्म स्थान व्यवसाई समिति के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के अनुसार पुलिस प्रशासन अपनी मनमानी और हाठधर्मिता के कारण आम मार्ग को बंद कर व्यापारियों एवं स्थानीय निवासियों के उत्पीड़न पर आमादा है। प्रशासन द्वारा वाहन पास के नवीनीकरण में मनमाना रवैया अपनाया जा रहा है। उन्होंने बताया इसके अलावा कई बार पुलिसकर्मियों द्वारा बैरियर पर चेकिंग के दौरान व्यापारियों से अभद्रता की जाती है। इस संबंध में कई बार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया गया पर उन्होंने कोई कदम नहीं उठाया। तीन दिन पूर्व स्थानीय व्यापारियों ने मीटिंग कर अवगत करा दिया था की उनकी मांगे नहीं मानी गयी तो मंगलवार से समूचा बाजार बंद कर दिया जायेगा इसके बाबजूद पुलिस प्रशासन ने इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं कि वरन समिति के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल को हड़का दिया जिसने आग में घी डालने का काम किया। मिलन भाटिया ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा है कि व्यापारी तबके का योगी सरकार में उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## राया नगर पंचायत के सभासद बोले हमारी कोई सुनता ही नहीं!



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

नगर पंचायत राया के कार्यालय के बाहर मंगलवार की सुबह आठ बजे से वार्ड सभासद व सफाईकर्मी धरने पर बैठ गए। अधिशासी अधिकारी व लिपिक कई आरोप लगाये। सभासदों ने बताया कि नगर में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है और अधिशाषी अधिकारी उन्हें पहचानते तक नहीं हैं। बोर्ड बैठक एक वर्ष में केवल चार बार बुलायी गयी हैं। नगर में नल खराब पड़े है व स्ट्रीट लाइट भी खराब हैं। ऐसी स्थिति में वह अपने वार्ड की जनता का सामना भी नहीं कर पा रहे हैं। सभासदों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा सफाई कर्मियों को पूरा वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। उन्हें पता तक नहीं है कि ठेकेदार कौन है। ऐसी ही करीब 10 से अधिक मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। वहीं अरविंद शर्मा ने मौके पर पहुंचकर उनकी मांगों का समर्थन किया।

## नगर निगम के 70 वार्डों में वसूला जाएगा यूजर चार्ज

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

नगर निगम 70 वार्डों में यूजर चार्ज वसूलेगा। साथ ही शत प्रतिशत कूडा कलेक्शन करने के नगर आयुक्त ने निर्देश दिये हैं।

नगर निगम मथुरा वृन्दावन में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करनेए शत प्रतिशत डोर टू डोर कूडा कलेक्शन एवं यूजर चार्ज की वसूली की समीक्षा बैठक नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने ली। मंगलवार को जनरलगंज स्थित नगर निगम मथुरा वृन्दावन कार्यालय में बैठक हुई है। बैठक में अनिल कुमार अपर नगर आयुक्तए जितेन्द्र सिंह जोनल सेनेटरी ऑफिसरए सफाई एवं खाद्य निरीक्षक तथा डोर टू डोर कूडा कलेक्शन कर रही संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को वार्डों में समुचित सफाई



व्यवस्था रखने के साथ साथ डोर टू डोर कूडा कलेक्शन के अन्तर्गत यूजर चार्ज की वसूली किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार डोर टू डोर कूडा कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन का कार्य कर रही संस्था के प्रतिनिधि को नगर निगम के सभी 70 वार्डों में शत प्रतिशत कूडा कलेक्शन करने के लिए निर्देशित किया गया।

## अप्पर अनियाला में बाबा जी की चौकी 19 मई को

**राजन पुरी**

**ऊनाः** जिला मुख्यालय के साथ लगते अप्पर अरनियाला में 19 मई को आठवां वार्षिक भंडारा एवं बाबा जी की चौकी धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। बाबा बालक नाथ मंदिर कमेटी की ओर से कराए जाने वाले धार्मिक कार्यक्रम में यहां पंजाब हिमाचल के प्रसिद्ध गायक बाबाजी की महिमा का गुणगान करेंगे। 19 मई को रात्रि 8 बजे से बाबाजी की चौकी शुरू होगी, तो शाम सात बजे से भंडारे का प्रसाद संगत में वितरित किया जाएगा। पंजाब के मशहूर गायक गुरी धालीवाल अपनी मधुर आवाज में श्रद्धालुओं को बाबा बालक नाथ की जीवनी को बताएंगे। जबकि ऊना के प्रसिद्ध गायक गुरप्रीत गुप्पी, हैप्पी शहवाज व कंचन अपनी मधुर आवाज में बाबा बालक नाथ की महिमा का गुणगान करेंगी।

## वीपीएस ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

### 27 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक किए हासिल

**राजन पुरी**

**ऊनाः** सीबीएसई की ओर से घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य पर 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों तथा उनके अभिभावकों को मंगलवार स्कूल में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट व अभिभावकों के बीच छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन व उनके भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने बताया कि स्कूल के 27 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 12वीं कक्षा के कॉमर्स संकाय में शिवांश ने 96प्रतिशत अंक लेकर जिला ऊना में प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में वशिष्ट पब्लिक स्कूल के ऋत्विक सैनी ने



96 प्रतिशत अंक लेकर जिला ऊना में प्रथम स्थान हासिल किया। दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में वशिष्ट पब्लिक स्कूल की छात्रा राशि ने 97 प्रतिशत अंक लेकर जिला ऊना में प्रथम स्थान हासिल किया है। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने अभिभावकों को बधाई दी और उनका स्कूल पर विश्वास जताने पर धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राज वशिष्ठ उपस्थित रहे। स्कूल के चेयरमैन सतपाल वशिष्ट ने अभिभावकों का धन्यवाद किया।

## सीएम से विकास के लिए आया पैसा भाजपा प्रत्याशी ने चहेतो में बांटाः विवेक

**जनसंपर्क**

**▶▶ विवेक शर्मा ने मंगलवार को अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी से अपना चौथा सवाल किया।**

**राजन पुरी**

**ऊनाः** कुटलैहड कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने मंगलवार को अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी से अपना चौथा सवाल किया। अप्पर अजनोली व अप्पर कोटलां में जनसंपर्क अभियान ने विवेक शर्मा ने कहा कि आपदा के समय प्रदेश सरकार ने कुटलैहड़ के लिए 10 करोड़



रुपए की राहत राशि दी। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी बताएं कि 10 करोड़ रुपये किस-किस लाभार्थी को दिया। विवेक शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कोई ऐसी बात बता दो, जो अपने क्षेत्र की समस्या से जुड़ी विधानसभा में उठाई हो। उन्होंने कहा की भाजपा प्रत्याशी ने लोगों के साथ छलावा कर मुख्यमंत्री की तरफ से आया विकास का पैसा अपने चहेतो में बांटा गया।

इस बात की पूरी जानकारी दी आरटीआई के माध्यम से ली जाएगी कि आखिर सरकार से मंजूर हुई राहत राशि और सहायता राशि जो आपदा के समय क्षेत्र के लिए आई थी, वह कहां लगाई। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी झूठ का सहारा लेकर भीड़ जुटाने का असफल प्रयास कर रहे हैं। नामांकन भरने के नाम पर कार्यकताओं को बुलाकर अपमान किया गया, जबकि अगले पांच ठेकेदारो के साथ में नामांकन भरा गया। जिसको लेकर कुटलैहड की जनता काफी निराश दिख रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से विधायक ने 14 महीने के कार्यकाल में लोगों के साथ स्लूक किया उससे तो ऐसा प्रतीत होता है कि वह सच में अपनी ठेकेदारी को चमकाने के लिए ही कांग्रेस पार्टी में आए थे और फिर अब ठेकेदारों की फौज के साथ भाजपा के साथ खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि इस ठेकेदारी की प्रथा को लेकर जनता दुखी है। आज ठेकेदारी प्रथा की वजह से दिन प्रतिदिन दो चार होना पड़ता है।

## मथुरा के खेतों में लहराएगी नेपियर घास

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

नेपियर घास किसानों को मोटा मुनाफा पहुंचाएगी। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति 2022 जनपद स्तरीय गठित समिति के सदस्य सचिवए उप निदेशक कृषि मथुरा संतराम की अध्यक्षता में खण्ड विकास अधिकारी नंदगांव के सभागार में आयोजित समन्वय बैठक में पराली एवं नेपियर घास की खेती हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों तथा कृषको के मध्य आयोजन किया गया। जिसमें अजय कुमार वरिष्ठ परियोजना अधिकारी प्रथम उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा बोर्ड लखनऊए एसके वर्मा परियोजना अधिकारी यूपी नेडा मथुराए अश्वनी कुमार सिंह जिला कृषि अधिकारी मथुराए खड़ग सिंह एडीओ कृषि छाताए नरेन्द्र सिंह प्रभारी सहायक कृषि तथा मैसर्स अडानी ग्रुप के नवजोत सरदाना एवं चेतन द्वारा प्रतिभाग किया गया। कृषक पराली से जनमानस को होने वाली हानि के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए उप निदेशक कृषि द्वारा प्रकाश डाला गया। कृषको की आय में वृद्धि हो इसके लिए नेपियर घास की खेती हेतु कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसके बीज की उपलब्धता कृषको को सुनिश्चित करने हेतु मैसर्स अडानी ग्रुप द्वारा जनपद में क्रियाशील एजेंसियों से समन्वय कर कृषको तक सामान्य पहुंच सके इस पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। नेपियर घास की खेती को मैसर्स अडानी ग्रुप के प्रतिनिधियों द्वारा प्रति कुंतल की दर से दरों के निर्धारण के लिए यथा आवश्यक लिखित सूचना से अवगत कराने के लिए निर्देश दिये गये हैं। जिस पर मैसर्स अडानी ग्रुप के प्रतिनिधि नवजोत सरदाना एवं चेतन द्वारा क्रियाशील एजेंसियों को कृषकों के बीच में अधिक प्रचार प्रसार पर बल दिया गया।

## जेएनवी में करानिया ने 96.4 अंक किए प्राप्त



**राजन पुरी**

**ऊनाः** जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुबेला की छात्रा करानिया ने सीबीएसई के कक्षा बारहवीं में 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया है। इससे पूर्व भी दसवीं सीबीएसई की परीक्षा में करानिया ने प्रथम स्थान करके विद्यालय की ख्याति बढ़ा चुकी है।

करानिया के पितासरकारी अध्यापक है। करानिया इस परीक्षा की उपलब्धि का श्रेय अपने पिता श्याम सुंदर दास, माता रमा भारती अपने भाई शिवम व अपने सभी अध्यापक व प्राचार्य राज सिंह व उपप्राचार्य विमल को दिया हैं। करानिया ने बताया कि उनका सपना आईएएस अधिकारी बनना है। करानिया ने जीई मेन परीक्षा 91 प्रतिशत से पास कर चुकी है। अभी जेई एडवांस की तैयारी कर रही हैं।

## खुद मिंया फजीहत़, दूसरों को नसीहतः सुरेश कश्यप

**चमन शर्मा**

**शिमलाः**आगामी लोकसभा चुनावों में शिमला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने आज ठियोग विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जनता से आशीर्वाद लिया तथा समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि सदन में झूठ बोलने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू जो आए दिन हर मंच से जनता की भावनाओं को भडकाने के लिए झूठ बोलते हैं, वे अपने गिरेबान में झांके। सियासत मुद्दों और तथ्यों से चलती है न कि स्टेज पर घड ?ली आंसू बहाकर और



झूठी बातें जनता को सुनाकर। सांसद ने मुख्यमंत्री सुक्खू को उनके बयान पर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में 83 प्रश्न उठाए, जिसमें से 16 पर बहस में हिस्सा लिया, जबकि 2 साल कोविड़ के कारण सदन की कार्यवाई नहीं हो पाई थी। जीरो ऑवर में 27 मुद्दे उठाए। उसके बाद शायद मुख्यमंत्री को जानकारी नहीं होगी कि प्रश्न बैलेट के माध्यम से निकलते हैं, परन्तु कम समय में भी मैंने अपनी जनता के प्रश्नों को सदन के पटल पर रखा। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू को स्पष्टिकरण देना मेरा मकसद नहीं है बलकि जो दुष्प्रचार मेरे बारे में किया जा रहा हैं उसकी जानकारी अपनी जनता को देना अपना कर्तव्य समझता हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सभी नेताओं को अपने समान झूठ बोलने वाला समझते हैं। प्रदेश की जनता को 10 गारंटियों के नाम पर झूठ बोलकर ठगा फि`र उन गारंटियों को ठण्डे बस्ते में डाल दिया। आज जब लोकसभा चुनाव सामने है तो फि र वह चुनावी जिन्न सामने आ गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1500 के नाम पर ठगने वाले चुनाव के दौरान कहते थे कि 18 से 59 वर्ष की सभी महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए दिया जाएगा, परन्तु आज न बजट का प्रावधान किया और न ही इस योजना को पहली कैबिनेट में शुरू किया। मात्र लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए लाहौल.स्पीति में इसकी घोषणा कर दी।

# क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगे माइक्रो पर्यवेक्षक

**राजन पुरी**

**ऊनाः** लोकसभा और दो विधानसभा उप चुनावों को लेकर ऊना जिले में नियुक्त किए गए माइक्रो पर्यवेक्षकों के लिए मंगलवार को जिला परिषद हॉल ऊना में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने की। इस दौरान उन्होंने माइक्रो पर्यवेक्षकों को उनके दायित्व और कर्तव्यों की जानकारी दी तथा चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित मानकों की अनुपालन सुनिश्चित बनाने और अपनी ड्यूटी को पूरी लगन से निभाने को कहा।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि माइक्रो



पर्यवेक्षक जिले में क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगे। इसलिए वे अपने दायित्वों को लेकर अधिक सजग रहें। स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने में माईक्रो पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बता दें जिला में मतदान के लिए 516 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, इनमें से 51 क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं। जतिन लाल ने बताया कि मतदान वाले दिन माइक्रो पर्यवेक्षक मतदान आरंभ होने से पूर्व तय समय पर मतदान केंद्र पर पहुंच कर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान संबंधी सभी व्यवस्थाओं की जांच करेंगे, ताकि वोटिंग के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान न आए। उन्होंने निर्देश दिए कि वे मतदान केंद्र में हो रही हर गतिविधि की जिला मुख्यालय को समय-समय पर रिपोर्ट भेजते रहें। यह भी निगरानी रखें कि मतदान केंद्र पर तैनात प्रत्येक चुनाव कर्मी प्रक्रिया के हर पहलु का पालन कर रहे है या नहीं। किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका पर तुरंत उसकी सूचना सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक को दें। उन्होंने निर्देश दिए कि माइक्रो पर्यवेक्षक मतदान के दिन प्रातः 5:30 बजे होने वाले मॉक पोल में सभी दलों के एजेंटों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। मॉक पोल के दौरान यदि किसी यूनिट में तकनीकी खराबी पाई जाती है, तो केवल वही यूनिट बदला जाएगा। लेकिन मतदान के दौरान यदि वीयू/सीयू में दिक्कत आती है, तो पूरे यूनिट को बदला जाएगा। बता दें, लोकसभा और दो विधानसभा उप चुनावों को लेकर जिला में पहली जून को सुबह 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक मतदान होगा।

4,222 मतदाताओं ने चुना घर से वोट का विकल्प

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला में घर से वोट डालने की सुविधा के इच्छुक पात्र 11,993 लोगों को फॉर्म 12 डी वितरित किए गए थे। इसमें से 4,222 मतदाताओं ने अपने फॉर्म जमा करवाए हैं।

# तस्वीर बता रही है कैसी है सरकारी शिक्षा के मंदिर की सूरत

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

गांव की गलियों में कराये गये विकास कार्य के दौरान यह देखने की जहमत भी किसी ने नहीं उठाई कि कार्य पूरा होने के बाद शिक्षा के मंदिर की हालत कैसी होगी। सोमवार को हुई बूंदाबांदी के बाद स्कूल को जाने वाले रास्ते में जलभराव हो गया। मंगलवार को बच्चों को पानी से होकर स्कूल पहुंचना पडा। स्कूल के चारों और पसरी गंदगी ने बच्चों के स्वास्थ्य को भी खतरे में डाल दिया है। आगामी मौसम बरसात का है ऐसे



में अभिभावक अपने पाल्यों को लेकर चिंतित हैं कि वह उन्हें स्कूल भेजें या नहीं। महावन तहसील की ग्राम पंचायत पचावर के प्राथमिक विद्यालय प्रथम में गांव की नालियों का पानी भर जाता है। जिससे होकर छोटे छोटे बच्चे निकलते हैं। जिससे बच्चों को निकलने में दिक्कत होती है। विद्यालय के शिक्षकों ने शिक्षा विभाग को अवगत भी कराया लेकिन को समाधान नहीं हुआ। गांव की नालियां विद्यालय भवन से ऊंची कर निमार्ण किया गया है नालियों में कूड़ा करकट भरा रहता है। जिससे नालियों का पानी विद्यालय परिसर में प्रवेश कर जाता है। नालियों का गंदा पानी विद्यालय परिसर में भर जाता है जिससे बच्चों को आवागमन में दिक्कत होती है। ग्रामीण पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय में बच्चे जाते हैं तो बच्चे गंदे पानी में गिर जाते हैं।

## एफटीए भागीदारों को 14.48फीसदी बढ़ा भारत का निर्यात, इन देशों से आयात में 37.97फीसदी वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारत का संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वाले देशों को निर्यात 2018-19 से 2023-24 के बीच यानी छह साल में 14.48 फीसदी बढ़कर 122.72 अरब डॉलर पहुंच गया। 2018-19 में भारत ने इन देशों को 107.20 अरब डॉलर का निर्यात किया था। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के मुताबिक, छह साल की इस अवधि में एफटीए भागीदारी वाले देशों से भारत का आयात 37.97 फीसदी बढ़कर 187.92 अरब डॉलर पहुंच गया। 2018-19 में भारत ने इन देशों से 136.20 अरब डॉलर का माल आयात किया था। यह वृद्धि भारत की वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर एफटीए के महत्वपूर्ण और विविध प्रभाव को दर्शाती है।?

वैश्विक व्यापार में भारत की कुल 1.8 फीसदी हिस्सेदारी

भारत का वैश्विक व्यापार में 1.8 फीसदी हिस्सा है। यह निर्यात में दुनियाभर में 17वें स्थान पर है। आयात के मोर्चे पर भारत वैश्विक व्यापार में 2.8 फीसदी हिस्सेदारी के साथ 8वें स्थान पर है।2023-24 में भारत का निर्यात 3.11 फीसदी घटकर 437.1 अरब डॉलर रहा।?आयात भी 5.4 फीसदी गिरकर 677.2 अरब डॉलर रहा।

## 'हमारे डेटा का उपयोग कर पैसा कमाते हैं और फिर हमें लेक्चर देते हैं', माइक्रोसॉफ्ट से ओला सीईओ नाराज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ओला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भाविश अग्रवाल ने एक पोस्ट में माइक्रोसॉफ्ट और उसकी अनुषंगी लिंक्डइन को फटकार लगाई है। उन्होंने कहा है कि भारत को अपना प्रौद्योगिकी मंच स्थापित करने की जरूरत है ताकि पश्चिमी प्रौद्योगिकियों के एकाधिकार के कारण सांस्कृतिक रूप से शासित होने की आशंका को दूर किया जा सके।माइक्रोसॉफ्ट का बहिष्कार करते हुए अग्रवाल ने कहा कि ओला अब उसकी सेवाओं का लाभ नहीं उठाएगी और एक सप्ताह में अपना पूरा कार्यभार अपने घरेलू क्रुट्रीम क्लाउड पर स्थानांतरित कर देगी।

यह विवाद लिंक्डइन द्वारा ओला के सीईओ की एक पोस्ट को हटाने के बाद शुरू किया गया है। उस पोस्ट में, लिंक्डइन के एआई को भारतीय उपयोगकर्ताओं पर एक राजनीतिक विचारधारा थोपने की बात कही गई थी। उन्होंने जनरेटिव एआई की प्रतिक्रिया का एक स्क्रीनशॉट साझा किया था जिसमें अग्रवाल के बारे में बताने के लिए वे और उनके जैसे सर्वनामों का उपयोग किया गया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ओला सीईओ ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि यह प्रथा भारत तक नहीं पहुंचेगी। अग्रवाल ने भारतीय डेवलपर समुदाय से डीपीआई (डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर) सोशल मीडिया ढांचा बनाने का आह्वान किया। यूपीआई, ओएनडीसी और आधार जैसे भारतीय डीपीआई की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि केवल सामुदायिक दिशानिर्देश ही भारतीय कानून में होना चाहिए।

## उच्च ऋण वृद्धि के जरिए बैंकों की जोखिम उठाने की क्षमता, साख निर्धारित करने में महत्वपूर्ण, फिच का दावा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बेहतर वित्तीय प्रदर्शन के बावजूद उच्च ऋण वृद्धि के जरिए भारतीय बैंकों की जोखिम उठाने की क्षमता उनकी साख के लिए एक महत्वपूर्ण कारक बनी रहेगी। फिच रेटिंग्स ने सोमवार को यह बात कही।एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले ऋण चक्र से संपत्ति की गुणवत्ता का दबाव कम हो रहा है, जिससे अनुकूल कारोबारी माहौल बन रहा है। इससे बैंकों की क्षमता और वृद्धि की चाह बढ़ी है। वित्त वर्ष 2023-24 में बैंक ऋण में वित्त वर्ष 2022-23 के समान 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वित्त वर्ष 2014-15 और 2021-22 की तुलना में आठ प्रतिशत सीएजीआर (चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर) से अधिक है। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट 'बेहतर प्रदर्शन के बावजूद भारतीय बैंकों की व्यवहार्यता रेटिंग पर जोखिम लेने की क्षमता का असर' में कहा कि बड़े निजी बैंकों ने पिछले ऋण चक्र में महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी हासिल की और तेजी से बढ़ना जारी रखा। सरकारी बैंक भी तेजी से वृद्धि की राह पर लौट आए लेकिन बड़े निजी बैंक पिछड़ गए।

## दक्षिण कोरिया घरेलू चिप उद्योग में 7.2 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करेगा

**सियोल।** दक्षिण कोरिया महत्वपूर्ण उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत चिप उद्योग का समर्थन करने के लिए 10 ट्रिलियन वॉन (.7.28 बिलियन) से अधिक का पैकेज स्थापित करने पर जोर देगा, इसके वित्त मंत्रालय ने कहा है।वित्त मंत्री चोई संग-मोक ने एक स्थानीय चिप के दौरे के दौरान कहा कि 10 ट्रिलियन से अधिक के नियोजित सहायता कार्यक्रमों का उद्देश्य चिप उद्योग के सभी क्षेत्रों के लिए सस्ती सामग्री से लेकर विनिर्माण उपकरण और घटकों तक सुविधा निवेश और अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों का समर्थन करना है। बनाने वाली कंपनी.योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह पैकेज निजी संस्थाओं और राज्य संचालित कोरिया विकास बैंक जैसे सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों द्वारा वित्तपोषित एक फंड के माध्यम से बनाया जाएगा।

## वित्त मंत्री ने राहुल गांधी की खटाखट योजनाओं पर उठाए सवाल, कांग्रेस से पूछा कहां से आएगा फंड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान कांग्रेस पार्टी को उसकी विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं को लेकर आड़े हाथ लिया है। सीतारमण ने कांग्रेस से सवाल उठाते हुए पूछा कि गरीबी रेखा से नीचे परिवारों की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने समेत कई सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करने की लागत को पूरा करने की योजना पार्टी कैसे बना रही है। वित्त मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार के राजकोषीय प्रबंधन (विशेषकर कर्ज को लेकर) हाल के दिनों में बहुत कुछ कहा गया है। उन्होंने कहा कि कई बार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि पर विचार किए बिना पूर्ण आंकड़ों की तुलना की गई है, जबकि हम जीडीपी के आधार पर कर्ज की गणना करते हैं। सीतारमण ने आगे लिखा है कि मैं कांग्रेस के उलट एक स्पष्ट तस्वीर सामने रखना चाहूंगी। कांग्रेस ऊंचे-ऊंचे वादों के पीछे चीजों को छिपाती है, जो कतई पारदर्शी नहीं हैं और



वास्तविकता से कोसों दूर है। उन्होंने कहा, ''क्या कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में किए गए ऊंचे-ऊंचे वादों की लागत पर विचार किया है? क्या उन्होंने गणना की है कि 'खटाखट' योजनाओं की वित्तीय लागत कितनी होगी? क्या वे उनके लिए बड़े पैमाने पर उधार लेंगे या वे इसके लिए कोष देने के लिए कर बढ़ाएंगे?

वित्त मंत्री ने पूछा, ''क्या राहुल गांधी इन सवालों का जवाब देना चाहेंगे और बताएंगे कि उनकी राजकोष के मोर्चे अधिक खर्च वाली योजनाएं बिना कर बढ़ाए या भारी उधार लिए और अर्थव्यवस्था को गिराए बिना कैसे काम करेंगी? अच्छा यह होगा कि वह देश के लोगों के लिए इन सवालों का जवाब दें। यह उनके लिए एक चुनौती है।

सीतारमण ने वित्त वर्ष 2003-04 से 2013-14 तक के यूपीए शासन के दौरान कर्ज के बारे में याद दिलाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का कर्ज 2004 के 18.74 लाख करोड़ रुपये से 3.2 गुना बढ़कर 2014 में 58.59 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि एनडीए का कर्ज 2.5 गुना बढ़ा है, जो यूपीए से कम है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच यह कम वृद्धि कोरोना महामारी के प्रभाव के बावजूद हुई। सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 172.37 लाख करोड़ रुपये (संशोधित अनुमान) हो गया। इसमें 2.9 गुना वृद्धि हुई है, जो यूपीए सरकार के शासन के दौरान बढ़ोतरी से कम है। उस दौरान राजस्व में कमी के बावजूद केंद्र ने जरूरतमंद लोगों को राहत देने के लिए उधार लिया। वित्त मंत्री ने कहा कांग्रेस ने चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए लोकलुभावन वादा किया है।

## खुदरा महंगाई दर अप्रैल में मामूली गिरावट के साथ 4.83 फीसदी पर आई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अप्रैल में खुदरा महंगाई दर में मामूली गिरावट आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर घटकर 4.83 फीसदी पर आ गई है। इससे पिछले महीने मार्च में खुदरा महंगाई दर 4.85 फीसदी रही थी, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 4.3 फीसदी थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि अप्रैल महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दर घटकर 4.83 फीसदी पर आ गई है। इससे



पिछले महीने मार्च में खुदरा महंगाई दर 4.85 फीसदी रही थी, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 4.3 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक रसोई में इस्तेमाल होने वाली कई वस्तुओं के दाम घटने से खुदरा महंगाई दर में यह गिरावट आई है। हालांकि, आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई मामूली बढ़ोतरी के साथ 8.70 फीसदी रही है, जबकि इससे पिछले महीने मार्च में यह 8.52 फीसदी के स्तर पर थी। आंकड़ों के मुताबिक ग्रामीण इलाकों के लिए महंगाई दर 5.43 फीसदी और शहरी इलाकों के लिए 4.11 फीसदी रही। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 4.50 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया है।

## डाटा की बढ़ रही खपत, 24 करोड़ घरों को ब्रॉडबैंड सेवाओं से जोड़ने के लिए 4.2 लाख करोड़ की जरूरत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के 24 करोड़ घरों को अगले छह साल में यानी 2030 तक तेज रफ्तार वाली ब्रॉडबैंड सेवाओं से जोड़ने के लिए 4.2 लाख करोड़ रुपये के भारी निवेश की जरूरत होगी। ईवाई ग्लोबल के दूरसंचार क्षेत्र के प्रमुख एवं भागीदार प्रशांत सिंघल ने ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के सम्मेलन में इसका ब्योरा देते हुए कहा, फाइबर बिछाने पर 2.7-3 लाख करोड़ रुपये, बुनियादी ढांचे पर 90,000-96,000 करोड़, वाईफाई एवं इन-बिल्डिंग समाधान पर 6,600-9,000 करोड़ रुपये, डाटा सेंटर पर 9,700-14,100 करोड़ रुपये और उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाओं पर 26,000-29,000 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा।

सिंघल ने कहा, भारत में अभी चार करोड़ घर से ब्रॉडबैंड से जुड़े हैं।?इनमें शहरी इलाकों में ब्रॉडबैंड की पहुंच 3.6 करोड़ घरों तक है। ग्रामीण क्षेत्रों में 30 लाख कनेक्शन हैं। इन्हें 2030 तक क्रमशः 10 करोड़ और 15.3 करोड़ घरों तक पहुंचाने की जरूरत है। ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के अध्यक्ष टीवी रामचंद्रन ने कहा, देश में फिक्स्ड ब्रॉडबैंड का मौजूदा ढांचा डाटा की बढ़ती खपत के साथ तालमेल नहीं बिठा सकता है। छह साल में फिक्स्ड ब्रॉडबैंड कनेक्शन में 20 फीसदी की न्यूनतम वार्षिक वृद्धि दर हासिल करनी होगी। अमेरिका में घरों तक ब्रॉडबैंड की पहुंच 92 फीसदी, चीन में 97फीसदी व जापान में 84फीसदी है।

## बड़ी गिरावट के बाद संभला बाजार, सेंसेक्स में करीब 1,000 अंक की छलांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी लेकिन दिन के पहले सत्र में शेयर बाजार जबरदस्त गिरावट का शिकार हो गया। बाद में खरीदारों ने जोर लगाया, जिसकी वजह से शेयर बाजार रिकवरी करके हरे निशान में पहुंचने में सफल रहा। आज के कारोबार में सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में करीब 1 हजार अंक की छलांग लगाई। इसी तरह निफ्टी भी निचले स्तर से 300 अंक से अधिक उछलने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.15 प्रतिशत और निफ्टी 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान मेटल, फार्मास्यूटिकल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉल कैप इंडेक्स में 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 397.55 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 396.56 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 99 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,086 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,780 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,176 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 130 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,294 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 915 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,831 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 187.82 अंक की कमजोरी के साथ 72,476.65 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह सूचकांक पहले डेढ़ घंटे के कारोबार में ही 798.46 अंक टूट कर 71,866.01 अंक तक गिर गया। लेकिन इसके बाद बाजार में खरीदार एक्टिव हो गए और चौतरफा लिवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक निचले स्तर से 997.55 अंक उछल कर 199.09 अंक की बढ़त के साथ 72,863.56 अंक के स्तर पर पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 111.66 अंक की तेजी के साथ 72,776.13 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 27.25 अंक की गिरावट के साथ 22,027.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही मुनाफावसूली शुरू हो जाने के कारण यह सूचकांक 234.15 अंक लुढ़क कर 21,821.05 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने जोर लगाया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आने लगी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक निचले स्तर से 310.60 अंक की रिकवरी करके 76.45 अंक की मजबूती के साथ 22,131.65 अंक तक पहुंच गया। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद निफ्टी 48.85 अंक की बढ़त के साथ 22,104.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से सिप्ला 5.61 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 3.90 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 3.13 प्रतिशत, डिवीज लेबोरेट्रीज 3.11 प्रतिशत और अडाणी एंटरप्राइज 2.94 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, टाटा मोटर्स 8.30 प्रतिशत, बीपीसीएल 1.90 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 1.82 प्रतिशत, एनटीपीसी 1.29 प्रतिशत और ओएनजीसी 1.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## सोने के भाव में मामूली गिरावट, चांदी में तेजी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सप्ताह के पहले दिन ही सोने की कीमत में गिरावट नजर आ रही है। हालांकि चांदी में आज मजबूती नजर आ रही है। आज के काराबोर में सोना करीब 50 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इस गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73,350 रुपये से लेकर 73,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 67,240 रुपये से लेकर 67,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 86,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल



कीमत 73,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 67,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज मामूली गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## आयकर विभाग करदाताओं की सहायता के लिए नए कदम का खुलासा किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने सोमवार को कहा कि उसने वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) में एक नई कार्यक्षमता शुरू की है, जिसके माध्यम से करदाता सूचना पुष्टिकरण प्रक्रिया की स्थिति देख सकेंगे। एआईएस कई सूचना स्रोतों से प्राप्त वित्तीय डेटा के आधार पर तैयार किया जाता है और करदाता द्वारा किए गए बड़ी संख्या में वित्तीय लेनदेन का विवरण प्रदान करता है जिनका कर संबंधी प्रभाव हो सकता है। एआईएस में, करदाता को प्रदर्शित होने वाले प्रत्येक लेनदेन पर फीडबैक प्रस्तुत करने की कार्यक्षमता प्रदान की गई है। यह फीडबैक करदाता को ऐसी जानकारी के स्रोत द्वारा प्रदान की गई जानकारी की सटीकता पर टिप्पणी करने में मदद करता है। गलत रिपोर्टिंग के मामले में, उसे स्वचालित तरीके से पुष्टि के लिए स्रोत के पास ले जाया जाता है।

## जोमैटो को चौथी तिमाही में 175 करोड़ रुपये का हुआ मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाली कंपनी जोमैटो लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में कंपनी ने 175 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी को 188 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था। जोमैटो ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त जनवरी-मार्च




तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 3,562 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2,056 करोड़ रुपये था। कंपनी के मुताबिक 31 मार्च, 2024 को समाप्त जनवरी-मार्च तिमाही में जोमैटो का कुल खर्च 3,636 करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2,431 करोड़ रुपये था।

वित्त वर्ष 2023-24 में जोमैटो का एकीकृत शुद्ध लाभ 351 करोड़ रुपये रहा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 971 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 12,114 करोड़ रुपये रही।

## कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 83 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15




रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल का भाव 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.27 डॉलर यानी 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 82.52 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.23 डॉलर यानी 0.29 फीसदी लुढ़कर 78.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## भारत-आसियान एफटीए की समीक्षा के लिए जुलाई में करेंगे अगले दौर की बातचीत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) के बीच मुक्त व्यापार करार (एफटीए) की समीक्षा के लिए चौथे दौर की बैठक 7-9 मई को मलेशिया के पुत्रजया में हुई। इस बैठक में भारत और सभी 10 आसियान देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अगले दौर की बातचीत 29-31 जुलाई को इंडोनेशिया के जकार्ता में होगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से रविवार को



बताया गया कि चौथे दौर की बैठक की सह-अध्यक्षता वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल और मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के उप-महासचिव (व्यापार) मस्तूरा अहमद मुस्तफा ने की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष अगले दौर 29-31 जुलाई, 2024 को पांचवीं संयुक्त समिति की बैठक के लिए इंडोनेशिया के जकार्ता में मिलेंगे। आसियान-भारत माल व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए बातचीत मई, 2023 में शुरू हुई थी। इसका मकसद इसे पूरे क्षेत्र के कारोबार को अधिक सुगम और लाभकारी बनाना है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक समीक्षा कामकाज देख रही संयुक्त समिति की अब तक चार बैठकें हुई हैं। पहली दो बैठकों में समिति ने समीक्षा की शर्तें और बातचीत के ढांचे को अंतिम रूप दिया है, जबकि 18-19 फरवरी को हुई तीसरी बैठक से समीक्षा शुरू की गई है।

भारत के वैश्विक व्यापार में 11 फीसदी की हिस्सेदारी के साथ आसियान भारत के प्रमुख व्यापार भागीदारों में से एक है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान द्विपक्षीय व्यापार 122.67 बिलियन अमेरिकी डॉलर का रहा। आसियान-भारत माल व्यापार समझौते के उन्नयन से द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ावा मिलेगा।

## म्यूचुअल फंड एसेट में पूर्वोत्तर की हिस्सेदारी बढ़कर 40,324 करोड़, इसमें सिक्किम के आंकड़े शामिल नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में कुल म्यूचुअल फंड परिसंपत्तियों (एसेट) में पूर्वोत्तर की हिस्सेदारी चार साल में दोगुनी से अधिक होकर मार्च, 2024 में 40,324 करोड़ रुपये पहुंच गई। इक्रा एनालिटिक्स की रिपोर्ट में कहा गया है, यह आंकड़ा छोटे शहरों व कस्बों के निवेशकों के बीच म्यूचुअल फंड में निवेश करने की बढ़ती चाहत का संकेत मिलता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन के तहत कुल औसत संपत्तियों (एएयूएम) में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड व त्रिपुरा की संयुक्त



हिस्सेदारी मार्च, 2020 में 0.67 फीसदी थी। यह मार्च, 2024 में बढ़कर 0.73 फीसदी हो गई। इसमें सिक्किम के आंकड़े शामिल नहीं हैं। मार्च, 2020 में इन राज्यों का संपत्ति आधार 16,446 करोड़ रुपये था, जो इस साल मार्च में बढ़कर 40,324 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# नवाज शरीफ संभालेंगे पीएमएल-एन अध्यक्ष पद की कमान

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक बार फिर से पार्टी की कमान संभालने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। पार्टी में अंदरूनी कलह के बीच शहबाज शरीफ ने पीएमएल-एन अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। पीएमएल-एन महासचिव को लिखे अपने पत्र में शहबाज ने 2017 के घटनाक्रमों का उल्लेख किया जिसका परिणाम नवाज के प्रधानमंत्री कार्यालय से बाहर होने एवं पार्टी की अध्यक्षता गंवाने के रूप में हुआ था। शहबाज (72) ने पत्र में कहा कि उनके भाई ने प्रतिकूल हालात के दौरान पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी और कहा कि यह कर्तव्य उन्होंने पूरे समर्पण और गंभीरता के साथ निभाया। नवाज (74) लंदन में करीब चार साल स्वनिर्वासन में रहने के बाद पिछले साल अक्टूबर में स्वदेश लौटे थे। शहबाज का इस्तीफा पंजाब प्रांत में और संघीय स्तर पर पार्टी में अंदरूनी कलह के बीच आया है।

# भारतीय मूल के मुरली पिल्लई सिंगापुर के मंत्रिमंडल में होंगे शामिल

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के मुरली पिल्लई को सिंगापुर के नए प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के नए मंत्रिमंडल में कानून और परिवहन राज्य मंत्री नियुक्त किया जाएगा। इसकी घोषणा सोमवार को की गई। जानकारी के अनुसार 56 वर्षीय पिल्लई को एक जुलाई को शपथ दिलाई जाएगी जबकि अन्य मंत्री 15 मई को शपथ लेंगे। सत्तारूढ़ 'पीपुल्स एक्शन पार्टी' के सदस्य पिल्लई एक वकील हैं। भारतीय मूल के अन्य नेताओं में डॉ. विवियन बालाकृष्णन विदेश मामलों के मंत्री बने रहेंगे, के. षणमुगम गृह मामलों और कानून मंत्री रहेंगे और इंद्राणी राजा प्रधानमंत्री कार्यालय में मंत्री रहेंगे।

# दक्षिण अफ्रीका में इमारत ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या 32 हुई, 20 कर्मचारी अब भी लापता

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका में एक निर्माणाधीन इमारत के ढह जाने से हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। पिछले सप्ताह हुई दुर्घटना के बाद भी बचाव दल कुछ लोगों के जीवित बचे होने की उम्मीद के साथ उनकी तलाश में जुटे रहे। जॉर्ज शहर में हुई इस घटना के छह दिन बाद भी एक निर्माण मजदूर जीवित मिला था, जिसके बाद और लोगों के मलबे में जिंदा दबे होने की उम्मीदें जगी थीं। हालांकि मरने वालों संख्या भी बढ़ती रही है और अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को मलबे से कम से कम 11 और शव बरामद किए गए।



उन्होंने कहा कि अन्य 20 कर्मचारी अब भी लापता हैं, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि दक्षिण अफ्रीका में इमारत ढहने की इस भयावह घटना में मरने वालों की संख्या 50 से ज्यादा पहुंच सकती है। छह मई को ढही निर्माणाधीन पांच मंजिला इमारत के मलबे में दबे लोगों की तलाश में 600 से अधिक आपातकालीन और अन्य कर्मी जुटे हैं। प्रशासन ने कहा कि इमारत ढहने के समय उसमें 81 श्रमिक थे और 29 को जीवित बाहर निकाल लिया गया है।

# नेपाल के पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने 29वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

**काठमांडू।** नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने रविवार को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 29वीं बार चढ़ाई की। इस तरह उन्होंने एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार चढ़ने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच दिया। पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग के अनुसार, अनुभवी पर्वतारोही शेरपा (54) रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे थे।नेपाल के सेवन समिट ट्रेक्स के एक वरिष्ठ अधिकारी थानी गुरगैन ने बताया कि सेवन समिट ट्रेक्स ने इस पर्वतारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया था और इसमें 20 पर्वातारोही शामिल हुए थे। उन्होंने रविवार की सुबह एवरेस्ट फतह किया। सेवन समिट ट्रेक्स ने एक बयान जारी कर बताया, कामी सहित सेवन समिट ट्रेक्स के कम से कम 20 पर्वतारोहियों ने रविवार सुबह माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की। पर्वतारोही दल में नेपाल के 13 पर्वतारोहियों के अलावा शेष अमेरिका, कनाडा और कजाकिस्तान से थे। कामी ने 1994 में पहली बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। पिछले साल उन्होंने एक ही सीजन में 27वीं और 28वीं बार एवरेस्ट फतह किया था और इस तरह वह एवरेस्ट पर सबसे ज्यादा बार चढ़ने वाले शख्स बन गये थे। रिपब्लिका समाचार पत्र के अनुसार, पिछले साल सोलुखुम्बु के पसंद दावा शेरपा ने 27वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी, लेकिन इस सीजन में उन्होंने चढ़ाई करने के बारे में अभी फैसला नहीं किया है।

# इंडोनेशिया बाढ़ से 50 मरने के बाद अब भी बचावकर्मी नदियों और मलबों में लोगों की तलाश कर रहें

एजेंसी

**तनाह दतार (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में अचानक आई बाढ़ की तबाही थमने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को बचावकर्मियों ने नदियों और उजड़े हुए गांवों के मलबे में लोगों की तलाश जारी रखी।मानसून की भारी बारिश और भूस्खलन तथा माउंट मेरापी से निकले ठंडे लावे ने शनिवार को आधी रात से ठीक पहले पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के चार जिलों में कहर बरपा दिया।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि बाढ़ में कई लोग और 79 मकान बह गए तथा कई घर और इमारतें जलमग्न हो गईं। नतीजतन 3,300 से अधिक निवासियों को अस्थायी सरकारी सहायता केन्द्रों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। मुहारी ने कहा कि मंगलवार तक कीचड़ और नदियों से 50 शवों को निकाला जा चुका है। बचावकर्मी उन 27 लोगों की तलाश कर रहे हैं जो लापता बताए जाते हैं। बचावकर्मी सात लोगों के समूह में से उन चार लोगों को भी खोज रहे हैं जो अपनी कार के साथ बह गए थे। प्रांतीय राजधानी पडांग में खोज और बचाव कार्यालय के प्रमुख अब्दुल मलिक ने कहा कि सोमवार को तीन अन्य शवों को बाहर निकाला गया है। मलिक ने कहा कि दूरदराज के इलाकों में अभी भी पहुंच संभव नहीं है, इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। इंडोनेशिया के 'सेंटर फॉर



वोल्केनोलॉजी एंड जियोलॉजिकल डिजास्टर मिटिगेशन' के अनुसार, माउंट मेरापी ज्वालामुखी को अचानक विस्फोटों के लिए जाना जाता है। मेरापी में विस्फोटों का अनुमान लगाना मुश्किल है क्योंकि स्रोत उथला है और शिखर के पास है। मेरापी ज्वालामुखी जनवरी 2024 में एक विस्फोट के बाद से सक्रिय है जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ था। यह इंडोनेशिया में 120 से अधिक सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है। पैसिफिक 'रिंग ऑफ फायर' पर स्थित होने के कारण देश भूकंपीय उथल-पुथल का अनुभव करता रहता है।

# व्हाइट हाउस में 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत की धुन बजायी गयी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस के मरीन बैंड ने सोमवार को कई एशियाई अमेरिकियों के समक्ष 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत की धुन बजायी।

एशियाई अमेरिकी व्हाइट हाउस में 'एशियन अमेरिकन, नेटिव हवाई एंड पेसिफिक आइलेंडर' (एएएनएचपीआई) 'विरासत माह' का जश्न मनाने के लिए एक स्वागत समारोह में राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ इकट्ठा हुए थे।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मोहम्मद इकबाल द्वारा लिखे गए देशभक्ति गीत की धुन को भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने दो बार बजाया। राष्ट्रपति की ओर से इस वार्षिक कार्यक्रम के लिए भारतीय अमेरिकियों को आमंत्रित किया गया था।

भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने समारोह के बाद एक साक्षात्कार में ' बताया, ''व्हाइट हाउस के एएएनएचपीआई विरासत माह के उपलक्ष्य में रोज गार्डन में आयोजित किया गया समारोह एकदम अद्भुत था। सबसे अच्छी बात यह रही कि जैसे ही मैं व्हाइट हाउस में गया संगीतकारों ने 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत की धुन बजाकर मेरा स्वागत किया।'' आखिरी बार पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान ऐसा किया गया था।मरीन बैंड ने बताया कि उसने राजकीय दौरे से पहले इसका अभ्यास किया था।

कैलिफोर्निया में रह रहे भुतोरिया ने कहा, ''मुझे बेहद अच्छा लगा। व्हाइट हाउस में मेरे लिए यह गर्व का पल था।मैंने उनके साथ गाना शुरू किया और फिर मैंने उनसे इसे एक बार फिर से बजाने का अनुरोध किया। उन्होंने मेरा अनुरोध मान लिया और बताया कि वे इसे दूसरी बार बजा रहे हैं।

जब प्रधानमंत्री मोदी आए थे तो उन्होंने इसे बजाया था और उसके बाद आज फिर वे इसे बजा रहे हैं। यह बेहद मनोरम दृश्य है कि आज व्हाइट हाउस में 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत सुनने को मिला।'' इस समारोह के दौरान अमेरिकी सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति ने ड्रम बजाकर वहां मौजूद सैकड़ों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# पीओके में आंटा मांग रही जनता पर पाक सुरक्षा बलों की गोलीबारी, तीन की मौत

एजेंसी

**पीओके।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की राजधानी मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स के साथ झड़प के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

मंगलवार को मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। पीओके में गेहूं के आटे की ऊंची कीमतों और बिजली के बढ़े हुए दामों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, विवादित क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए गए अर्धसैनिक रेंजर्स पर क्षेत्र से बाहर निकलते समय हमला हो गया।

खबर में कहा गया है कि पांच ट्रकों समेत 19 वाहनों के काफिले ने



खैबर पख्तूनख्वा की सीमा से लगे गांव ब्रारकोट से बाहर निकलने के बजाय कोहाला से क्षेत्र से बाहर निकलने का विकल्प चुना। खबर के अनुसार, जैसे ही काफिला आक्रोशित माहौल में मुजफ्फराबाद पहुंचा, शोरां दा नक्का गांव के पास उस पर पत्थरों से हमला किया गया, जिसका जवाब उन्होंने आंसू गैस और गोलीबारी से दिया।

इसमें आगे कहा गया है कि पश्चिमी बाईपास के रास्ते शहर में प्रवेश करने के बाद, रेंजर्स पर फिर से पथराव हुआ, जिसके चलते उन्हें आंसूगैस और गोलियों का इस्तेमाल करना पड़ा। गोलाबारी इतनी भीषण थी कि पूरा इलाका दहल उठा। खबर के अनुसार, 40 किलोग्राम आटे की सब्सिडी दर 3,100 पाकिस्तानी रुपये से कम करके 2,000 पाकिस्तानी रुपये कर दी गई है। खबर के अनुसार 100, 300 और 300 यूनिट से अधिक के लिए बिजली के दाम बढ़ाकर क्रमशः 3 रुपये, 5 रुपये और 6 रुपये प्रति यूनिट कर दिए गए हैं।

# राक में आईएस के हमले में पांच लोगों की मौत

एजेंसी

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद के उत्तर में सलाहुद्दीन प्रांत में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकवादियों के हमले में सोमवार को सेना के एक अधिकारी और चार सैनिकों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। एक प्रांतीय पुलिस सूत्र ने यह जानकारी दी है।



प्रांतीय पुलिस कमांड के मीडिया कार्यालय के मोहम्मद अल-बाज़ी ने बताया कि हमला शाम को हुआ जब आतंकवादियों ने प्रांत के पूर्वी हिस्से में ऊबड़-खाबड़ मेटिबिजाह क्षेत्र में सैन्य चौकियों पर हमला किया। हमले में दोनों पक्षों के बीच भीषण झड़प हुई। उन्होंने कहा कि झड़प के कारण एक रेजिमेंट के कमांडर और चार सैनिकों की मौत हो गई साथ ही छह अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि हमलावरों के बीच हताहत होने के बारे में तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली। इराकी रक्षा मंत्रालय से संबद्ध खुफिया निदेशालय ने सोमवार को भी एक बयान में बगदाद से लगभग 40 किमी दक्षिण में लतीफिया शहर में आईएस के एक आतंकवादी की गिरफ्तारी की घोषणा की। आतंकवादी पर नागरिकों और सुरक्षा बलों के खिलाफ हमले करने का आरोप लगाया गया।

# अमेरिका के टेक्सास में हवाईअड्डे के रनवे पर बिजली गिरी

एजेंसी

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में खराब मौसम के बीच टेक्सास के चौथे सबसे बड़े शहर ह्यूस्टन के दो प्रमुख हवाई अड्डों में से एक विलियम पी. हॉबी हवाई अड्डे के रनवे पर सोमवार दोपहर बिजली गिरी। ह्यूस्टन हवाई अड्डा प्रणाली ने यह जानकारी दी है।

स्थानीय मीडिया आउटलेट एबीसी 13 ने बताया कि हवाई अड्डे के अधिकारियों ने मरम्मत के लिए तुरंत रनवे बंद कर दिया। अभी तक नुकसान का कोई ब्यौरा उपलब्ध नहीं हो सका है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली गिरने से पहले बुश इंटरकांटिनेंटल हवाई अड्डे और ह्यूस्टन विलियम पी. हॉबी हवाई अड्डे ने ह्यूस्टन क्षेत्र में भयंकर तूफान के कारण पहले ही ग्राउंड स्टॉप जारी कर दिया था। हॉबी में ग्राउंड स्टॉप स्थानीय समय शाम सात बजे तक और बुश में कम से कम 5:30 बजे तक बढ़ा दिया गया। वर्तमान मौसम खतरनाक तूफान, सॉफ्टबॉल आकार के ओले, विनाशकारी हवा के झोंके और संभावित बवंडर के साथ-साथ



सोमवार को दक्षिण अमेरिका में बाढ़ का खतरा लेकर आया जिससे टेक्सास से फ्लोरिडा तक चार करोड़ 60 लाख से अधिक लोग अलर्ट पर है।स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार मिसिसिपी और अलबामा के कुछ हिस्सों में सोमवार को तेज तूफान की एवं मिसिसिपी के हेटिसबर्ग क्षेत्र के लिए बवंडर की चेतावनी जारी की गई।

फॉक्स पूर्वानुमान केंद्र ने कहा कि इस सप्ताह का गंभीर मौसम और बाढ़ का खतरा उतना अधिक नहीं होगा जितना हाल के सप्ताहों में हुआ था।

# अब एकीकृत समाजवादी पार्टी ने भी नेपाल सरकार से समर्थन वापस लेने का संकेत दिया

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के सत्तारूढ़ गठबंधन में असंतोष बढ़ता जा रहा है। सरकार के घटक दल ही इस गठबंधन के बारे में विरोधी बयान देने लगे हैं। अभी हाल ही में एक सत्तारूढ़ दल का विभाजन होने के बाद अब दूसरे एकीकृत समाजवादी पार्टी ने सरकार से समर्थन वापस लेने का संकेत दिया है।

प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के नेतृत्व में वर्तमान सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल एकीकृत समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल ने कहा है कि गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के केन्द्रीय कमेटी की बैठक में माधव नेपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचंड और केपी शर्मा ओली की तरफ से गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया जा रहा है। हाल ही में जनता समाजवादी पार्टी के विभाजन के लिए प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली को दोषी बताते हुए माधव नेपाल ने कहा कि दुनिया के राजनीतिक इतिहास में ऐसा कम होता है, जब प्रधानमंत्री अपने ही सत्तारूढ़ घटक दल का विभाजन करवाकर अपने मंत्रियों को बाहर निकालते हैं।

माधव नेपाल ने यह भी कहा कि जनता समाजवादी पार्टी (जसपा) के सरकार गिराने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि दो दिन बाद सुदूर पश्चिम की सरकार अपना विश्वास मत लेने वाली है लेकिन ओली की पार्टी ने विश्वास का मत नहीं देने का संकेत

### पार्टी के केन्द्रीय कमेटी की बैठक में माधव नेपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचंड और केपी शर्मा ओली की तरफ से गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया जा रहा है।

विभाजन के बाद अब प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली मिल कर उनकी पार्टी के विभाजन का षड्यन्त्र कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन में सहमति बनी थी कि सात में से तीन प्रदेश एमाले, दो प्रदेश माओवादी और एक-एक प्रदेश जसपा और उनकी पार्टी को मिलेगा। एमाले और माओवादी पार्टी प्रदेश में अपनी सरकार बना चुकी है लेकिन जसपा की सरकार गिरा दी गई और अब एकीकृत समाजवादी की किया है। माधव नेपाल ने कहा कि यदि सुदूर पश्चिम प्रदेश में उनकी पार्टी के नेतृत्व की सरकार गिरती है तो काठमांडू में गठबंधन में बने रहने का कोई मतलब नहीं है। माधव नेपाल ने कहा कि हमारी पार्टी को इस गठबंधन से बाहर निकालने का पूरा माहौल बनाया जा रहा है। दो दिन में अगर उनकी प्रदेश सरकार को समर्थन नहीं मिला तो वैकल्पिक गठबंधन को लेकर विचार किया जाएगा।

# पाक का बड़ा ऐलान.. 'देश के सभी सरकारी कंपनियों बेचेगी सरकार'.. पब्लिक सेक्टर में मचा हड़कंप..

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** भारत में पिछले कुछ समय से केंद्र की सरकार ने सरकारी कंपनियों की दशा, दिशा सुधारने और और उन्हें मुनाफे में लाने के मकसद से सरकारी कंपनियों का निजीकरण किया हैं।द सरकार के इस फैसले की आलोचना विपक्ष द्वारा की जाती रही हैं। इनमें एयरपोर्ट्स से लेकर टेलीकॉम और रेलवे जैसे सेक्टर शामिल रहे हैं। हालांकि ऐसे फैसले सभी सरकारें लेती रही हैं। 1991 में हुए उदारीकरण के बाद से सरकार के लिए सरकारी कंपनियों में सुधार के लिए यह एक सहज तरीका मान लिया गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार से लेकर मौजूदा मोदी की सरकार ने इस दिशा में कई बड़े फैसले लिए हैं।




**पाकिस्तान में सभी सरकारी कंपनियों का निजीकरण**

दरअसल पीएम प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि बिजनेस करना सरकार का काम नहीं है। सरकार का काम बिजनेस और देश में निवेश के लिए अच्छा माहौल देना है। सभी सरकारी कंपनियों को बेचा जाएगा, चाहे वह मुनाफा कमा रही हों या नहीं। सरकार सिर्फ उन कंपनियों को अपने पास रखेगी, जो रणनीतिक रूप से अहम होंगी। वही अब इस फैसले के बाद वहां के सरकार और प्राॅइवेट दोनों ही सेक्टर में हड़कंप मचा हुआ हैं। दोनों ही सेक्टर के कर्मचारी अपने जॉब को लेकर बेहद चिंतित हो उठे हैं। पाकिस्तान के कई दूसरी सियासी दलों ने इस कदम का विरोध शुरू कर दिया हैं तो कई ने इसे अर्थव्यवस्था के सेहत के सुधार के लिए सही कदम बताया हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस निजीकरण से देश की माली हालत में किस हद तक सुधार लाया जा सकता हैं।

# ईरान के साथ व्यापारिक समझौते करने वाले किसी भी देश पर प्रतिबंधों का संभावित खतरा : अमेरिका

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि ईरान के साथ व्यापारिक सौदे करने वाले किसी भी देश पर प्रतिबंध लगाए जाने का संभावित खतरा है। उसने यह भी कहा कि वह जानता है कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण ईरान के चाबहार बंदरगाह को संचालित करने के लिए 10 साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए है, जिससे नयी दिल्ली को मध्य एशिया के साथ व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत ने 2003 में ऊर्जा संपन्न ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित चाबहार बंदरगाह को विकसित करने का प्रस्ताव रखा था। इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) का इस्तेमाल कर भारत से सामान अफगानिस्तान और मध्य एशिया भेजा जा सकेगा। अमेरिका ने संदिग्ध परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान पर प्रतिबंध लगा दिए थे, जिसके चलते बंदरगाह के विकास का काम धीमा पड़ गया था।विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷हम इन खबरों से अवगत हैं कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से संबंधित एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मैं चाहूंगा कि भारत सरकार चाबहार बंदरगाह और ईरान के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में अपनी विदेश नीति के लक्ष्यों पर बात करे। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह को लेकर ईरान के साथ भारत के समझौते के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा, ÷मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि चूंकि यह अमेरिका से संबंधित है, ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू हैं और हम उन्हें बरकरार रखेंगे। पटेल ने कहा, आपने हमें कई मामलों में यह कहते हुए सुना है कि कोई भी इकाई, कोई भी व्यक्ति जो ईरान के साथ व्यापारिक समझौते पर विचार कर रहा है, उन्हें संभावित जोखिम और प्रतिबंधों के बारे में पता होना चाहिए। भारत और ईरान ने इस बंदरगाह को 7,200 किलोमीटर लंबे आईएनएसटीसी के एक प्रमुख केंद्र के रूप में पेश किया है। आईएएसटीसी के जरिए भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई की जाएगी।

# पाक के रक्षा मंत्री ने पूर्व सैन्य तानाशाह अयूब खान का शव कब्र से निकाल कर फांसी देने की मांग की

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने नेशनल असेंबली में हो रही तीखी बहस के दौरान मांग की कि संविधान को निरस्त करने के लिए पूर्व सैन्य तानाशाह अयूब खान के शव को कब्र से निकाला जाए और फांसी पर लटका दिया जाए। समस्या तब शुरू हुई जब अयूब खान के पोते और विपक्षी नेता उमर अयूब खान ने सैन्य प्रवक्ता मेजर-जनरल अहमद शरीफ चौधरी के पिछले सप्ताह के संवाददाता सम्मेलन पर कड़ी आपत्ति जताई और इसे सेना द्वारा राजनीति में हस्तक्षेप करना करार दिया। उमर अयूब खान ने कहा, 'संविधान के अनुसार सुरक्षा एजेंसियां राजनीति में शामिल नहीं हो सकती हैं।'उन्होंने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों का हवाला देते हुए कहा कि सैन्य अधिकारियों की शपथ उन्हें राजनीति में हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं देती। उन्होंने कहा ''सुरक्षा संस्थानों को संविधान के अनुसार, राजनीति में शामिल नहीं होना चाहिए। यह संवाददाता सम्मेलन नहीं होना चाहिए था।''

उन्होंने अनुच्छेद छह का हवाला देते हुआ कहा कि संविधान को निरस्त करना दंडनीय देशद्रोह है जिसके लिए मौत की सजा तय है। उन्होंने आग्रह किया कि सभी संस्थानों को संवैधानिक सीमाओं के भीतर रहना चाहिए। रक्षा मंत्री आसिफ ने कहा कि अयूब खान संविधान का उल्लंघन करने वाले पहले व्यक्ति थे और उन्हें अनुच्छेद छह का सामना करने वाला भी पहला व्यक्ति होना चाहिए।

# डॉ. भरत बराई ने कहा– पश्चिम देशों में भारत के बारे में भ्रामक सूचनाएं, झूठी धारणाएं गढ़ी जा रही

एजेंसी

**वाशिंगटन।** एक प्रमुख भारतीय अमेरिकी ऑन्कोलॉजिस्ट का कहना है कि भारत में आम चुनावों के बीच पश्चिमी देशों में भारतीय लोकतंत्र के बारे में भ्रामक सूचनाएं और झूठी धारणाएं गढ़ी जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम में कुछ लोग अभी भी औपनिवेशिक मानसिकता बरकरार रखे हुए हैं।

शिकागो में रहने वाले डॉ. भरत बराई ने रविवार को दिये एक साक्षात्कार में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर उन सिख अलगाववादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए निशाना साधा, जो भारत के भीतर और भारतीय नेताओं के खिलाफ हिंसा की खुलकर योजना बनाते हैं और हिंसा का समर्थन करते हैं। डॉ. बराई ने दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'खालिस्तान की समस्या सिर्फ और सिर्फ कनाडा में और थोड़ी बहुत अमेरिका में है। अगर अमेरिकी सरकार उन्हें जमीन का एक टुकड़ा देना चाहती है तो उन्हें खुश रहने दीजिये। आखिरकार वे (खालिस्तानी समर्थक) विदेशी नागरिक हैं। वे या तो अमेरिकी नागरिक हैं या फिर कनाडाई हैं। भारत में क्या हो रहा है उसमें हस्तक्षेप करने का उनके पास क्या अधिकार है? उन्होंने कहा, अगर वे अपने लिए अलग जमीन चाहते हैं तो ट्रूडो को उन्हें दे देनी चाहिए। अगर अमेरिका सोचता है कि यह एक अच्छा विचार है (तो उन्हें ऐसा करने दीजिए)... हम अब्राहम लिंकन के सामने खड़े हैं। जब दक्षिण (अमेरिका) अलग होना चाहता था तो उन्होंने क्या किया? हमने गृह युद्ध देखा है। वाशिंगटन में उन्हें (लिंकन को) राष्ट्रपिता के रूप में देखा जाता है। डॉ. बराई ने कहा, यह (खालिस्तान) भारत की समस्या नहीं है। भारतीय सिखों का इसे कोई लेना-देना नहीं है। यह विदेशों में जन्में या विदेशों में रह रहे सिखों और उनमें से भी कुछ चुनिंदा लोगों की धारणा है। अमेरिका सहित पश्चिमी देशों में कई समाचार लेखों और टिप्पणियों में भारत के लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की आजादी और मानवाधिकारों को लेकर उठ रहे सवालों के बारे में बराई ने कहा कि लोगों का एक वर्ग भारत के बारे में भ्रामक सूचनाएं और झूठी धारणाएं गढ़ रहा है। डॉ. बराई ने कहा, मुझे लगता है कि पश्चिम में कुछ लोग ऐसे हैं, जिनकी अभी भी औपनिवेशिक मानसिकता है। उन्हें अभी भी लगता है कि वह दुनिया के बेताज बादशाह हैं। वे उन लोगों में से एक हैं, जो दुनिया के दूसरे देशों में क्या चल रहा है उसपर अपनी राय रखते हैं और वे अपने आप को अयातुल्ला समझते हैं, जिनकी राय अंतिम होगी। उन्होंने कहा, लेकिन यह बदला हुआ भारत है। भारत ने पिछले 10 वर्षों में बहुत प्रगति की है। यह दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सेना की ताकत भी बढ़ी है। भारत अभी वास्तव में गुटनिरपेक्ष बना हुआ है। भारत की अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के साथ दोस्ती है, रूस भी उसका दोस्त है। इसलिए इस तरह की आलोचना से भारत को रोका नहीं जा सकता।

## रमीज राजा ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन की आलोचना की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में पाकिस्तानी टीम की जीत के बावजूद गेंदबाजों के प्रदर्शन की आलोचना की है। पाकिस्तान के अग्रणी तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद आमिर, नसीम शाह और अब्बास अफरीदी ने मिलकर 162 रन दिए, जिससे आयरलैंड ने पहली पारी में 20 ओवर में 7 विकेट पर 193 रन बनाए।

इन चारों में से शाहीन और आमिर बहुत महंगे साबित हुए। इन दोनों ने 11.00 की इकॉनमी से रन दिए। शाहीन ने तीन विकेट लिए लेकिन अपने चार ओवर के स्पेल में 49 रन लुटाए। जबकि आमिर ने अपने चार ओवर के स्पैल में 44 रन देकर 1 विकेट अपने नाम किया। हालांकि पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने तीन ओवर शेष रहते 194 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। रमीज ने आयरलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन की आलोचना की। 61 वर्षीय खिलाड़ी का मानना है कि अगर आयरलैंड मोहम्मद रिजवान और फखर जमान का कैच लेने में कामयाब होता तो परिणाम कुछ और होता। रमीज ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, हमारे गेंदबाजों ने आयरलैंड के खिलाफ 200 रन दे दिए और ऐसा लग रहा था जैसे हमारे गेंदबाज पीछे थे, अगर आयरलैंड ने रिजवान और जमान का कैच पकड़ लिया होता तो पाकिस्तान के लिए लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो जाता। पाकिस्तान के शीर्ष गेंदबाजों ने अगर आगे के मैचों में आयरलैंड के खिलाफ इतने रन दिए, तो यह टीम के लिए कठिन हो जाएगा। सफलता गेंदबाजों पर निर्भर करती है, खासकर तेज गेंदबाज, वे पिछले साल भारत में विश्व कप के बाद से संघर्ष कर रहे हैं, वे दो गेंदें अच्छी फेंकते हैं और फिर तीन गेंदें खराब फेंक देते हैं।

## हम तीनों प्रारूपों में अपना भविष्य सुरक्षित करना चाहते हैं : सिकंदर रजा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें टी-20 मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज करने के बाद कप्तान सिकंदर रजा ने कहा कि जिम्बाब्वे तीनों प्रारूपों में अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए टीम का पुनर्निर्माण करने और नए खिलाड़ियों को जोड़ने की कोशिश करेगा।ब्रायन बेनेट उन खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें टी20 मैच में जीत दिलाने में मदद की।

बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें टी-20 मैच में बेनेट, जिन्होंने पिछले साल जिम्बाब्वे के लिए पदार्पण किया था, ने 20 रन देकर 2 विकेट हासिल किए और फिर बल्ले से कमाल करते हुए केवल 49 गेंदों पर 70 रन बनाए। जिम्बाब्वे 2019 के बाद से अपने चौथे आईसीसी टूर्नामेंट 2024 टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाएगा। रजा ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बातचीत में कहा, क्योंकि हम विश्व कप में नहीं जा रहे हैं, हम टीम का पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। हम तीनों प्रारूपों में अपना भविष्य सुरक्षित करना चाहते हैं। सीनियर लोग वनडे और टेस्ट में थोड़े लंबे समय तक रहेंगे, लेकिन टी20 में हम एक नई टीम बनाने की कोशिश कर रहे हैं, दीर्घकालिक दृष्टिकोण यह है कि ये लोग टी20 से वनडे और टेस्ट में खेलने के लिए आत्मविश्वास हासिल करें।

## अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखना चाहता हूंः मोहम्मद राहील मौसीन

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के रहने वाले मोहम्मद राहील मौसीन एक ऐसे परिवार से हैं जिनके खून में हॉकी है। उनके दादा, मोहम्मद अमीरुद्दीन और उनके पिता, मोहम्मद नसीरुद्दीन ने घरेलू सर्किट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि उनके भाई, मोहम्मद नईमुद्दीन ने भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम में जगह बनाई। एंटवर्प और लंदन में मिनी-टूर्नामेंट के लिए 24 सदस्यीय टीम में जगह बनाने के बाद राहील अब एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में खेलने के लिए तैयार हैं।

आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के महत्व पर राहील ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि मुख्य ध्यान ओलंपिक की तैयारी पर है। मेरा मानना है कि एफआईएच प्रो लीग मैच एक टीम के रूप में हमारी मदद करेगा। मैं कई बार टीम से अंदर-बाहर होता रहा हूं, इसलिए पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए टीम में जगह पक्की करने का यह सही मौका होगा। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं इन मैचों के दौरान क्या भूमिका निभाता हूँ; मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने का लक्ष्य रखूंगा। राहील ने एफआईएच प्रो लीग 2022/23 में न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ खेलते हुए पदार्पण किया। वह उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थे, जिसने 2022 और 2024 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था।

उन्होंने कहा, मैं बेल्जियम, जर्मनी और अन्य टीमों का सामना करने के लिए उत्साहित हूं क्योंकि यह मेरे लिए एक नई चुनौती है। हालांकि मैंने उन्हें खेलते हुए देखा है, उनके खिलाफ मैदान पर उतरना एक पूरी तरह से अलग अनुभव है। इन नए विरोधियों के खिलाफ मैं अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं। वर्तमान में, कई यूरोपीय टीमें समान रणनीतियों को अपनाती हैं, और मेरा मानना है कि मेरी चकमा देने की क्षमता अमूल्य साबित होगी, खासकर जब वे एरियल रुट को बंद करने का प्रयास करते हैं।पेरिस 2024 ओलंपिक नजदीक आने के साथ, भारतीय पुरुष हॉकी टीम अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ आगामी मैचों में फिनिशिंग टच देना चाहेगी। ये खेल खिलाड़ियों के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए टीम में जगह पक्की करने की होड़ में अपनी छाप छोड़ने के आखिरी अवसरों में से एक होंगे।

## ला लीगा : बार्सिलोना ने रियल सोसिदाद को हराकर दूसरे स्थान पर वापसी की

एजेंसी

**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना ने सोमवार रात रियल सोसिदाद को घर पर 2-0 से हराकर ला लीगा तालिका में दूसरे स्थान पर वापसी की। वहीं, अगले सीज़न के यूरोपा लीग के लिए क्वालीफाई करने के अपने प्रयासों में लगा रियल सोसिदाद, रियल बेटिस के बाद सातवें स्थान पर खिसक गया। मैच का पहला गोल 40वें मिनट में आया, जब लेमिन यामल ने बेहतरीन गोल कर बार्सिलोना को बढ़त दिला दी।



दूसरा गोल अंतिम क्षणों में हुआ जब रेफरी ने अल्वारो ओड्रिओज़ोला को हैंडबॉल के लिए दंडित किया और राफिन्हा ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए गेंद को गोलपोस्ट में डालकर बार्सिलोना की जीत पक्की कर दी।

बार्सिलोना का अगला मैच 17 मई को अल्मेरिया से है, जबकि रियल सोसिदाद को वालेंसिया का सामना करना पड़ेगा, जो तय कर सकता है कि अगले साल यूरोप में कौन खेलेगा।

## नॉर्वे शतरंज 2024 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार कोनेरू, प्रज्ञानानंद और वैशाली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर्स कोनेरू हम्पी, वैशाली रमेशबाबू और प्रज्ञानानंद रमेशबाबू 27 मई से 7 जून तक स्टवान्गर (नॉर्वे) में होने वाले प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के 12वें संस्करण में हिस्सा लेंगे।

इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे), विश्व नंबर 3 हिकारू नाकामुरा (यूएसए), वर्तमान विश्व चैंपियन डिंग लिरेन (चीन), महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन (चीन) और लेई टिंगजी (चीन) भी हिस्सा लेंगे

शतरंज के विंबलडन के नाम से मशहूर नॉर्वे शतरंज हर साल विश्व रेटिंग सूची के शीर्ष ग्रैंडमास्टर्स को निमंत्रण देता है। हालाँकि, वैश्विक स्तर पर शीर्ष 100 खिलाड़ियों में कोई भी महिला सूचीबद्ध नहीं है। सीमित निमंत्रण और असमान पुरस्कार राशि के कारण शीर्ष स्तर की निजी प्रतियोगिताओं में महिलाओं की कमी हो गई है।

इसलिए, इस मुद्दे को संबोधित करने और लैंगिक समानता के लिए एक नया मानदंड स्थापित करने के लिए, नॉर्वे शतरंज ने इस साल दुनिया का पहला समान महिला टूर्नामेंट शुरू किया है। नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट, एक ही हॉल में समवर्ती रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें नॉर्वे शतरंज के समान खिलाड़ियों की संख्या होगी, इसका प्रारूप और पुरस्कार राशि समान होगी। नॉर्वे शतरंज का उद्देश्य महिला शतरंज खिलाड़ियों को अधिक अवसर और एक तुलनीय पुरस्कार निधि प्रदान करना, भागीदारी को बढ़ावा देना और इच्छुक महिला शतरंज खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना है।

इस ऐतिहासिक संस्करण में, प्रज्ञानानंद और वैशाली की भाई-बहन की जोड़ी क्रमशः नॉर्वे शतरंज और नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में अपनी शुरुआत करेगी।

जहां प्रज्ञानानंद फिडे शतरंज विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय हैं, वहीं वैशाली ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाली भारत की तीसरी महिला हैं। विशेष रूप से, प्रज्ञानानंद 2022 नॉर्वे शतरंज इंटरनेशनल ओपन टूर्नामेंट के विजेता थे। वह पूरे नौ राउंड में अजेय रहे और 7.5 अंक अर्जित कर खिताब जीता।

## केकेआर के खिलाफ मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ने से बाहर हुआ गुजरात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पिछले साल की उपविजेता गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गई है। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ने के बाद गुजरात बाहर हो गया।

दूसरी ओर,केकेआर ने अब शीर्ष-दो में जगह पक्की कर ली है, जिससे उन्हें प्लेऑफ के माध्यम से फाइनल तक पहुंचने का अतिरिक्त मौका मिलने का फायदा मिल सकता है। केकेआर आखिरी बार 10 साल पहले 2014 में शीर्ष दो में रही थी, जब उन्होंने खिताब भी जीता था। इस परिणाम ने यह भी सुनिश्चित कर दिया कि दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच मुकाबला अब नॉकआउट गेम होगा, जिसमें हारने वाला निश्चित रूप से बाहर हो जाएगा। गुजरात और केकेआर दोनों अभी भी अंकतालिका को प्रभावित कर सकते हैं। दोनों टीमों का एक-एक मैच शेष है। गुजरात 16 मई को प्लेऑफ के दावेदारों में से एक सनराइजर्स हैदराबाद से मुकाबला करने के लिए हैदराबाद जाएगा, जबकि केकेआर की टीम 19 मई को राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला करने के लिए गुवाहाटी जाएगी, जो सीजन का अंतिम लीग मैच भी होगा।



## बीसीसीआई ने भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने साढ़े तीन साल की अवधि के लिए भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए क्योंकि मौजूदा राहुल द्रविड़ का कार्यकाल अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के साथ समाप्त हो जाएगा। बोर्ड ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 मई, 2024 है। विज्ञप्ति में आगे कहा गया है, चयन प्रक्रिया में आवेदनों की गहन समीक्षा, उसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन शामिल होगा।÷ चयनित नए कोच अमेरिका में टी20 विश्व कप के तुरंत बाद 1 जुलाई से टीम की कमान संभालेंगे और कार्यकाल 31 दिसंबर, 2027 को समाप्त होगा।बीसीसीआई ने निर्धारित किया कि 60 वर्ष से कम उम्र के उम्मीदवार को कम से कम 30 टेस्ट या 50 एकदिवसीय मैच खेलने चाहिए और आवेदक को कम से कम दो साल तक पूर्ण सदस्य टेस्ट राष्ट्र के रूप में समान भूमिका निभानी चाहिए। हाल ही में, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि अगर द्रविड़ टी20 विश्व कप के बाद भी पद पर बने रहना चाहते हैं तो उन्हें दोबारा आवेदन करना होगा।शाह ने हाल ही में चुनिंदा मीडिया को सूचित किया था, 'राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अगर उन्हें पद पर बने रहना है तो उन्हें दोबारा आवेदन करना होगा। हम तीन साल के लिए दीर्घकालिक कोच की तलाश कर रहे हैं।'

## अगले साल पाकिस्तान का दौरा करेगा आयरलैंड, क्रिकेट बोर्ड ने की पुष्टि

एजेंसी

**डबलिन।** क्रिकेट आयरलैंड ने आधिकारिक तौर पर अगले साल अगस्त और सितंबर में पाकिस्तान के पहले पुरुष दौरे की पुष्टि की है। इस दौरे पर आयरलैंड और पाकिस्तान तीन टी20ई और तीन एकदिवसीय मैच खेलेंगे, जो निर्धारित फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफटीपी) का एक हिस्सा है। क्रिकेट आयरलैंड की विज्ञप्ति में तारीखों और स्थानों, या दौरे के कार्यक्रम के संबंध में किसी अन्य विवरण का कोई विस्तृत उल्लेख नहीं किया गया है।

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी द्वारा क्रिकेट आयरलैंड के अध्यक्ष ब्रेन मैकनीस से मुलाकात के बाद इस निर्णय को अंतिम रूप दिया गया। पीसीबी ने शुरू में एक बयान जारी कर पुष्टि की थी कि आयरलैंड भी पाकिस्तान में एक टेस्ट सीरीज़ खेलेगा, जो एफटीपी का हिस्सा नहीं था।पीसीबी के बयान में कहा गया था, क्रिकेट आयरलैंड के चेयरमैन ने कहा कि आयरिश टीम अगले साल अगस्त-सितंबर में टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी और जल्द ही महिला टीम के पाकिस्तान दौरे की संभावना की भी समीक्षा करेगी।पीसीबी की विज्ञप्ति के कुछ घंटों बाद, क्रिकेट आयरलैंड ने मैकनीस के साथ नकवी की मुलाकात के संबंध में अपनी वेबसाइट पर एक आधिकारिक बयान जारी किया। जिसमें कहा गया कि व्यापक चर्चा के बाद दोनों बोर्ड अगले वर्ष पुरुष दौरे के लिए सहमत हुए हैं। पाकिस्तान की पुरुष टीम इस समय तीन मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेने के लिए आयरलैंड में है। दोनों टीमों के बीच श्रृंखला 1-1 से बराबर है, निर्णायक मैच आज शाम खेला जाएगा।



## बीसीसीआई ने पुरुष टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार देर रात पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया है, जिसका कार्यकाल इस साल 1 जुलाई से शुरू होगा और 31 दिसंबर, 2027 को समाप्त होगा। 2027 में ही एकदिवसीय विश्व कप का आयोजन होना है।

पिछले साल नवंबर में फाइनल में पहुंचने के बाद भारत घरेलू मैदान पर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप नहीं जीत सका था। वर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को इस वर्ष जून तक विस्तार दिया गया था। बता दें कि वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 से 29 जून तक आईसीसी टी20 विश्व कप का आयोजन होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई शाम 6 बजे तक होगी।

बीसीसीआई के एक बयान में कहा गया, बीसीसीआई ने सोमवार को सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस पद के लिए आवेदन 27 मई, 2024 को शाम 6 बजे तक जमा किए जाने चाहिए।

चयन प्रक्रिया में आवेदनों की गहन समीक्षा, उसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन शामिल होगा।

बीसीसीआई ने संभावित मुख्य कोच के लिए जो योग्यताएं निर्धारित की हैं,वो इस प्रकार हैं-

1- कम से कम 30 टेस्ट मैच या 50 एकदिवसीय मैच खेले हों या कम से कम 2 साल की अवधि के लिए पूर्ण सदस्य टेस्ट खेलने वाले देश का मुख्य कोच हों;



2- किसी एसोसिएट सदस्य/इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम या समकक्ष अंतरराष्ट्रीय लीग/प्रथम श्रेणी टीम/ या न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि के लिए राष्ट्रीय ए टीमों का मुख्य कोच होना चाहिए।

3- उसके पास बीसीसीआई लेवल 3 प्रमाणन या समकक्ष होना चाहिए; और आयु 60 वर्ष से कम होनी चाहिए।

## गुजरात ने वास्तव में खेलों को जन-जन तक पहुंचाया हैः एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के संयुक्त सचिव और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे का मानना है कि गुजरात, अपने राज्यव्यापी बुनियादी ढांचे और खेल-समर्थक नीति के साथ, तेजी से युवा एथलीटों के लिए खेलों में आगे बढ़ने, समृद्ध होने और पेशेवर बनने के लिए एक केंद्र के रूप में उभरा है।अपने हालिया अहमदाबाद दौरे पर, कल्याण चौबे ने कहा कि 2010 में खेल महाकुंभ जैसा एक छोटा कदम - तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के दिमाग की उपज था, न केवल लाखों युवाओं को खेलों में अवसर दिया, बल्कि इसी पहल ने खेलो इंडिया के विचार को जन्म दिया।आईओए के संयुक्त सचिव हाल ही में गुजरात ओलंपिक एसोसिएशन के अधिकारियों से मिलने के लिए अहमदाबाद में थे और उन्होंने राज्य की प्रीमियम फुटबॉल प्रतियोगिता - गुजरात सुपर लीग के उद्घाटन में भी भाग लिया था।कल्याण चौबे ने एआईएफएफ मीडिया के हवाले से कहा, गुजरात का खेल महाकुंभ मॉडल खेलों में महान कृति है, जो राज्य में एक महत्वपूर्ण जमीनी स्तर की पहल है। पंचायत से लेकर तालुका, फिर जिला और फिर राज्य स्तर पर बहु-विषयक प्रतियोगिता ने युवाओं को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए सशक्त बनाया है, और संख्या बहुत अधिक है। साल दर साल करीब 50 लाख युवाओं की भागीदारी, 1.60 लाख से अधिक विजेताओं और 40 करोड़ की पुरस्कार राशि के साथ, गुजरात ने वास्तव में खेलों को जन-जन तक पहुंचाया है।

## ब्रिस्बेन हीट और क्वींसलैंड के मुख्य कोच नियुक्त हुए जोहान बोथा

एजेंसी

**ब्रिस्बेन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व सीमित ओवरों के कप्तान जोहान बोथा को अगले तीन वर्षों के लिए ब्रिस्बेन हीट और क्वींसलैंड का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। ब्रिस्बेन हीट ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। 42 वर्षीय बोथा वेड सेकोम्बे की जगह लेंगे। क्वींसलैंड डब्ल्यूएनसीएल और ब्रिस्बेन हीट महिला कोच एशले नोफ्के और इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एडम हॉलियोके भी इस पद के लिए दौड़ में थे। कोचिंग भर्ती प्रक्रिया क्वींसलैंड के विशिष्ट क्रिकेट प्रमुख जो डावेस, सीईओ टेरी स्वेनसन और क्वींसलैंड बोर्ड के निदेशक और पूर्व टेस्ट विकेटकीपर इयान हीली द्वारा संचालित की गई थी।

दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए पूर्णकालिक खेलने के लिए 2012 में एडिलेड जाने के बाद बोथा एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं, जिन्होंने पांच टेस्ट, 78 एकदिवसीय और 40 टी 20 आई खेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को प्रभावी ढंग से समाप्त कर दिया, जिसमें 21 सफेद गेंद मैचों में अपने देश की कप्तानी भी शामिल थी। उन्होंने दो साल तक शेफ़ील्ड शील्ड और मार्श कप में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की। बोथा के पास बीबीएल में खेलने का व्यापक अनुभव है और उन्होंने एडिलेड स्ट्राइकर्स, सिडनी सिक्सर्स और होबार्ट हरिकेंस के साथ 71 मैच खेले हैं।




उन्होंने हाल के वर्षों में दुनिया भर में व्यापक कोचिंग अनुभव अर्जित किया है। वह तीन पीएसएल टीमों, मुल्तान सुल्तांस, कराची किंग्स और इस्लामाबाद यूनाइटेड के मुख्य कोच रहे हैं। उन्होंने सीपीएल में गुयाना अमेज़ॅन वॉरियर्स को भी कोचिंग दी। वह पिछले सीज़न में आईएलटी20 में शारजाह वॉरियर्स के मुख्य कोच थे, हालांकि वे अंतिम स्थान पर रहे थे, और एमएलसी में सिएटल ओर्कास के सहायक कोच थे। वह हाल ही में 2022-23 तक बीबीएल में स्ट्राइकर्स के सहायक कोच भी थे।

क्वींसलैंड क्रिकेट के एलीट क्रिकेट प्रमुख जो डावेस ने कहा कि बोथा 3 जून को प्री-सीज़न प्रशिक्षण के साथ हीट एंड बुल्स के साथ अपने कार्यकाल की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा, जोहान बेहद प्रेरित और दृढ़निश्चयी व्यक्ति हैं और उन्होंने अपने खेल और कोचिंग करियर के दौरान लगातार उन गुणों को प्रदर्शित किया है। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल में सबसे आगे हैं और हमारे संगठन और विशेष रूप से बुल्स और चैंपियनशिप ब्रिस्बेन हीट स्क्वॉड में एक नया और गतिशील दृष्टिकोण लाएंगे। बोथा ने क्वींसलैंड क्रिकेट में शामिल होने पर खुशी व्यक्त की।

उन्होंने कहा, क्वींसलैंड क्रिकेट में आगे देखने के लिए बहुत कुछ है और मैं एक रोमांचक और संतुष्टिदायक चुनौती में भाग लेने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। खेल प्रतिभा और अनुभव के साथ यह एक अविश्वसनीय अवसर है जिसका उपयोग दोनों टीमें कर सकेंगी। बुल्स का सफलता से गहरा संबंध है, और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि खेल समूह पहले से ही इस गर्मी में गहन प्रतिस्पर्धी होने की आकांक्षा रखता है।

बोथा ने कहा, बीबीएल खिताब की राह पर हीट कुशल और पेशेवर थे और आने वाले सीज़न में नई चुनौतियों का सामना करने के लिए उनके पास एक उल्लेखनीय आधार है।

## नीदरलैंड ने टी20 विश्व कप के लिए टीम घोषित की, युवा खिलाड़ियों को मौका

एजेंसी

**एम्स्टर्डम।** नीदरलैंड ने सोमवार को वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। अनुभवी खिलाड़ी, ऑलराउंडर रूलोफ वान डेर मेरवे और प्रमुख बल्लेबाज कॉलिन एकरमैन को टीम में शामिल नहीं किया गया है, जबकि युवा बाएं हाथ के स्पिनर टिम प्रिंगल, तेज गेंदबाज काइल क्लेन और सलामी बल्लेबाज माइकल लेविट को टीम में जगह मिली है।

लेविट ने फरवरी में नेपाल में खेली गई टी-20 त्रिकोणीय सीरीज में नामीबिया के खिलाफ तूफानी शतक जड़कर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, जिसमें उन्होंने महज 62 गेंदों में 135 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 10 छक्के शामिल थे। विकेटकीपर-बल्लेबाज स्कॉट एडवर्ड्स एक बार फिर कप्तान के रूप में अपनी नियमित भूमिका में नीदरलैंड का नेतृत्व करेंगे, स्टार ऑलराउंडर बास डी लीडे, डच टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में से हैं। नीदरलैंड की टीम टी20 विश्व कप में लीग चरण के दौरान अपने ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल का सामना करेगी।नीदरलैंड का पहला मैच 4 जून को डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में नेपाल के खिलाफ होगा।



आईसीसी के हवाले से मुख्य कोच रेयान कुक ने कहा, हमने एक अच्छी तरह से संतुलित टीम का चयन किया है और हमें विश्वास है कि हम अमेरिका और वेस्टइंडीज में हमारे सामने आने वाले विरोधियों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे।

उन्होंने कहा, सभी खिलाड़ी अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रहे हैं और हाल ही में प्रोसीरीज़ टी 20 इवेंट में शामिल हुए हैं, जिसमें कुछ रोमांचक प्रदर्शन नीदरलैंड क्रिकेट में बढ़ती गहराई और गुणवत्ता को दर्शाते हैं। हमने पिछले दो विश्व कपों में सराहनीय प्रदर्शन करने में कामयाबी हासिल की है, जिनमें हमने भाग लिया है और हम टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंचने के लिए आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए दृढ़ संकल्पित होंगे।

बता दें कि सभी टीमों को 25 मई तक अपनी टीम में बदलाव करने की अनुमति है, जिसके बाद किसी भी बदलाव के लिए आईसीसी की इवेंट तकनीकी समिति से अनुमोदन की आवश्यकता होगी।

नीदरलैंड की टीम इस प्रकार है- स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान, विकेटकीपर), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, डेनियल डोरम, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, लोगान वैन बीक, मैक्स ओडोड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट, तेजा निदामानुरु, टिम प्रिंगल, विक्रम सिंह, विव किंग्मा, वेस्ले बर्रेसी।

## डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन पिता के जुनून के कारण एथलेटिक्स चुना

**भुवनेश्वर।** पढ़ाई में रुचि रखने वाला बच्चा अधिकांश भारतीय घरों में एक सपना साकार होता है और यही कारण है कि ओलंपिक के लिए जाने वाली धावक ज्योतिका श्री दांडी एक डॉक्टर बनने की ख्वाहिश रखती थीं, इससे पहले कि उन्हें एहसास हुआ कि उनके पिता उन्हें खेलों में उत्कृष्टता देखकर खुश होंगे।आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले के तनुकु शहर की 23 वर्षीय छात्रा ने अपने गृह नगर के मोंटेसरी स्कूल में पढ़ाई के दौरान दसवीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए।लेकिन, उनके पिता श्रीनिवास राव, जो युवावस्था में एक बॉडी-बिल्डर थे, ने उन्हें खेलों में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया क्योंकि वह उन्हें किसी दिन ओलंपिक में देखना चाहते थे। वह सपना तीन महीने से भी कम समय में हकीकत बनने जा रहा है।

## आईपीएल बटलर, जैक्स टॉपले पाकिस्तान के खिलाफ टी20ई श्रृंखला के लिए इंग्लैंड वापस चले गए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जोस बटलर, विल जैक्स और रीस टॉपले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 को बीच में ही छोड़कर पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी के लिए इंग्लैंड वापस चले गए हैं। इंग्लैंड 22 मई से लीड्स में शुरू होने वाली चार मैचों की टी20 सीरीज में पाकिस्तान की मेजबानी करेगा।पंजाब किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन अपने घुटने की समस्या के लिए को इंग्लैंड वापस चले गए, इंग्लैंड टी20 विश्व कप के कप्तान जोस बटलर और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाड़ी रीस टॉपले और विल जैक भी इंग्लैंड वापस चले गए। विश्व कप की तैयारी. बटलर की राजस्थान रॉयल्स आईपीएल अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने आखिरी दो लीग मैच क्रमशः 15 और 19 मई को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेलेगी। बटलर ने 11 मैचों में 39.88 के औसत और 2 शतकों के साथ 140.78 के स्ट्राइक रेट से 359 रन बनाए हैं। रॉयल्स ने एक्स पर एक पोस्ट डाला जिसमें बटलर को टीम छोड़ते हुए देखा गया, आरआर ने लिखा, हम आपको याद करेंगे, जोस भाई! बेंगलुरु को भी 18 मई को होने वाले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वर्चुअल क्वार्टर फाइनल में विल जैक्स और रीस टॉपले की सेवाएं नहीं मिलेंगी।

केकेआर को प्ले-ऑफ के लिए फिल साल्ट की सेवाएं भी नहीं मिल पाएंगी जिनके भी आने वाले दिनों में जाने की उम्मीद है। साल्ट ने सिर्फ 12 मैचों में 182 की स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 15 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# नरेला: धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

● वक्ताओं ने भगवान परशुराम की महिमा का किया गुणगान ● आरके इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति








**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में सफियाबाद रोड स्थित आर के इंटरनेशनल स्कूल में श्री ब्राह्मण सभा नरेला क्षेत्र द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें हजारों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से पहुंचे हजारों गणमान्य लोगों का स्वागत चंदन तिलक लगाकर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अशोक कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं, सम्मानित अतिथि के रूप में वार्ड 2 से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज मौजूद रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनीता शर्मा मैनेजिंग डायरेक्टर आरके इंटरनेशनल स्कूल की मौजूदगी रही।

**मुख्य अतिथियों ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ:** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों का प्रतीक चिन्ह और पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर भगवान परशुराम को नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूरा कार्यक्रम परिसर भगवान परशुराम के जयकारों से गूंज रहा था।

**छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने बांधा समां:** कार्यक्रम में आर के इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा भगवान परशुराम जी के जीवन पर आधारित संस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। इस दौरान छात्रों द्वारा भगवान परशुराम की के जीवन पर आधारित मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत की गई जिसे देख कार्यक्रम स्थल में मौजूद सभी अतिथिगण झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम में मंच संचालन दीपक कौशिक और नरेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

**पंडित सत्यनारायण वत्स ने किया 'फरसा नृत्य':** कार्यक्रम की विशेषता ये रही कि 94 वर्षीय पंडित सत्यनारायण वत्स ने 'फरसा नृत्य' कर अपने अद्भुत कला का विहंगम प्रस्तुति पेश की और साबित कर दिया उम्र महज एक नंबर है। पंडित सत्यनारायण वत्स ने कहा कि मैं अपने आप को 70 साल का महसूस करता हूं अभी मुझे समाज के लिए बहुत कुछ करना है।

**वक्ताओं ने भगवान परशुराम जी की महिमा का किया गुणगान:** कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भगवान परशुराम जी की महिमा का किया गुणगान और युवाओं से भगवान परशुराम के पद चिन्हों पर चलते हुए समाज कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया।

ब्राह्मण सभा नरेला क्षेत्र के अध्यक्ष राजेश भारद्वाज ने बताया कि अक्षय तृतीया जैसी पवित्र तिथि के दिन अवतरित हुए भगवान परशुराम जी इस तिथि की महानता के अनुरूप अजर- अमर हैं। ज्ञान ही वह संपत्ति है, जिसे कोई न तो छीन सकता है, न ही चुरा सकता है। किसी भी विपत्ति में ज्ञान ही हमारा मार्गदर्शक साबित होता है। गुणों से भरपूर भगवान हमें शिक्षा देते हैं कि सब कुछ चले जाने के बाद हमारे पास ज्ञान शेष रह जाता है।

वहीं, स्टैंडिंग कमेटी के पूव चेयरमैन मोहन भारद्वाज ने कहा कि भगवान परशुराम किसी वर्ग विशेष के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के है, जिन्होंने मानव धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों का प्रयोग किया। हमें उनके दिखाये मार्गो का अनुपालन करना चाहिए।

वहीं, मांगेराम शर्मा, हमीरपुर वाले ने सभी को परशुराम जन्मोत्सव की बधाई दी। मांगेराम शर्मा ने कहा कि इस बार परशुराम जयंती केवल ब्राह्मण समाज ही नहीं बल्कि अन्य बिरादरियों के लोगों को भी साथ लेकर मनाई जा रही है। भगवान परशुराम जयंती एक बड़ा धार्मिक महत्व रखती है, क्योंकि यह दिन भगवान श्री परशुराम के जन्म का प्रतीक है। भगवान परशुराम जी का जन्म तृतीया तिथि को प्रदोष काल में हुआ था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उनका जन्म अधर्मी, पापी और क्रूर राजाओं का नाश करने के लिए हुआ था। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने संस्कार, संस्कृति बचाने के लिए भगवान परशुराम के आदर्शों को अंगीकार करना होगा, जिससे कि देश की संस्कृति व शिष्टाचार की शैली बरकरार रह सके। भव्य भंडारे का किया गया आयोजन: भव्य कार्यक्रम के उपरांत भक्तों के बीच विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

परशुराम रत्न के रूप में ये लोग रहे मौजूद: मांगेराम शर्मा हमीरपुर वाले, संरक्षक ब्रह्म फाउंडेशन ऑल इंडिया, आचार्य विद्या रत्न अध्यक्ष वैवाहिक बोर्ड दिल्ली एनसीआर, रामनारायण भारद्वाज पूर्व चेयरमैन नरेला जोन, मोहन भारद्वाज पूर्व चेयरमैन स्टैंडिंग कमेटी, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, सुखबीर कौशिक सरपंच सफियाबाद, सुरेंद्र गोड़ विंग कमांडर, नरेंद्र शर्मा चेयरमैन आरके इंटरनेशनल स्कूल, कौशिक सुपोत्र सूर्य कवि दादा लख्मीचंद, ओमप्रकाश वत्स प्रधान 360 पालम, डॉ अश्वनी शर्मा प्रधान पंजाबी ब्राह्मण सभा, महावीर शर्मा प्रधान 12 बख्तावरपुर, पं मांगेराम शर्मा संरक्षक ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा, हेमचंद्र अत्री प्रधान ब्राह्मण कल्याण समिति स्वतंत्र नगर, महेंद्र शर्मा प्रधान ब्राह्मण सभा खेड़ा, राधे श्याम शर्मा प्रधान ब्राह्मण सभा कटेवडा, राजकुमार शर्मा जनरल सेक्रेटरी जो दिल्ली एमसीडी कांट्रेक्टर एसोसिएशन, विनोद भारद्वाज पूर्व प्रत्याशी नगर निगम वार्ड 2, पंडित उमेद सिंह कौशिक पूर्व प्रधान सफियाबाद, पंडित रामानंद कौशिक पूर्व प्रधान सफियाबाद, पंडित चांदराम पूर्व प्रधान सफियाबाद।

**ये लोग रहे मौजूद:** कार्यक्रम में रमेश पाराशर, बनवारी लाल कौशिक, मोहित गुप्ता, आनंद खत्री, राजेश गुप्ता, प्रमोद नरवाल, जय भगवान शर्मा नरेला मंडी, हरपाल त्यागी नरेला मंडी सहित हजारों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।


















**राजेश भारद्वाज, अध्यक्ष ब्राह्मण सभा नरेला क्षेत्र:** भगवान परशुराम का अवतार पृथ्वी पर अन्याय के प्रति न्याय का प्रतिपादन, दुष्टों का नाश तथा धर्म राज्य की स्थापना करने के लिए हुआ था। भगवान परशुराम के पिता का नाम जमदग्नि और माता का नाम रेणुका था।


**दिनेश भारद्वाज, निगम पार्षद बांकनेर:** पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्री नारायण ने अपने छठे अवतार में परशुराम के रूप में अवतार लिया था। इस दौरान उन्होंने अन्याय अत्याचार के खिलाफ अस्त्र-शस्त्र उठाकर 21 बार धरती से आतातायी क्षत्रियों का संहार किया था।


**मोहन भारद्वाज, पूर्व स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन:** भगवान परशुराम जी ने संपूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। हर ब्राह्मण को इस बात का फख है कि वह भगवान परशुराम जी का वंशज है।


**रामनारायण भारद्वाज, पूर्व चेयरमैन नरेला जोन:** भगवान विष्णु के छठे स्वरूप परशुराम ने धरती पर राजाओं द्वारा किए जा रहे अधर्म, पाप और जुल्म का विनाश करने के लिए जन्म लिया था। सात चिरंजीवी पुरुषों में से परशुराम एक हैं और वह अभी भी इस धरती पर जीवित हैं।

**सुनीता शर्मा, आर के मैमोरियल स्कूल, मैनेजिंग डायरेक्टर:** प्रत्येक व्यक्ति को समाज के लिए काम करना चाहिए। भगवान परशुराम जी के पद चिह्नों में चलते हुए मांस-मदिरा व नशे से कोसों दूर रहें। समाज के लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति गरीबों की मदद करे।


**डॉ. अश्विन शर्मा, नरेला:** न्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की प्रतिमूर्ति महर्षि परशुराम की जयंती मनाई गई। भगवान परशुराम ने संपूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। सभी को परशुराम जयंती की बधाई।


**मांगे राम शर्मा, हमीरपुर वाले:** भगवान परशुराम किसी वर्ग विशेष के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के है, जिन्होंने मानव धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों का प्रयोग किया। हमें उनके दिखाये मार्गो का अनुपालन करना चाहिए।


**ओमप्रकाश वत्स, पालम 360 के प्रधान:** परशुराम भगवान विष्णु जी के छठे अवतार थे। महर्षि वेदव्यास, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कडेय सहित उन आठ अमर किरदारों में उनकी गिनती होती है, जिन्हें कलियुग तक अमर माना जाता है।
